सूर्योदय 6:23 सूर्यास्त 6:33

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.6 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 25.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72101.69 |
| निफ्टी | 21839 .10 |
| सोना 66,490 | चांदी 77,400 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



follow us on:

धर्मशाला | वीरवार, 21 मार्च, 2024 | 8 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 93, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- निशानदेही से पहले ही शातिर उड़ा ले गए खैर के पेड़, विभाग बना मूकदर्शक
- हिमाचल खुंब विकास योजना से जुड़े 500 किसान

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- हिमाचली भाषाओं पर सर्टिफिकेट कोर्स करवाएगा सीयू
- कारगिल युद्ध के 'हीरो' नायक दीप चंद पहुंचे कांगड़ा

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- मल्होत्रा परिवार को था 'गीठा' प्रज्वलित करने का अधिकार
- इंतजार खत्म: आईटीआई संधोल को 13 साल बाद मिला भवन

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- 'पुष्पा-2' के सेट पर रश्मिका मंदाना का वीडियो वायरल
- ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी दूसरे दौर में

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



# नई व्यवस्था के तहत नियुक्त किए चुनाव आयुक्त : केंद्र सरकार

## सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा, नियुक्ति रद्द करने की मांग का विरोध

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दिया है। सरकार ने हलफनामे में स्पष्ट किया कि उसने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति नई व्यवस्था के तहत की है।

चुनाव आयुक्तों के चयन में मुख्य न्यायाधीश को शामिल न करने के चलते नियुक्ति रद्द करने की मांग का केंद्र सरकार ने विरोध किया है। केंद्र सरकार ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में जल्दबाजी में नियुक्त नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त का अकेले करवाना संभव नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी विपक्षी सदस्य के रूप में तीन सदस्यीय पैनल में शामिल थे। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।



- कुछ लोग कर रहे राजनीतिक विवाद पैदा करने की कोशिश

### चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब में केंद्र ने कहा कि यह दलील गलत है कि आयोग तभी स्वतंत्र होगा, जब चयन समिति में जज हों। चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं है। इस याचिका का मकसद सिर्फ राजनीतिक विवाद को खड़ा करना है।

### हलफनामे में क्या कहा?

**हलफनामे** में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023 चुनाव आयोग की उच्च संवैधानिक संस्था की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का पालन करते हुए आयोग के कामकाज के लिए और भी अधिक लोकतांत्रिक और सहभागी वैधानिक तंत्र का निर्माण करता है।

### रोहिंग्याओं को भारत में बसने का हक नहीं

- केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामा में कहा कि अवैध रोहिंग्याओं को भारत में बसने का अधिकार नहीं है। एक विदेशी नागरिक को भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत यहां जीवन जीने और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है, लेकिन उसे देश में निवास करने और बसने का अधिकार नहीं है। रोहिंग्याओं को तिब्बती और श्रीलंकाई शरणार्थियों के समान नहीं मान सकते हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों की भी एक सीमा है और वो उस हद को पार करके संसद की शक्तियों को कमतर नहीं कर सकता है। याचिकाकर्ता प्रियाली सुर ने हिरासत में लिए गए रोहिंग्याओं की रिहाई की मांग की गई है। याचिका में सुर ने तिब्बत और श्रीलंका के शरणार्थियों का हवाला देकर मांग की कि रोहिंग्याओं के साथ भी सरकार वैसा ही व्यवहार करे। कुछ रोहिंग्या मुसलमान यूएनएचआरसी के जरिए शरणार्थी के दर्जे का दावा कर रहे हैं, लेकिन भारत यूएनएचआरसी के शरणार्थी कार्ड को मान्यता नहीं देता है, ।

# प्रतिभा सिंह का मंडी से चुनाव लड़ने से इनकार

## कहा-एमपी फंड बांटने से नहीं लड़ा जाता चुनाव

- कार्यकर्ता निराश, कई बार कहा उन्हें महत्व दें
- उपचुनाव में जीत दिलाना हमारा कर्तव्य, करेंगे प्रचार
- कार्यकर्ताओं की नाराजगी को करना होगा दूर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। बुधवार सुबह दिल्ली से शिमला पहुंची प्रतिभा सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। एमपी फंड बांटने से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता निराश हैं, आज कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहा, जो पार्टी के लिए काम करेगा।



कार्यकर्ता पार्टी के लिए अहम रोल निभाते हैं। कई बार सरकार को कहा कि इन्हें महत्व दिया जाए। मैं लगातार फील्ड में रही हूं। मुझे नहीं लगता कि हमें इन हालात में सफलता मिलेगी, जो भी प्रत्याशी तय होगा, उसकी मदद करेंगे। उपचुनाव में जीत दिलाना हमारा कर्तव्य है। उपचुनाव के लिए प्रचार करेंगे। सरकार बचाने के लिए उपचुनाव जरूरी हो गए हैं। कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करना होगा।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष भंडारी के नाम की चर्चा

**पार्टी** सूत्रों के अनुसार मंडी से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नेगी निगम भंडारी का नाम भी संभावित प्रत्याशी के तौर पर चर्चा में शामिल हो गया है। भंडारी लंबे समय से मंडी संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं। शिमला से दयाल प्यारी, अमित नंदा, कौशल मुंगटा और आशा कुमारी, करण पठानिया, संजय चौहान और मेजर जनरल सेवानिवृत्त डीवीएस राणा को प्रत्याशी के तौर पर देखा जा रहा है। हमीरपुर में कांग्रेस अभी पसोपेश में ही फंसी हुई है। हालांकि मंडी से कौल सिंह ठाकुर को भी प्रत्याशी बनाने की संभावना बरकरार है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी तय करने के लिए मंगलवार को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी ने नई दिल्ली में मंथन किया है। इसी सप्ताह प्रदेश के चारों टिकट तय हो सकते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट पर रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से जारी वारंट पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है। चाईबासा जिला स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी को गैरजमानती वारंट जारी किया था। इस पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।

### सांप और जहर तस्करी केस में दो और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सांप और उसके जहर की तस्करी के मामले में नोएडा पुलिस ने बुधवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये यू-ट्यूबर एल्विश यादव के दोस्त हैं। एल्विश को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। नोएडा पुलिस कई और लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। मामले में अभी तक सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार लोगों पर दिल्ली एनसीआर और हरियाणा में रेव पार्टियों में सांप और उसके जहर की तस्करी का आरोप है।

### संगरूर में जहरीली शराब पीने से चार की मौत, दो लोग भर्ती

**दिड़बा (संगरूर)।** पंजाब के गुज्जरां गांव में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग जिंदगी व मौत से लड़ रहे हैं। मजदूरी करने वाले छह लोगों ने मंगलवार को गांव में अवैध तौर पर शराब बेचने वाले किसी व्यक्ति से शराब खरीदी थी। ये सभी इसी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बलूचिस्तान में कोयला खदान में विस्फोट, 12 मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान में विस्फोट होने से 12 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हुए हैं। मुख्य निरीक्षक अब्दुल गनी बलूच के अनुसार खदान में जहरीली गैस जमा होने के कारण विस्फोट हुआ है। फंसे मजदूरों को बचाने के लिए आठ मजदूर खदान के अंदर घुसे थे।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

सर्कुलेशन विभाग

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## राजनीतिक गहमागहमी के बीच शिमला पहुंचीं प्रियंका



**शिमला।** राजनीतिक गहमागहमी के बीच अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को शिमला पहुंची। सूत्रों के अनुसार सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रियंका गांधी चंडीगढ़ से सड़क मार्ग से शिमला पहुंचे हैं। प्रियंका का यह निजी दौरा बताया जा रहा है और वह हिमाचल के कई कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों पर फीडबैक ले सकती हैं।

शिमला के नजदीक छराबड़ा में प्रियंका का अपना घर है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान भी वह काफी समय तक छराबड़ा में रुकी थीं। वहीं इस बार भी वह अपने घर में रुकेंगी, लेकिन इस दौरान राजनीतिक हालातों को देखते हुए हॉलीलॉज गुट के साथ अपना सामंजस्य बिठाने का प्रयास करेगी।

## सोलन में अवैध नशा मुक्ति केंद्र का संचालक काबू

### केंद्र में आरोपी मरीजों को बांटता था नशा, लुधियाणा में दर्ज है अपहरण का केस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

**बसाल** में अवैध नशा मुक्ति केंद्र चलाकर मरीजों को नशा बांटने वाले संचालक को पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ लुधियाना में भी अपहरण का केस दर्ज है।

आरोपी पिछले कई साल से फरार चल रहा था। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि 21 अगस्त 2018 को पुलिस थाना सदर में दर्ज एक केस में बसाल गांव में चल रहे दिशा फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया था। कार्यरत कर्मचारी सारंग वेद नशा मुक्ति केंद्र को चलाने संबंधी दस्तावेज व लाइसेंस पेश नहीं कर सका था। जब पुलिस टीम ने दिशा फाउंडेशन का रिकॉर्ड व दवाइयों को चेक किया तो वहां पर नशे की 1254 गोलियां बरामद हुईं। इन प्रतिबंधित दवाइयों को नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के लिए रखे लोगों को दिया जा रहा था। पुलिस जांच आगे बढ़ी तो दिशा फाउंडेशन का संचालक जसपाल फरार हो गया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार ठिकाने बदलता रहा। सदर पुलिस थाना सोलन की टीम ने आरोपी को लुधियाना के 38 जमालपुर अवाना निवासी जसपाल सिंह बेदी को करीब साढ़े पांच साल बाद चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है।



पुलिस के साथ चंडीगढ़ से दबोचा फरार आरोपी।

- 2018 में पुलिस ने केंद्र का निरीक्षण कर बरामद की थी प्रतिबंधित दवाइयां
- कई साल से था फरार, पुलिस से बचने के लिए बदलता रहा ठिकाने

## हिमाचल में बनी 23 दवाओं के सैंपल फेल

**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश में बनी 23 दवाओं के सैंपल एक बार फिर फेल हो गए हैं। सिरमौर जिले में बनी आठ दवाइयों के सैंपल फेल पाए गए हैं। कालाअंब तीन और बीबीएन सात, ऊना दो, संसारपुर टैरेस, सोलन व परवाणू में बनी एक-दवा दवा का सैंपल फेल हुआ है।

हिमाचल में जिन दवाइयों के सैंपल फेल हुए हैं, उनमें कैंसर, बीपी, हार्ट, संक्रमण, स्किन, कैल्शियम, बुखार, एंटीबायोटिक, बलगम के साथ विटामिन इत्यादि की दवाइयां शामिल हैं। सीडीएससीओ ने देशभर से करीब 1167 दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे थे, जिसमें से 1018 निर्धारित मानकों पर खरे उतरे हैं, जबकि 58 सैंपल फेल हुए हैं और दो नकली दवाइयां पाई गई हैं। ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। जिस बैच नंबर की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उन्हें बाजार से हटाया जाएगा।

## नलवाड़ी मेले में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

### इस बार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के पहलवानों सहित 600 खिलाड़ी ले रहे भाग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बिलासपुर** को खेलों का सिरमौर नाम से जाना जाता था, लेकिन बदलते समावेश और नशे के बढ़ते प्रचलन के चलते युवा पीढ़ी खेलों से काफी दूर जा रही है। एक समय ऐसा भी था, जब यहां कोच तो थे, लेकिन खिलाड़ियों का टोटा था।

इस बार राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में एक साथ राज्य स्तरीय हॉकी, कबड्डी, शतरंज, बैडमिंटन और जिला स्तरीय बॉक्सिंग, हैंडबाल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। नलवाड़ी मेला बिलासपुर में खेलों को नया स्वरूप देगा। मेले में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में इंटरनेशनल खिलाड़ी गौरव ठाकुर भाग ले रहे हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और अन्य राज्यों से पहलवानों सहित अन्य खेलों के लिए 600 से अधिक खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। जिला खेल अधिकारी रवि शंकर ने बताया कि नलवाड़ी मेले में इस बार खेलों को अधिक बढ़ावा दिया गया है। बिलासपुर सदर एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि नलवाड़ी मेले के माध्यम से खेलों को प्रमोट किया जा रहा है। यहां पर काफी संख्या में खिलाड़ी पहुंचे हुए हैं। बिलासपुर को एक बार फिर से खेलों का सिरमौर बनाने की नलवाड़ी मेले के माध्यम से पूरी कोशिश है।



### हाई कोर्ट ने जांच की रिपोर्ट और दस्तावेज सौंपने के दिए आदेश

## राज्य मानवाधिकार आयोग करेगा धर्मपाल की मौत की जांच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश हाई कोर्ट ने सब जेल मंडी में न्यायिक हिरासत के दौरान आरोपी धर्मपाल की मौत की जांच का जिम्मा राज्य मानवाधिकार आयोग को सौंपा है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने आयोग को जांच की रिपोर्ट और इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सौंपने के आदेश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि दो नवंबर 2018 की सुबह मंडी सब जेल में आरोपी धर्मपाल मृत अवस्था में पाया गया था, उसे 30 अक्तूबर 2018 को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। मृतक की पत्नी का आरोप था कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पुलिस की ओर से बेरहमी से पिटाई करने की बात कही थी और जान से मारने की आशंका जताई थी। इस मामले की सुनवाई अब 24 जून को होगी।



- कहा, 2018 में मंडी सब जेल में हुई थी मौत
- 24 जून को होगी सुनवाई

### पत्नी ने पुलिस पर लगाया था हत्या का आरोप

**हाई कोर्ट** के मुख्य न्यायाधीश के नाम लिखे पत्र के माध्यम से आरोप लगाया था कि हिरासत में पति से उसकी मुलाकात हुई, तो उसने पति की मानसिक हालत से पुलिस को अवगत करवाया था। पुलिस ने धमकी देते हुए कहा था कि यदि वह जेल परिसर में रही तो उसे उसके पति की लाश थमा दी जाएगी। इसके बाद अगले दिन सूचित किया कि उसके पति की तबीयत बिगड़ गई है, जब जेल पहुंची तो बताया गया कि उसके पति की मौत हो गई है। शिकायत में आरोप लगाया था कि पुलिस ने उसके पति की न्यायिक हिरासत में हत्या की है।

**चिंता** को-ऑपरेशन इन द एचकेएच रीजन रिपोर्ट में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंध नदियों को बड़ा खतरा

# देश की नदियों पर जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव

एजेंसी, नई दिल्ली

**मानवीय** गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में हो रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के लिए खतरा बन चुका है।

हाईवेटिंग रिवर बेसिन गवर्नेंस एंड को-ऑपरेशन इन द एचकेएच रीजन रिपोर्ट में दावा किया है कि जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित दक्षिण एशिया की प्रमुख नदी-घाटियों पर महसूस किया जाएगा। जलवायु परिवर्तन के कारण करीब एक अरब लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

शहरों से लेकर गांवों तक लोगों की जिंदगी पर असर होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे में नदी घाटी प्रबंधन के लिए लचीला दृष्टिकोण अपनाने की तुरंत जरूरत है।



### पानी की उपलब्धता होगी प्रभावित

**ग्लेशियल** पिघलने की दर बढ़ने की उम्मीद है, जिससे पूरे क्षेत्र में पानी की उपलब्धता प्रभावित होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में बेसिन में कोई बड़ा जल डायवर्जन नहीं है, लेकिन अपस्ट्रीम बांध निर्माण और जलवायु परिवर्तन अनुमानों से डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में शुष्क मौसम के प्रवाह में कमी आने की संभावना है, जिससे लाखों लोगों की जान प्रभावित होगी।

### पर्यावरणीय खतरों का सामना कर रही गंगा नदी

गंगा भारतीय उपमहाद्वीप में 60 करोड़ से अधिक लोगों के लिए पवित्र और आवश्यक मानी जाती है। अब यह भी बढ़ते पर्यावरणीय खतरों का सामना कर रही है। तेजी से औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और गहन कृषि प्रथाओं ने नदी के पारिस्थितिक स्वास्थ्य पर एक टोल लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीवेज और औद्योगिक कचरे ने पानी को गंभीर रूप से प्रदूषित कर दिया है, जिससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए जोखिम पैदा हो गया है। इसी तरह इंडस नदी भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के 26.8 करोड़ लोगों के जीने का सहारा है। वहीं, सिंधु बेसिन में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का पैमाना खाद्य सुरक्षा, आजीविका और जल सुरक्षा को कमजोर कर रहा है।

### प्रदूषित हो गया पानी

**गंगा** बेसिन बढ़ते पर्यावरणीय खतरों का सामना कर रहा है। तेजी से औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और गहन कृषि पद्धतियों ने नदी के पारिस्थितिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीवेज और औद्योगिक कचरे के अंधाधुंध निपटान से पानी गंभीर रूप से प्रदूषित हो गया है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए खतरा पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन गतिविधियों के साथ-साथ, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, खासकर बढ़ती बाढ़ और सूखे के रूप में चुनौतियां बढ़ रही हैं।

## केजरीवाल की याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बार-बार समन भेजे जाने पर बुधवार को ईडी को तलब किया। कोर्ट ने ईडी को अपना पक्ष रखने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की अध्यक्षता वाली बेंच ने वकीलों से पूछा कि केजरीवाल ईडी के सामने पेश क्यों नहीं होते? केजरीवाल के वकीलों ने कहा कि 'आप' नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी केजरीवाल को भी गिरफ्तार कर सकती है। वे भाग नहीं रहे हैं, लेकिन अगर उन्हें सुरक्षा मिली, तो वह पेश हो जाएंगे। केजरीवाल की तरफ से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी कोर्ट में पेश हुए। इस मामले पर 22 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

## पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर हमला सुरक्षाबलों ने आठ आतंकी किए ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कांप्लेक्स पर बुधवार को आतंकियों ने हमला किया। सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए आठ आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ। ग्वादर पोर्ट चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का हिस्सा है। क्षेत्र में दशकों से चल रहे अलगाववादी विद्रोह के बावजूद चीन ने भारी निवेश किया है।

यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान में चीन के किसी ठिकाने पर आतंकी हमला हुआ हो। इससे पहले अगस्त में हमलावरों ने ग्वादर में चीनी श्रमिकों के एक काफिले को निशाना बनाया था और इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली थी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस हाई कमान ने दिल्ली में किया मंथन

# प्रदेश कांग्रेस ने नहीं खोले उम्मीदवारों के नाम के पत्ते

**अरविंद शर्मा, शिमला**

लोकसभा चुनावों की घोषणा साथ ही हिमाचल में विधानसभा चुनाव के ऐलान को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हिमाचल में भी लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों के लिए उपचुनाव होने है।

ऐसे में जहां भाजपा ने दो संसदीय क्षेत्रों में प्रत्याशी उतारने में बाजी मारी है। वहीं, प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस ने उम्मीदवारों को लेकर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। ऐसे में लोकसभा की चारों सीटों पर कांग्रेस किन चेहरों पर दाव लगती है। इसको लेकर मंगलवार को दिल्ली में भगत चरण दास की अध्यक्षता में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई, जो स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष हैं। इसमें हिमाचल कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शामिल हुए, वहीं भाजपा ने शिमला और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अपना प्रचार अभियान शुरू भी कर दिया है और लोकसभा प्रत्याशी गांव-गांव जाकर अपने पक्ष में वोट मांगने की अपील कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## शिमला संसदीय सीट में इन नामों पर चर्चा

**शिमला** संसदीय सीट से पैनल में कसौली से विधायक विनोद सुल्तानपुरी का नाम अभी भी चल रहा है। इसके अलावा कांग्रेस एससी मोर्चा के अध्यक्ष अमित नंदा और सिरमौर के पच्छाद से दयाल प्यारी भी पैनल में शामिल हैं।

## हमीरपुर में ये हैं संभावित प्रत्याशी

**हमीरपुर** संसदीय सीट की बात की जाए तो ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को संभावित प्रत्याशी के तौर पर रखा गया है। हमीरपुर में पूर्व सैनिकों की संख्या काफी अधिक है, ऐसे में इस वोट बैंक को देखते हुए इस सीट पर पूर्व सैनिक प्रत्याशी का विकल्प देने को भी पार्टी ने कहा है। कांगड़ा सीट से पूर्व मंत्री आशा कुमारी, जिलाध्यक्ष करण सिंह मालटू और संजय सिंह का नाम भी पैनल में शामिल है। हिमाचल में आखिरी चरण में पहली जून को लोकसभा चुनाव के साथ छह विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होने हैं। दिल्ली में हुई बैठक में हिमाचल की चारों संसदीय सीटों पर भेजे गए पैनल पर चर्चा हुई, जिसमें आखिरी चरण में चुनाव होने की वजह से टिकट पर फैसला अभी नहीं हुआ है।

## कांगड़ा में इन नामों पर हुई चर्चा

**संसदीय** क्षेत्र कांगड़ा में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री आशा कुमारी और डॉक्टर राजेश शर्मा व पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनमोहन कटोच के नाम की चर्चा की गई। बैठक में इसके अलावा कांग्रेस में टिकटों के चाहवान के नामों के बारे में भी चर्चा की गई है, लेकिन अभी बड़े चेहरों तक ही यह मंथन सीमित रहने सूचना है। वहीं, प्रतिभा के मना करने के बाद मंडी सीट में वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर व किन्नौर से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नेगी निगम भंडारी के नाम की भी चर्चा जारी है।

## जल्द अरेस्ट होगा क्रिप्टो करंसी फ्रॉड का किंगपिन


**धर्मशाला।** क्रिप्टो करंसी में निवेश का झांसा देकर प्रदेश में करीब 2,500 करोड़ रुपए के ठगी मामले में दुबई में डेरा जमाए मास्टरमाइंड सुभाष की जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। इसको लेकर कागजी कारवाई अंतिम चरण में है। हालांकि आलाधिकारी इस बारे में जांच समाप्त होने तक कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर रहे हैं।

ठगी के इस बड़े मामले में अब तक कुल 21 लोगों के खिलाफ चार्जशीट तैयार करके 20 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, वहीं सूत्रों की मानें 100 लोगों के खिलाफ चार्जशीट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। इनमें से 40 से 50 लोगों के खिलाफ चार्जशीट लगभग तैयार हो चुकी है। उधर, इस बारे में जब जांच कर रही एसआईटी के प्रमुख डीआईजी नॉर्थ अभिषेक दुल्लर ने बताया कि जल्द ही मामले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। हालांकि उन्होंने मामले में जांच जारी होने के चलते चार्जशीट की संख्या तथा गिरफ्तारी पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# राजेंद्र राणा, अभिषेक और सुधीर को मिलीं धमकियां

## सुजानपुर थाने में मामला दर्ज, बोले- डरने वाले नहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हिमाचल में सरकार और बागियों में जारी सियासी संग्राम के बीच इसमें शामिल लोगों को धमकियां भी मिलने लगी हैं। राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को सुधर जाने का धमकी भरा पत्र मिला है। इसके अलावा राजेंद्र राणा के बेटे अभिषेक राणा को फोन पर धमकी मिली है।

दोनों राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को पत्र में कहा गया है कि यदि उन्होंने लोगों को भड़काने का काम बंद नहीं किया तो उनके परिवार भी लपेटे में आएंगे। वे अपने सहित अपने परिवारों को सुरक्षित महसूस नहीं रख पाएंगे।

राजेंद्र राणा के बेटे अभिषेक राणा को एक अज्ञात फोन से उन्हें और उनके परिवार को सुधार देने की धमकी मिली है। हालांकि उन्होंने इस मामले को लेकर सुजानपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवा दिया है। इस बाबत शाम को ही फोन पर पुलिस को सूचना दे दी गई थी और लिखित रूप में भी एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा गया है। राणा हिमाचल कांग्रेस में आईटी सेल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने करीब दो महीने पहले इस पद से निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया था। (अनंत ज्ञान)

## मंगलवार शाम को मिला धमकी का पत्र

**जिस** पत्र की मार्फत राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा को उन्हें और उनके परिवार को धमकी मिली है, वह पत्र मंगलवार को उनके पटलांदर स्थित पते पर डाक से पहुंचा है। इसे उनके पीए ने घर पर जाकर पढ़ा, तो उसमें किसी अज्ञात व्यक्ति का हवाला दिया गया है। नीचे लिखा गया है तुम्हारा हितैषी एक कार्यकर्ता। दोपहर को राणा के घर पर आईबी और अन्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बैठक भी हुई है। जिसमें ताजा हालात पर चर्चा हुई। फिलहाल राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा के घर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस (सीआरपीएफ) के जवान तैनात हैं।

### विडंबना : चुनाव आयोग ने किए कई इंतजाम, मगर रोगी मतदाताओं का नहीं रहा ध्यान

# रोगी मतदाता फिर नहीं डाल पाएंगे वोट

**एमएम डैनियल, चंबा**

लोकतंत्र के महापर्व में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती मरीज इस बार भी वोट देने से वंचित रह जाएंगे। एक ओर जहां देशभर में चुनाव आयोग पंजीकरण कर हर मतदाता का मतदान सुनिश्चित करवाना चाहता है, तो वहीं, अस्पतालों में दाखिल मरीजों की वोटिंग के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए।

ऐसे में चुनाव आयोग के शत-प्रतिशत मतदान के दावे हवा होते दिख रहे हैं। वहीं, राज्य व जिला स्तर पर भी लक्ष्य के ग्राफ में हर बार पांच से सात फीसदी उतार-चढ़ाव ही सामने आता है। मरीजों के मतदान के अधिकार को न तो सरकार और न ही भारत चुनाव आयोग सुनिश्चित कर पा रहा है। चुनाव आयोग ने बेशक लोकसभा या विधानसभा उपचुनाव में कई इंतजाम किए हों, मगर रोगी मतदाताओं का ध्यान नहीं रखा।

## क्या कहते हैं चंबा के मतदाता



राजीव त्रिखा | मनुज शर्मा | भगत बड़ोत्रा | शिशुपाल गुप्ता

ह्यचंबा के मतदाता राजीव त्रिखा का कहना है कि मतदान ग्राफ बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग को रोगी मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। मनुज शर्मा का कहना है कि मतदान शत-प्रतिशत न हो पाने की वजह कहीं न कहीं रोगियों का मतदान न कर पाना है। भगत बड़ोत्रा कहते हैं कि हर मतदाता को मतदान करने का लोकतंत्र में अधिकार है। इसके चलते चिकित्सालय में या पोस्टल मतदान की रोगियों के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। शिशुपाल गुप्ता ने कहा कि वैसे तो भारत चुनाव आयोग ने हर श्रेणी के मतदाताओं के लिए मतदान की व्यवस्था की है, लेकिन देश में अभी चिकित्सालय में भर्ती रोगियों के लिए मतदान की व्यवस्था नहीं हो पाई है।



सरकारी विभाग गैर सरकारी चिकित्सालय में भर्ती मतदाताओं के मतदान करने का मसाला काफी चिंतन व मंथन करने योग्य है। इस दिशा में कोई विकल्प निकालने का प्रयास किया जाएगा, जिसके तहत भारत चुनाव आयोग से जरूर पत्राचार किया जाएगा।

**मुकेश रेप्सपाल, जिला निर्वाचन आयोग एवं उपायुक्त चंबा।**

## रोगी मतदाताओं के लिए नहीं बनाए मतदान केंद्र

**चुनाव** आयोग ने हिमाचल समेत देशभर में वृद्ध और विकलांग मतदाताओं के मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की है। हर विधानसभा क्षेत्र में मॉडल मतदान केंद्र भी बनाए जा रहे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि वह रोगी मतदाताओं को वह भूल गया। रोगियों के लिए कोई मतदान केंद्र नहीं बनाए गए हैं, जहां वे बैलेट से या फिर सीधा मतदान कर पाएं। (अनंत ज्ञान)

# बच्चों का भविष्य संवार रहा 'ज्ञानम'

## ऊना के बेहतरीन शिक्षण संस्थानों में शुमार है यह कोचिंग संस्थान

**कोचिंग सेंटर्स: भाग-4**

**राजेश शर्मा, ऊना**




ज्ञानम कोचिंग सेंटर

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर हिमाचल के हजारों छात्र-छात्राएं पहले बाहरी राज्यों के बड़े इंस्टीट्यूशन पर निर्भर थे, लेकिन अब हिमाचल में भी इस श्रेणी के संस्थान सेवा देने लगे हैं। इनमें ही ज्ञानम कोचिंग संस्थान है, जो ज्ञानम हिम फोकस एजुकेशन के नाम से पंजीकृत है। संस्थान ऊना जिला मुख्यालय में स्थित है।

संस्थान प्रबंधन के मुताबिक हजारों ऐसे बच्चे थे, जो इन बड़े संस्थानों की फीस भरने में असमर्थ थे और वे कोचिंग से महरूम रह जाते थे। इसमें छात्रों और उनके अभिभावकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में ज्ञानम एक ऐसा संस्थान है, जिसमें बेहतरीन और अत्याधुनिक तकनीक व अनुभवी स्टाफ के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जा रही है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से कोचिंग सेंटरों के लिए समय-समय पर गाइडलाइंस जारी की गई हैं, जिनका संस्थान में पालन किया जा रहा है। 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कोचिंग सेंटर में दाखिला न दिए जाने की बात हो अथवा अन्य गाइडलाइंस हों, उनका ध्यान रखकर ही संस्थान आगे बढ़ रहा है।



संस्थान द्वारा इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है कि किसी भी बच्चे की स्किल के अनुसार उसे कोचिंग दी जाए, उन पर किसी तरह का दबाव न बने। बच्चों के मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर न हो। वहीं, अभिभावकों को भी बच्चों की रुचि की जानकारी दी जाती है और उसके अनुसार ही किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है। इसके लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाता है। इस संस्थान की ओर से मुख्य तौर पर बैंकिंग, एचएएस, एलाइड, एसएससी, पटवारी, टेट, पुलिस, समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। संस्थान में छात्र-छात्रों के लिए वाई-फाई युक्त क्लासरूम सहित तमाम इंतजाम किए गए हैं।

इसमें फायर हाइड्रेंट और संस्थान से एग्जिट करने के लिए आपात द्वार भी बनाए गए हैं। भूकंप रोधी भवन में संस्थान चलाया जा रहा है। सरकार की ओर सभी गाइडलाइंस का पालन करके विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी हासिल किए गए हैं। इस संस्थान ने हजारों बच्चों का भविष्य संवारा है और अनुभवी स्टाफ के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के अलावा समय-समय पर बच्चों की स्किल को संवारा जाता है। संस्थान द्वारा विभिन्न वर्गों की फीस सामान्य रखी गई है। हर कोर्स फीस के स्टेटस को पारदर्शी बनाया गया है। संस्थान ने विशेष छूट का भी प्रावधान किया है।

अनाथ बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रवेश का प्रावधान है। मेधावी छात्रों के लिए अलग से फीस और अन्य आकर्षक ऑफर भी दिए जाते हैं। कोचिंग सेंटर की ओर से समय-समय पर स्कूलों और कॉलेज में जाकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी जाती है। बच्चों को जमा दो की पढ़ाई के बाद अथवा कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को आगे किन क्षेत्रों में अवसर प्राप्त हो सकता है, इसके बारे में भी जानकारी दी जाती है। बच्चों को नि:शुल्क परामर्श भी दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)



इस संस्थान की स्थापना से पूर्व बाहरी राज्यों में बड़े कोचिंग संस्थानों से जुड़कर परिस्थितियों को अच्छी तरह देखा है। पहले हिमाचल के ज्यादातर बच्चों को कोचिंग के लिए चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब की ओर रुख करना पड़ता था। अपने कुछ सहयोगी अध्यापकों की सहायता से इस संस्थान की वर्ष 2018 में शुरुआत की। यह संस्थान उच्च क्वालिटी कोचिंग देकर बच्चों के अभिभावकों से उनके सामर्थ्य के अनुसार फीस वसूल करता है। इस कोचिंग सेंटर से शिक्षा प्राप्त कर कई छात्र प्रमुख पदों पर पहुंच चुके हैं। भविष्य में भी हमारा ऐसा प्रयास रहेगा कि इस संस्थान से ऐसे बच्चों को भी आगे बढ़ने का मौका मिले, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंधित हैं।

**डॉ. निमेषिका**
**एमडी ज्ञानम कोचिंग सेंटर**

# कांग्रेस ने बसाए 22 हजार आपदा प्रभावित परिवार : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से प्रदेश के 22 हजार से अधिक आपदा प्रभावित परिवारों को बसाने का कार्य किया है। राज्य सरकार ने बिना केंद्र सरकार की सहायता के आपदा प्रभावितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए 4500 करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज जारी किया, जिससे हजारों आपदा प्रभावितों की मदद हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं को हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने अपना योगदान बताना चाहिए। हिमाचल के भाजपा नेता केंद्रीय मदद मिलने में लगातार अड़ंगे लगाते रहे, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित परिवारों के लिए कोई भी विशेष पैकेज नहीं दिया गया है, जबकि बागी विधायकों को हिमाचल प्रदेश से बाहर महंगे फाइव स्टार होटलों में ठहराया जा रहा है, हेलिकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन की सैर कराई जा रही है तथा उनकी सुरक्षा पर भी भाजपा भारी-भरकम पैसा खर्च रही है। उन्होंने कहा कि हमने आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए नियमों में बदलाव कर दिया और 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान कर आपदा के दौरान पूर्व में प्रदान की जा रही सहायता राशि में अभूतपूर्व वृद्धि की। किसी भी प्राकृतिक आपदा के दौरान घोषित यह ऐतिहासिक राहत पैकेज है।

## हिमाचल के हितों का भाजपा को ख्याल नहीं



**सुखविंद्र** सिंह सुक्खू ने कहा कि जब भी हिमाचल के हितों की बात आई, भाजपा नेताओं ने अपना हिमाचल विरोधी चेहरा दिखाया। प्रदेश की जनता अब भाजपा नेताओं से जवाब मांग रही है, लेकिन उनसे भाजपा से जवाब देते नहीं बन रहा है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान जब हिमाचल प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने व विशेष राहत पैकेज देने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जब वोटिंग की बारी आई तो हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़े नहीं हुए। क्या ये लोग हिमाचल के हितैषी हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 5.35 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक दबोचे

**डलहौजी।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस थाना डलहौजी के दल द्वारा एनएच 154 ए पर स्थित गांव लाहडू में नाकाबंदी के दौरान 26 वर्षीय आकाश पुत्र धर्मपाल वार्ड नंबर-4 धोबी मोहल्ला बनीखेत तहसील डलहौजी जिला चंबा व 40 वर्षीय बंटी पुत्र सुरेश कुमार मोहल्ला रामबाग जिला अमृतसर पंजाब के कब्जे से कुल 5.35 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने की है।



### 4.50 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**डलहौजी।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) कांगड़ा को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एचसी रॉकी कुमार, एचएचसी मनोहर लाल, एचएचसी संजय कुमार एवं कांस्टेबल योगेश बग्गा के दल को गश्त के दौरान एक सूचना प्राप्त हुई कि पठानकोट-भरमौर एनएच-154 ए पर स्थित सीमावर्ती गांव कटोरी के पास लगते ढुवाला डंगा वैष्णो ढाबा में दो युवक नशे की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में हैं। मौके पर पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को काबू कर जब उनकी तलाशी ली तो दोनों के कब्जे से कुल 4.50 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एएनटीएफ दल ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर मादक द्रव्य अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान 18 वर्षीय जशनदीप पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव रायपुर डाकघर जस्तरबाल तहसील अजनाला जिला अमृतसर व 30 वर्षीय इलियास मसीह पुत्र सुख्खा गांव व डाकघर गराला तहसील अजनाला जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। एसीपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कांगड़ा राजेंद्र ने मामले की पुष्टि की है।




### कल (22 मार्च) लास्ट डेट : जल्द करें आवेदन

# थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए करें ऑनलाइन पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि थल सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 22 मार्च को रात 12 बजे तक किया जा सकता है।

उन्होंने सभी पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा लें। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि का इंतजार न करें, क्योंकि अंतिम दिन अधिक भीड़ होने की स्थिति में उम्मीदवारों को दिक्कत हो सकती है।

निदेशक ने बताया कि निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की पहले ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा होगी और उसके बाद भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। आवेदन joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करवाने वाले उम्मीदवार का एक्टिव मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में उससे संपर्क किया जा सके। पंजीकरण के समय उम्मीदवार अपनी सुविधा के अनुसार पांच संभावित परीक्षा केंद्रों के नाम दें। उम्मीदवारों को पहले तीन स्थानों में से किसी एक को परीक्षा केंद्र के रूप में आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा। आवंटित परीक्षा केंद्र को बदलने के लिए कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा और उम्मीदवार को लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार ही रिपोर्ट करनी होगी।

# हाई स्कूल से करें करियर परामर्श की शुरुआत

करियर काउंसलिंग छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि वे शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य की व्यावसायिक आकांक्षाओं के जटिल परिदृश्य से गुजरते हैं। यह एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है, जो एक पूर्ण और सफल करियर की दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है।

करियर काउंसलिंग छात्रों को उनके कौशल, रुचियों और मूल्यों को समझने में मदद करके, उन्हें उपयुक्त करियर पथों के साथ संरेखित करके आत्म-खोज की सुविधा प्रदान करती है। यह छात्रों को उनके करियर लक्ष्यों के अनुरूप उपयुक्त पाठ्यक्रमों, कॉलेजों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की ओर मार्गदर्शन करके शैक्षिक योजना में सहायता करता है। परामर्शदाता छात्रों को यथार्थवादी और प्राप्त करने योग्य करियर लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता करते हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य के बारे में सूचित निर्णय लेने में सशक्त बनाया जाता है।

**एक** मिथक रहा है कि किसी छात्र के लिए करियर काउंसलिंग केवल उस समय शुरू की जानी चाहिए, जब महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हों, जिसका अर्थ है दो प्रवेश बिंदु:

- 10वीं कक्षा के बाद - स्ट्रीम चयन निर्णय के लिए
- 12वीं कक्षा के बाद - करियर और संबंधित संस्थानों को अंतिम रूप देने के लिए




**आधुनिक** व्यवस्था कहती है कि जितनी जल्दी करियर काउंसलिंग शुरू की जाएगी, उतने ही बेहतर परिणाम मिल सकेंगे। यहां कुछ कारण बताए गए हैं कि क्यों करियर काउंसलिंग को स्कूली शिक्षा के समय से ही शुरू किया जाना चाहिए:

- यह छात्रों को करियर योजना के महत्व की मूलभूत समझ प्रदान कर सकता है। प्रारंभिक चरण से, वे विभिन्न करियर विकल्पों की खोज शुरू कर सकते हैं और विभिन्न व्यवसायों के संबंध में अपनी ताकत, रुचियों और मूल्यों पर विचार करना शुरू कर सकते हैं।
- साल-दर-साल उन शक्तियों और प्राथमिकताओं की निगरानी करना जो करियर अन्वेषण में सहायता करती हैं और अंतिम निर्णय लेने पर आत्मविश्वास बढ़ाती हैं।
- प्रोफाइल विकास गतिविधियों की योजना और कार्यान्वयन पर्याप्त समय के साथ किया जा सकता है। ग्रीष्मकालीन स्कूल, इंटर्नशिप, प्रतियोगिताएं और छात्रवृत्ति, जॉब शेडिंग आदि जैसी गतिविधियों को छात्र की प्रोफाइल के अनुसार तैयार किया जा सकता है और समय सीमा का पालन करते हुए इसे लागू किया जा सकता है। इससे लंबे समय तक बायोडाटा को मजबूत बनाने में भी मदद मिलती है।
- करियर कार्यशालाएं और सेमिनार छात्रों को विभिन्न व्यवसायों, उद्योग के रुझान और माध्यमिक शिक्षा के बाद के विकल्पों से अवगत कराते हैं। अपने प्रश्नों के उत्तर पाकर, वे अपने करियर के लिए एक सूचित निर्णय ले सकते हैं।



**सौरभ गुप्ता**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र, सौरभ गुप्ता ने लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से प्रबंधन की पढ़ाई की। उन्होंने वंडर्सकूल और करियर प्रभु नामक कंपनी की स्थापना की, जिसका मुख्य उत्पाद परामर्श था। गुप्ता पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में 150 स्कूलों के साथ काम करते हैं और उन्होंने 1,00,000 से अधिक छात्रों को भारतीय और विदेशों में उनके सपनों के कॉलेजों तक पहुंचने में मदद की है।




- बॉडी लैंग्वेज को सही रखें
- दूसरों की बातें ध्यान से सुनें
- पहले सामने वाले को समझें
- सही शब्दों का प्रयोग करें
- प्वाइंट टू प्वाइंट बात करें

## लक्ष्य निर्धारण में मदद करता है परामर्शदाता

**हाई स्कूल** स्तर पर छात्रों को करियर परामर्श की शुरुआत की जानी चाहिए, ताकि उन्हें करियर संबंधी निर्णय लेने के लिए आवश्यक उपकरण और ज्ञान प्रदान किया जा सके। एक परामर्शदाता के मार्गदर्शन पर आधारित गतिविधियां छात्रों के बीच आत्म-खोज, शैक्षिक योजना और लक्ष्य निर्धारण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे एक ऐसे करियर पथ पर आगे बढ़ें जो, उनकी ताकत और आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

# निशानदेही से पहले ही शातिर उड़ा ले गए खैर के पेड़, विभाग बना मूकदर्शक

**अनिल छांगू, जवाली**

वन उपमंडल लपियाना के मौआ वन वीट में 20 के करीब मलकियत व वन विभाग की भूमि में खैर काटने का मामला सामने आया है। इस संबंधी शिकायतकर्ता राजकुमार व ग्रामीण बताते हैं कि मौआ में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था जिसको लेकर एक शिकायत पत्र रेंज अधिकारी लपियाना को जनवरी महीने में दिया गया था।

जिसकी कानूनगो द्वारा निशानदेही होनी थी लेकिन ठेकेदार द्वारा निशानदेही से पहले ही खैर के पेडों को काट लिया व कुछ को तो जड़ से ही उखाड़ दिया गया है। कटे हुए खैर अब अपनी जगह से गायब है। उन्होंने निशानदेही करने आए विभाग की ओर से कानूनगो पर भी मिली भगत के आरोप लगाए हैं।


खैर के कटान के बारे जानकारी देते शिकायतकर्ता राजकुमार व ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि वन विभाग बताए कि जब निशानदेही नहीं हुई तो खैर के पेड़ कैसे कट गए। न तो कटे हुए खैरों की लकड़ी का विभाग को अता पता है। वन विभाग की जमीन में अवैध तरीके से आश्रम संचालक द्वारा बाड़बंदी कर अवैध कब्जा किया गया है जिसको लेकर भी कई बार विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन आज तक विभाग ने बाड़बंदी हटाने की हिम्मत नहीं की। उन्होंने मुख्य वन अरण्यपाल, डीसी कांगड़ा से मांग की है कि जिस भी ठेकेदार ने इस अवैध कार्य को अंजाम दिया है उसके खिलाफ कार्रवाही की जाए। इस संबंधी वन रेंज अधिकारी योगिंद्र ने बताया कि विवादित जमीन पर खैरों का कटान नहीं किया का सकता, जल्द ही इसकी रिपोर्ट ली जाएगी। जो दोषी होगा उस पर कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर का दौरा कर लोकसभा चुनाव-2024 के लिए दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# पंफ्लेट्स और पोस्टर्स पर प्रिंटर व प्रकाशक का नाम जरूरी : हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बुधवार को नगरोटा बगवां के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर का दौरा कर लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने इस दौरान बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत पंफ्लेट्स, पोस्टर्स, प्रचार सामग्री इत्यादि पर प्रिंटर तथा प्रकाशक का नाम अंकित करना जरूरी है। इसके साथ ही चुनाव प्रचार से संबंधित होर्डिंग्स और फ्लेक्स को भी पोस्टर की श्रेणी में ही माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को आचार संहिता का पालन करना होगा। प्रचार सामग्री और पोस्टर में ऐसी भाषा का प्रयोग न करें जो किसी व्यक्ति या समाज को आहत करती हों। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिप्रिय चुनाव संपन्न करवाने के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा के साथ अनंत ज्ञान का स्टाफ (दाएं) अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते डीसी, साथ हैं नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष शर्मा।

सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के होर्डिंग्स, फ्लेक्स, पोस्टर और पंफ्लेट इत्यादि लगाने से पहले संबंधित निर्वाचन अधिकारी को इस बारे लिखित जानकारी देना जरूरी है। इसके अलावा निजी संपत्ति पर इस प्रकार की प्रचार सामग्री लगाने से पूर्व संपत्ति मालिक से लिखित में प्राप्त पूर्व अनुमति बारे भी निर्वाचन अधिकारी को अवगत करवाना जरूरी है। कोई भी व्यक्ति किसी प्रत्याशी के प्रचार कार्य पर निजी तौर पर राशि खर्च नहीं कर सकता है, ऐसा पाए जाने पर खर्चा प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। इस दौरान उनके साथ नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र का अवलोकन भी किया। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस के बारे में जानकारी भी ली।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने दिया पद से इस्तीफा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसका कारण उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार के गठन के बाद से ओबीसी समुदाय के कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान न होना बताया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह को इस्तीफा सौंपा। उन्होंने कहा कि जुलाई 2022 में कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद ओबीसी वर्ग की समस्याओं का समाधान होगा लेकिन सरकार को बने सवा साल से ऊपर होने के बाद भी ओबीसी स्टेट कमीशन और ओबीसी फाइनांशियल कार्पोरेशन के चेयरमैन के पद खाली हैं।

### मारपीट के मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत लड़ाई-झगड़े के एक मामले में दोनों पक्षों ने क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस को दी लिखित शिकायत में पहले पक्ष से




ज्योति, नैना, मनी यादव, श्रुति राणा व चंद्रपाल निवासी सराह ने आरोप लगाया है कि शीला चौक निवासी पारस व मनीषा ने धर्मशाला बस अड्डे में उनका रास्ता रोका और उनसे लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौच व मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को लिखित शिकायत दी है। दूसरे पक्ष से शीला चौक निवासी पारस व मनीषा ने आरोप लगाया है कि ज्योति, नैना, मनी यादव, श्रुति राणा व चंद्रपाल निवासी सराह ने उनसे लड़ाई-झगड़ा किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पंजीकृत हथियारों को थाना में जमा करवाएं

**जवाली।** पुलिस थाना जवाली के डीएसपी वीरी सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आम लोक सभा चुनाव-2024 की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में जिन भी लोगों के पास पंजीकृत हथियार हैं उन्हे निर्वाचन से पूर्व संबंधित क्षेत्र के पुलिस थानों में जमा करवाना आवश्यक है। आगामी एक जून को हिमाचल प्रदेश में निर्धारित आम लोक सभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कांगड़ा जिला में पंजीकृत सभी हथियारों को संबंधित पुलिस थानों में जमा करवाना जरूरी है। ऐसे सभी नागरिकों से जिनके पास पंजीकृत हथियार हैं, उन्हें अपने क्षेत्र के पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश दिये हैं। इस संदर्भ में आदेशों की अवहेलना होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### इंदौरा में कल बिजली बाधित रहेगी

**इंदौरा।** उपमंडल इंदौरा विधुत विभाग द्वारा सूचित किया जाता है कि 22 मार्च को 11केवी डाह फीडर लाइनों की मुरम्मत और रख रखाव फीडर के तहत आने वाले सभी गांवों की जैसे डाह कुलाडा बलीर राजा खास, हलेड ,भपू इत्यादि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से शाम कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। इस बात की जानकारी देते हुए विधुत विभाग इंदौरा के अधिषासी अभिंयता शंकर दयाल ने दी है।

### गुरु का रहा दबदबा, चेले ने रचा इतिहास

धर्मशाला। कांगड़ा संसदीय सीट पर भाजपा के दिग्गज वरिष्ठ नेता शांता कुमार का जलवा रहा है। उन्होंने 1989, 1998, 1999 तथा 2014 में लोकसभा चुनाव जीते।




कांगड़ा के अलावा चंबा जिला से भी शांता कुमार को बढ़िया वोट प्रतिशत मिलता आया है। इसके बावजूद सबसे बड़े मार्जिन से जीतने का कीर्तिमान उनके राजनीतिक चेले किशन कपूर के नाम है। यह किशन कपूर का पहला लोकसभा चुनाव था। इस चुनाव में किशन कपूर को 7,25,218 वोट यानि 72.02 प्रतिशत वोट मिले। वोट मार्जिन के हिसाब से देश भर में दूसरा सबसे बड़ा मार्जिन भी था। नोटा को इस चुनाव में किसी भी तीसरे लोकसभा प्रत्याशी से ज्यादा कुल 11327 लोगों ने चुना तो अन्य कैंडिडेट 9 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं ले पाए। उस समय कांग्रेस से चुनाव लड़े तथा अब भाजपा के विधायक पवन काजल को मोदी मैजिक के बावजूद 24.59 प्रतिशत वोट मिले जो उनकी लोकप्रियता का भी परिचायक है। अपनी छवि तथा गंभीर विषयों पर सटीक टिप्पणी करने वाले दिग्गज शांता कुमार को 2014 के चुनावों में 57.06 तथा मौजूदा प्रदेश सरकार में मंत्री कांग्रेस के चंद्र कुमार को 35.79 प्रतिशत मत मिले। वहीं अन्य प्रतिशत वोट से ज्यादा नहीं ले पाए। साल 2009 के चुनाव में उस समय भाजपा में रहे दिग्गज नेता राजन सुशांत को 48.69 प्रतिशत मत मिले तो उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस को चंदर कुमार को 45.55 मिले जबकि अन्य प्रत्याशियों में से कोई भी 2 प्रतिशत से ज्यादा मत नहीं ले पाया। 2004 के चुनावों में कांग्रेस के चंदर कुमार ने भाजपा के नेता शांता कुमार पटखनी देते हुए 49.1 प्रतिशत जबकि शांता कुमार को 46.3 प्रतिशत वोट मिले। अन्य प्रत्याशियों में से कोई भी 2 फीसदी मत प्रतिशतता तक नहीं पहुंच पाया।

# संसारपुर टैरेस में एसडीएम शिल्पी बेक्टा के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सालबिया शर्मा, गरली,**

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए उप मंडल देहरा का प्रशासन एक्शन मोड मे आ गया है। लिहाजा यहां हिमाचल-पंजाब प्रांत से लगते तमाम बार्डर क्षेत्रों में पुलिस ने अपनी चौकसी बढ़ा दी गई है।

इसी के मद्देनजर बुधबार देर सायं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा के नेतृत्व मे जसबां परागपुर के अंतर्गत संसारपुर टैरेस स्थित लाल टैंकी से स्वां पुल तक करीब चार से 5 किलोमीटर लंबा फ्लैग मार्च निकालकर लोगो से अमन शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की गई।

इस दौरान डीएसपी देहरा अनिल कुमार थाना प्रभारी संदीप पठानिया आईटीबीपी के सब-इंस्पेक्टर कर्मचंद, संसारपुर टैरेस


फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम शिल्पी बेक्टा व अन्य।

पुलिस चौकी इंचार्ज एस.आई संजय शर्मा, एसएचओ देहरा संदीप पठानिया स्थानिय पुलिस कर्मचारियों व अर्द्धसैनिक बल के कर्मचारियों ने संसारपुर टैरस में फ्लैग मार्च निकाला।

लोकसभा चुनावों में किसी भी तरह के शरारती तत्वों से निपटने के लिए व लोकसभा चुनावों में पूरी प्रादर्शता बरतने के लिए चुनाव आयोग ने भी कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर तैनात किया है। संसारपुर टैरस के स्वां पुल पर आई.टी.बी.पी के जवानों व संसारपुर टैरस पुलिस कर्मियों द्वारा पंजाब से आने वाली हर गाड़ी की चैकिंग की जा रही है जिसमें कैमरों की भी सहायता ली जा रही है

एसडीएम शिल्पी बेक्टा व डीएसपी अनिल कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर रखते हुए आचार सहिता का उलधंन करने वालो पर नियमो अनुसार कानूनी कारवाई अमल में लाई जा सकती है एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि इलाके भर मे रात को जगह जगह पुलिस के नाके लगाए जा रहे हे ताकि कोई भी शरारती तत्व अवैध रुप से पैसा या अन्य नशे को लेकर किसी तरह का उलधंन न करे

एसडीएम ने कहा कि पहली जून को ज्यादा से ज्यादा मतदाता पोलिंग केन्द्र में पहुच कर बिना किसी भय निडरता से वोट का प्रयोग करें।

### ब्राह्मण चेहरे की तलाश

# कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवारी का पेंच

**संजीव महाजन, नूरपुर**

लोकसभा चुनाव क्षेत्र कांगड़ा-चंबा में किसी सशक्त ब्राह्मण चेहरे की उम्मीदवारी पर लग सकती है आलाकमान की अंतिम मोहर, सशक्त उम्मीदवार सुदर्शन शर्मा निर्विरोध चेहरा की प्रबल दावेदार तमाम उम्मीदवारो पर भारी पड़ती नजर आ रही है। क्योंकि सीईसी में चल रही उम्मीदवारी की चयन प्रिक्रिया में तीन नामों में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की पसंद हो सकते है।



निरंतर पैंतीस वर्षो से संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़े होने के साथ प्रदेश में भी शीर्ष नेतृत्व का निर्विरोध चेहरा होने से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविद्र सिंह सुक्खू की ब प्रदेश अध्यक्षा रानी प्रतिभा सिंह की भी पहली पसंद हो सकती है। कांगड़ा चंबा में एक ताकतवर ब्राह्मण चेहरा कांग्रेस को भारी मतों से जीत दिलवाने में सक्षम हो सकता है। बीजेपी द्वारा हो सकता सुधीर शर्मा को बतौर उम्मीदवार उतार कर नया दांव खेल सकती है। ब्राह्मण चेहरे को टक्कर देने में कांग्रेस भी इसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अविवादित चेहरा उतार कर जोरदार दाव खेल कर राजनीतिक बिसात बिछा कर कांगड़ा चंबा लोकसभा चुनाव क्षेत्र में पंद्रह वर्षों से पड़े सूखे को तोड़कर नया इतिहास रचने वाली है।

हो सकता है कल तक आलाकमान किसी नए चेहरे के रूप में सुदर्शन शर्मा को टिकट थमा सकती है क्योंकि बूथस्तर कार्यकर्ता को प्रथम पंक्ति पर खड़ा कर देश की सबसे बड़ी पंचायत में नेतृत्व देकर पंचायत स्तर के कार्यकर्ता को संदेश देकर मनोबल बड़ाने का सराहनीय कदम उठा सकती है।

# 2023 में कांगड़ा पहुंचे छह लाख से ज्यादा सैलानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इस साल प्रदेश का पर्यटन सीजन शुरू होने को है, जिससे टूरिज्म से जुड़े लोगों को बढ़िया कारोबार की उम्मीद है। कुछ सालों से देसी सैलानियों की आमद के आंकड़ों में बढ़ोतरी पर्यटन कारोबारियों में नई उम्मीदें जगा रही है। प्रदेश का सबसे बड़ा जिला कांगड़ा पौंग बांध, विख्यात मंदिरों, जू तथा धौलाधार की वादियों में बसे मनोरम क्षेत्र तथा क्रिकेट स्टेडियम के कारण पर्यटन का केंद्र रहा है।

### 2021 में 234251 तो 2020 में पहुंचे 217827 सैलानी



गत वर्ष जिला में देश के विभिन्न भागों से 6 लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे। आंकड़ों की बात करें तो 2022 में 4 लाख के करीब पर्यटक पहुंचे तो वहीं साल 2021 में 2,34,251 तथा 2020 में 2,17,827 पर्यटक कांगड़ा पहुंचे। गत वर्ष सबसे ज्यादा पर्यटक जून माह में कांगड़ा जिला में पहुंचे। जून में 1,13,274 पर्यटक पहुंचे। इसके अलावा जनवरी में 30,680, फरवरी में 33,519, मार्च में 44,640, अप्रैल में 53,249, मई में 54,826, जूलाई में 38,826, अगस्त में 35,567, सितंबर में 40,239, अक्तूबर में 55,147, नवंबर में 47,480 तथा दिसंबर में 53,167 पर्यटक देश के विभिन्न राज्यों से कांगड़ा जिला में पहुंचे। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने आंकड़ों की पुष्टि करते हुए कहा कि कोरोना के बाद पर्यटन इंडस्ट्री को हुए नुकसान के बाद अब स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। देसी सैलानियों की आमद के आंकड़ों में बढ़ोतरी से पर्यटन कारोबारियों अच्छे कारोबार की उम्मीदें जगी हैं। (अनंत ज्ञान)

### बाबा बालक नाथ मंदिर पैदल पहुंचे हजारों श्रद्धालु



**बिझड़ी।** प्रसिद्ध शक्ति पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास मेलों के चलते को देश-विदेश से बाबा के भक्त हजारों की संख्या में बाबा जी की गुफा में शीश नवाकर आशीर्वाद ले रहे हैं। श्रद्धालु जत्थों के साथ शाहतलाई से पैदल दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर के गेट तक नाचते-गाते जत्थों में पहुंचे रहे हैं। बाबा बालक नाथ के दर्शन के पहुंच रहे हैं। बुधवार को पंजाब से आए श्रद्धालुओं के जत्थे में श्रद्धालु नाच गाकर बाबा के दरबार पहुंचे और बाबा जी के दर्शन किए। होशियारपुर (पंजाब) से आए बाबा के भक्तों ने बताया कि इस बार उन्हें बाबा की गुफा के दर्शनों को ज्यादा देर लाइन में नहीं लगना पड़ा। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि बुधवार को लगभग 25000 श्रद्धालुओं ने बाबा जी के दर्शन किए।

# राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो**

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संजीवन कटोच व वाईस सह प्रचार्य डॉ. संजय पठानिया सहित अन्य प्राध्यापकों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह की आरंभिक औपचारिकताओं की संपन्नता के उपरांत डॉ. संजीवन कटोच ने महाविद्यालय के विकास को रेखांकित करते हुए सत्र 2023 – 24 का वार्षिक प्रतिवेदन सविस्तार प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने वर्षभर की शैक्षणिक एवं सहपाठ्यचर्या गतिविधियों में महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के वीवॉक डिपार्टमेंट द्वारा बार्षिक पत्रिका संवाद पत्र जारी किया गया।

समारोह की मुख्यातिथि महोदया ने खेलकूद प्रतियोगिता, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक, एनएसएस, एनसीसी तथा सीएससीए व अन्य गतिविधियों की प्रावीय सूची में उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थीओं को पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। महाविद्यालय धर्मशाला के विद्यार्थियों ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में प्रथम स्थान वीकाम प्रथम वर्ष की खुशी मेहरा ने हासिल किया था उनको पुरस्कृत किया जबकि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्व विद्यालय हमीरपुर में धर्मशाला कालेज की वीटेक (ष्टस्ब्) तृतीय बर्ष की अक्षिता को प्रथम स्थान, वीटेक +चतुर्थ वर्ष से प्रथम स्थान शालिनी जबकि दीक्षा रानी ने द्वतीय और सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल करने के लिए पुरस्कृत किया। एमसीए प्रथम बर्ष की पूजा राय ने प्रथम तथा श्रेया शर्मा को स्थान मिलने पर पुरस्कृत किया। एमसीए द्वतीय बर्ष की सोनल को प्रथम स्थान तथा आकृति परमार को द्वतीय स्थान हासिल करने पर पुरस्कृत किया।



### क्रिकेट में पालमपुर ने हराया बिलासपुर

**पालमपुर ।** पालमपुर में यूको बैंक अधिकारी संघ द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह क्रिकेट मैच सुबह नौ बजे कृषि विश्वविद्यालय के मैदान में शुरू की। इस प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया और पालमपुर की टीम विजेता रही, जबकि बिलासपुर की टीम रनरअप रही। मैन ऑफ द सीरीज अतुल, पालमपुर टीम सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चंदन, बिलासपुर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अविनाश को सम्मानित किया गया। आने वाले समय में महिला अधिकारियों के लिए भी प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

**खुशहाली** | 750 मीट्रिक टन से ऊपर पहुंचा खुंब उत्पादन, गत वर्ष के मुकाबले 13 प्रतिशत ज्यादा

# हिमाचल खुंब विकास योजना से जुड़े 500 किसान

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

हिमाचल खुंब विकास योजना कांगड़ा जिला के किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है। जिला कांगड़ा में करीब 500 किसान इस योजना से जुड़ कर लाभ अर्जित कर रहे हैं। जिला में खुंब उत्पादन सालाना 750 मीट्रिक टन से उपर पहुंच गया है जो कि गत वर्ष के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है।



इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग के सहयोग से धर्मशाला के सुक्कड़ व चैतड़ू में खुंब उत्पादन के लिए हाईटैक इकाइयां स्थापित की हैं। साथ ही जिला के विभिन्न हिस्सों में छोटी-बड़ी इकाइयां स्थापित की गई हैं और जिला के कई हिस्सों से खुंब उत्पादन की इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन भी आ रहे हैं। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को खुंब उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खुंब उत्पादन से पूर्व किसानों को उचित प्रशिक्षण भी दिया जाता है। खुंब उत्पादन से लेकर खुंब को बेचने तक में उद्यान विभाग किसानों की मदद करता है। विभाग इस योजना को जिला कांगड़ा के और अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए पर्यारस है।

गौरतलब है कि इस योजना को प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री खुंब विकास योजना से बदल कर हिमाचल खुंब विकास योजना किया गया था, साथ ही योजना में कुछ अपडेट भी किए गए थे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं विकलांगों को आर्थिक तौर पर मजबूत करना है और हिमाचल प्रदेश को मशरूम स्टेट ऑफ इंडिया बनाना है। (अनंत ज्ञान)

### घर पर ही 400 से 500 बैग में खुंब उत्पादन शुरू कर सकते

**उपनिदेशक** उद्यान विभाग कांगड़ा कमल सिंह नेगी ने बताया कि खुंब उत्पादन किसानों के लिए एक अच्छा आय का साधन है। उन्होंने कहा कि किसान अपने घर पर ही 400 से 500 बैग में खुंब उत्पादन शुरू कर सकते हैं और इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में जहां लोगों की नौकरियां छिन गई और आय के स्त्रोत भी कम हो गए तो वहीं खुंब उत्पादन कर रहे किसानों के लिए यह आय का एक अच्छा स्त्रोत बन कर उभरा।

इस योजना के तहत किसान को 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलती है। इस योजना का लाभ सभी किसान उठा सकते हैं लेकिन प्राथमिकता महिलाओं और विकलांगों को दी जाती है ताकि इनकी आर्थिकी को मजबूत किया जा सके।

# ट्रैकर के लापता होने पर संशय बरकरार

**अनंत ज्ञान, मैक्लोड़गंज**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

- ट्रैकिंग स्थल त्रियुंड में ही लगा हुआ है सैलानी का टेंट
- खंगाली जा रही गलू पोस्ट से पंजीकरण की जानकारी

**त्रियुंड** से उपर ट्रैकिंग को निकले विदेशी पर्यटक के लापता होने के मामले में स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। वहीं उक्त विदेशी ट्रैकर की शिनाख्त कर पाना भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। शिनाख्त के लिए त्रियुंड जाने के लिए पंजीकरण के लिए बनाए गए वन विभाग के नाम-पते के दस्तावेजों को सिक्योरिटी ब्रांच को जांच के लिए भेजा गया है।

इस मामले की जांच कर रही पुलिस भी पसोपेश में है कि उक्त विदेशी सैलानी लौट गया है या लापता हो गया है।

हालांकि राज्य आपदा प्रबंधन दल के अलावा पुलिस कर्मचारी भी त्रियुंड से करीब 3 किलोमीटर ऊपर तक स्नोलाइन तक उक्त लापता बताए जा रहे ट्रैकर की तलाश कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मार्च को मैक्लोडगंज पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रैकर जो त्रियुंड में रूका था तथा इसके बाद त्रियुंड से ऊपर की ओर निकला था वापिस नहीं लौटा है तथा उसका टेंट भी त्रियुंड में लगा हुआ है।

त्रियुंड से मिली इस जानकारी के बाद एसडीआरएफ तथा पुलिस की संयुक्त टीम अगले ही दिन स्पॉट पर पहुंची तथा घंटों तक लापता बताए जा रहे विदेशी सैलानी की तलाश की।

जानकारी के अनुसार संभावित लापता सैलानी का टेंट आशिंक रूप से फटा हुआ है जिसक चलते आशंका है कि उक्त ट्रैकर इसी कारण इसे यहीं छोड़ गया है। लिहाजा फिलहाल इस मामले में संशय बना हुआ है।

उधर इस बारे में जब एएसपी वीर बहादुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि इस बारे में जांच की जा रही है कि उक्त ट्रैकर लौट आया है या नहीं लौटा है।

## न्यूज ब्रीफ

### थाने में 25 मार्च तक जमा करवाएं हथियार

**नगरोटा बागवां ।** लोकसभा चुनाव के चलते जिले में वैध लाइसेंस धारकों से हथियार को नजदीकी पुलिस थाने में तत्काल प्रभाव से जमा करवाना होगा। उपायुक्त ने इसके लिए धारा 144 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर कानून व्यवस्था और शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित बनाने को लेकर तत्काल प्रभाव से जिले में हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### देहरा मंडल में पेंशन अदालत 26 मार्च को

**डाडासीबा।** कार्यालय अधीक्षक डाकघर देहरा मंडल में पेंशन अदालत 26 मार्च को सुबह 10 बजे होगी। इस दौरान अदालत डाक पेंशन भोगियों और फैमिली पेंशन भोगियों की शिकायतें सुनी जाएगी। यदि ऐसी कोई शिकायत हो तो उसे कार्यालय अधीक्षक डाकघर देहरा मंडल, देहरा को 22 मार्च तक भेजें

### धर्मशाला में कल बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला ।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 धर्मशाला रमन भरमौरिया ने बताया कि धर्मशाला नगर और साथ लगते क्षेत्रों में 33 व 11 केवी सब स्टेशन कालापुल के रख-रखाव के चलते 22 मार्च को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अथवा कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी।इस दौरान कोतवाली बाजार, आईपीएच कॉमप्लेक्स, नगर निगम कार्यालय, यात्री निवास, जोनल अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, ज्यूडिशियल कॉमप्लेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी ऑफिस, डीसी ऑफिस, डिपो बाजार, सिविल लाइन, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलिस लाइन, एकजोत कॉलोनी, चीलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, फॉरेंसिक लैब, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट, कोतवाली पेट्रोल पंप, गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चीलगाड़ी, मैकलोडगंज बाजार, मैकलोडगंज बोद्ध मंदिर, जोगीवाड़ा, हेरू गांव, टिप्पा रोड, आकाशवाणी, डिग्री कॉलेज, बी.एड कॉलेज, सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, संजय मार्ग और इसके साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### दुकान से 45 हजार एमएल अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला ।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत पुलिस को अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता हासिल हुई है। शाहपुर के लदवाड़ा में प्रदीप कुमार निवासी लदवाड़ा की दुकान से 45 हजार एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जब दुकान में छोपमारी की तो उन्हें शराब की बड़ी खेप बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रक्कड़ कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित



**रक्कड़ ।** राजकीय महाविद्यालय रक्कड़ में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। यह विदाई पार्टी महाविद्यालय के कला संकाय द्वितीय तथा वाणिज्य संकाय द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा कला संकाय तृतीय एवं वाणिज्य संकाय तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दी इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रस्तुतियां विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई।

### डिजिटल इंडिया के युग में भी सरकार ने लाइनों में खड़े कर दिए लोग: विश्व चक्षु

**धर्मशाला ।** डिजिटल इंडिया के युग में हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड की ओर से राज्य भर के सभी उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा कर दिया है। पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर-टू-सीएम एवं भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश की सरकार व उनके बोर्ड भी अब लोगों को परेशान करने का कार्य कर रह हैं। पिछले कुछ समय से डिजिटल बिलों को भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को अब बोर्ड में बिल जमा करवाने के लिए पहुंचना पड़ रहा है। एकदम से बिजली बोर्ड कार्यालय में पहुंचने से लोगों की लंबी कतारें लग रही है। डिजिटल क्रांति के इस युग में प्रदेश कांग्रेस सरकार को राज्य के लोगों को इस तरह से परेशान नहीं करना चाहिए, उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द उक्त सुविधा को बहाल कर लोगों को राहत प्रदान की जाए।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने की सफाई

**परागपुर ।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में एनएसएस द्वारा पांच दिवसीय विशेष कैंप का शुभारंभ कर दिया गया। इसके उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान इंडियन आर्मी के धर्मगुरु नायब सूबेदार गोविंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा शास्त्री विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शीशराम ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। राष्ट्रीय सेवा योजना वेदव्यास परिसर के संयोजक कवि पंकज एवं प्रोग्राम ऑफिसर अमित वालिया भी इस अवसर पर मौजूद रहे। शाम के सत्र में परिसर के ही अंग्रेजी विषय के सहायकाचार्य डॉक्टर मनीष कुमार ने 'मॉरल एजुकेशन' पर इन छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।कार्यक्रम के अंत में एन एस एस के प्रोग्राम ऑफिसर (कार्यक्रम अधिकारी) अमित वालिया ने इस उद्घाटन सत्र में उपस्थित समस्त अतिथियों का धन्यवाद किया। कैंप में भाग ले रहे लगभग सौ छात्र-छात्राओं ने वेदव्यास परिसर की सफाई की।

# हिमाचली भाषाओं पर सर्टिफिकेट कोर्स करवाएगी सीयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सम्मेलन के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते सीयू के प्रबंधक।

हिमाचल प्रदेश की मातृभाषाओं और पहाड़ी बोलियों को बढ़ावा देने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने, अपनी मातृभाषाओं के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने का अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए अकादमिक विमर्श, शोध पत्र प्रस्तुति और हिमाचल की लोक भाषाओं में काव्य पाठ के उद्देश्य से भारतीय शिक्षण मंडल सीयू और भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में धौलाधर परिसर-1 में भारतीय भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि कर्नल (मानद) प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत (ओएसडी उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा) और मुख्य वक्ता प्रो. जगदीश शर्मा पूर्व निदेशक, अनुवाद अध्ययन और प्रशिक्षण विद्यापीठ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली मौजूद रहे।

अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार और कुलसचिव प्रो.सुमन शर्मा सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सभा का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारत वर्ष के विभिन्न बोलियां एवं भाषाओं का सम्मान करते हुए पहाड़ी व हिमाचली बोलियों के संवर्धन की बात की और बताया कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि में जल्द ही हिमाचली भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत ने शोधार्थियों को जिज्ञासु प्रविति का बनने पर जोर दिया और मातृभाषाओं पर बात करते हुए बताया कि भारत में लगभग 1369 मातृभाषाएं और भारतीय गणना के अनुसार 19569 बोलियां हैं।

इस भव्य कार्यक्रम के संयोजक व समन्वयक ओम प्रकाश प्रजापति, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग, हि.प्र.के.विवि. एवं विभिन्न सत्रों में संचालन डॉ नंदूरी राज गोपाल, डॉ प्रीति सिंह, प्रो चंद्रकांत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अशोक कुमार द्वारा विभिन्न शिक्षाविदों एवम साहित्यकारों का आभार ज्ञापन किया गया । कार्यक्रम के सफल आयोजन में अधिष्ठाता भाषा संकाय प्रो. रोशन लाल शर्मा और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीयत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस को दिया चुनाव प्रशिक्षण

**डरोह।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 41 पुलिस अधिकारियों (मास्टर ट्रेनर और असिस्टेंट मास्टर ट्रेनर) के लिए आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में तीन दिवसीय कार्यशाला दिनांक 18 से 20 मार्च तक आयोजित की गई।

इस दौरान चुनाव ड्यूटी के दौरान सामान्य कर्तव्यों, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, भारतीय दंड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता, आदर्श चुनाव सहिंता, कानून एवं व्यवस्था, चुनाव के सन्दर्भ में गठित विभिन्न पार्टियों के उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों, चुनाव के दौरान सम्प्रेषण, भीड़ नियंत्रण, गश्त, नाकाबंदी, शस्त्र संचालन, एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्ररिक्षण दिया गया।

### केंद्रीय छात्र परिषद ने मनाया 'सबरस' समारोह

# काव्य पाठन में साक्षी प्रथम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



केंद्रीय छात्र परिषद समारोह में डांस करतीं छात्राएं।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद समारोह सबरस धूमधाम से मनाया गया।

यह समारोह प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय छात्र परिषद की कार्यकारिणी द्वारा आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य प्रो. राम पाल चोपड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डा सुरेंद्र सोनी एवं प्राध्यापकों के साथ सरस्वती आराधना के साथ आरम्भ किया गया। छात्र परिषद के इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें, एकल गायन, काव्य पाठन, सामूहिक नृत्य, फेंसी ड्रेस, एकल नृत्य, रंगोली, एकल वाद्य संगीत एवं भाषण कला इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

काव्य पाठन में प्रथम स्थान पर साक्षी द्वितीय स्थान पर राधिका वहीं तृतीय स्थान पर रीना शर्मा रही। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान पर कविता ग्रुप द्वितीय स्थान पर मानवी ग्रुप वहीं तृतीय स्थान पर सान्या ग्रुप रहे।

फेंसी ड्रेस में प्रथम स्थान पर मानसी, द्वितीय स्थान पर कविता वहीं तृतीय स्थान पर ज्योति भाटिया रहे। एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर स्नेहा चौधरी, द्वितीय स्थान पर राधिका वहीं तृतीय स्थान पर रिशु चौधरी रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तानिया द्वितीय स्थान पर कोमल वहीं तृतीय स्थान पर अंकिता रही।

एकल वाद्य संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संगम द्वितीय स्थान पर निखिल वहीं तृतीय स्थान पर शिवम रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रूचि द्वितीय स्थान पर साक्षी एवं तीसरे स्थान निर्जला रहीं। मुख्यातिथि ने कहा कि महाविद्यालय की नींव मेरे समय रखी थी आज मुझे खुशी हो रही है कि यह महाविद्यालय नीत नए आयाम छु रहा है।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुरेन्द्र कुमार सोनी, पीटीए प्रधान सारिका सूद, पूर्व पीटीए प्रधान रीता शर्मा, पीटीए उप प्रधान मधु शर्मा समेत शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सदस्यगण मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा पर करवाई पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला

**राकेश, डोगरा डरोह**

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान से महिला सुरक्षा पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 18 से 20 मार्च तक किया गया, जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 28 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान सुश्री सौम्या साम्बशिवन, भापुसे, प्रधानाचार्या, सुदीप सिंह, (जिला न्यायवादी), कपिल देव शर्मा (जिला न्यायवादी), कर्ण सिंह गुलेरिया डीएसपी (कोर्स डायरैक्टर), कुलदीप कुमार डीएसपी, प्रताप सिंह डीएसपी, विनोद कुमार शर्मा निरीक्षक (मुख्य प्रशिक्षक), कर्मपाल सिंह निरीक्षक, कुलदीप चन्द निरीक्षक, सुभाष चंद उप निरीक्षक, ठाकरू राम उप निरीक्षक, अंजना सहायक उप निरीक्षक द्वारा लैंगिक अपराधों के अन्वेषण व अन्वेषण में डीएनए का महत्व, प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखते समय सावधानियों के बारे, महिलाओं व बच्चों के गुम होने कीजानकारी दी।

इस दौरान मानक सचांलन प्रक्रिया, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, पीड़ित पुनर्वास व मुआवजा सम्बन्धी दिशा-निर्देशों, अन्वेषण में फोरेंसिक साइंस की भूमिका एवं महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक अपराधों में भौतिक साक्ष्यों के सही प्रकार से संग्रहण, ऑनलाइन क्राइम एवं अब्यूस ऑफ सोशल नैटवर्क साइट तथा महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। उपरोक्त मामलों में एस ए ई सी किट प्रयोग करने बारे भी व्यावहारिक एवं प्रैक्टीकल ज्ञान तथा संवेदनशीलता से कार्य करने भी बारे जानकारी दी।

कर्ण सिंह गुलेरिया डीएसपी (कोर्स डायरेक्टर) व अंजना देवी सहायक उप निरीक्षक (सहायक कोर्स डायरैक्टर) व तनुजा महिला आरक्षी ने कोर्स को सफल बनाने में भूमिका निभाई। सुश्री सौम्या साम्बशिवन ने कहा कि निकट भविष्य में भी पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के सौजन्य से इस प्रकार के कोसों का आयोजन अन्वेषण अधिकारियों के लिए किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



कार्यशाला के दौरान पुलिस अधिकारी व अन्य।

## जनता की आवाज को सुनने वाला कोई भी नहीं : अतुल भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने धर्मशाला के अहम मुद्दों को लेकर प्रशासकीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि धर्मशाला में अब स्थानीय जनता की आवाज को सुनने वाला कोई भी नहीं है, जनता परेशान और हताश है।

इन सब परिस्थितियों के लिए कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। आज धर्मशाला की हर समस्या को नजरंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने बढ़ते हुए स्ट्रीट वेंडर, आवारा पशुओं, स्मार्ट सिटी व भिखारियों की समस्या को चर्चा का बिंदु बनाते हुए कहा कि लिखित शिकायतों के बावजूद भी अधिकारी इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। स्ट्रीट वेंडर की रोजी-रोटी छीनी जा रही है।

## कारगिल युद्ध के 'हीरो' नायक दीप चंद पहुंचे कांगड़ा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

- वॉर में दोनों टांगें और एक हाथ गंवा चुके हैं नायक दीप चंद
- हिमालयन सेवियर्स के कार्यक्रम में होंगे शरीक



कारगिल युद्ध हीरो नायक दीप चंद महाराष्ट्र के नासिक से कांगड़ा पहुंचे हैं। दोपहर बाद वह फ्लाइट से कांगड़ा पहुंचे और लाज होटल में रुके, यहां उनका स्वागत किया गया। नायक दीप चंद कारगिल वॉर के दौरान अपने हाथ को गंवा चुके हैं, जिसके चलते उनकी दोनों टांगें भी काटनी पड़ीं।

इतना कुछ होने के बावजूद आज भी उनके हौसले बुलंद हैं और वह नासिक से लेकर कांगड़ा तक खासतौर पर हिमालयन सेवियर्स के कार्यक्रम में पहुंचे हैं। कांगड़ा के बज्रेश्वरी देवी मंदिर में शीश नवाजने के साथ ही वह कल शहीदों के परिवारों से मिलने के लिए रवाना होंगे तथा सौरभ कालिया व अन्य शहीद परिवारों से मिलेंगे। 23 मार्च को नगर परिषर कांगड़ा के मैदान में होने वाले हिमालयन सेवियर्स के कार्यक्रम में वह विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहने वाले हैं।

# ट्रांस और क्वीर बच्चों से संबंधित लैंगिक समानता पर व्याख्यान

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**




राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में बच्चों को जानकारी देती वक्ता।

राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में रोवर रेंजर इकाई एवं एनएसएस के तत्वावधान में ट्रांस और क्वीर बच्चों से संबंधित सतत् विकास लक्ष्य के अंतर्गत लैंगिक समानता लक्ष्य के ऊपर एक व्याख्यान का आयोजन करवाया गया, जिसके मुख्य वक्ता डांन हसर, उपनिदेशक हिमाचल क्वीर फाउंडेशन रहे।

उन्होंने अपने वक्तव्य में यूजीसी एंटी रैगिंग रेगुलेशन 2009, संस्था स्तर पर रैगिंग और रैगिंग में लिप्त पाए जाने वालों के लिए सजा में शामिल, स्कूलों में डराने धमकाने और रैगिंग की रोकथाम के लिए सीबीएसई दिशा-निर्देश, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के बारे में अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में यदि कोई छात्र यदि शारीरिक एवं मानसिक रूप से हानि या शर्मिंदगी महसूस करवाता है तो उसे दंड दिया जाएगा यदि कोई ट्रांसजेंडर विद्यार्थी महाविद्यालय में दाखिला लेता है तो उसको 'समावेशी शिक्षा' एवं मूलभूत सुविधाओं का प्रावधान राजकीय महाविद्यालय शाहपुर द्वारा करवाया जाएगा। इस व्याख्यान में प्रो. अंजलि, प्रो.आशा, प्रो. हरीश कुमार ,प्रो. केशव कौशल उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा दुर्ग में होली उत्सव मनाने जुटे 500 जैनी परिवार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



पुराना कांगड़ा स्थित ऐतिहासिक दुर्ग में होली उत्सव के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से करीब 500 जैनी समुदाय के लोग कांगड़ा पहुंच गए हैं और होली पर्व की तैयारियों में जुट गए हैं। होली पर्व जैसे-जैसे नजदीक आता जाएगा, जैनी समुदाय के करीब 1500 लोगों की यहां पहुंचने की उम्मीद है।

पुराना कांगड़ा के ऐतिहासिक दुर्ग में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से होली उत्सव मनाया जाएगा। इस दुर्ग में जैनियों के स्वेतांबर समाज के भगवान श्री श्री अदिनाथ जी की करीब 5000 हजार साल पुरानी मूर्ति स्थापित है। यहां पर हर वर्ष होली से एक सप्ताह पहले ही एकत्रित होकर इस पर्व को मनाने की तैयारियां शुरू कर देते हैं। इसमें बाहरी राज्यों खासतौर पर पंजाब से भारी संख्या में जैनी समुदाय के लोग यहां एकत्रित होते हैं। यहां पर 23 से लेकर 25 मार्च तक यह समारोह मनाया जाएगा। यहां पर यह भी प्रथा है कि हर वर्ष इस समारोह में जैन समुदाय के ही परिवार के लोग ही मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हैं।

जानकारी देते हुए जैन सराय पुराना कांगड़ा के मैनेजर कमल कुमार ने बताया कि इस वर्ष पंजाब के कपूरथला के सुरेश कुमार का परिवार इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे व झंडा रस्म के बाद तीन दिन तक ऐतिहासिक नगरी पुराना कागड़ा भक्ति के रंग में डूबी रहेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक करीब 500 जैनी समुदाय के लोग उत्सव की तैयारियों के लिए यहां पहुंच गए हैं और पर्व की शुरुआत तक 1500 से अधिक जैनी समुदाय के लोग यहां पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक जैन सराय में भंडारे का आयोजन चलता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## युवक ने दराट से खुद पर किया हमला, मौत

**ज्वालामुखी ।** ज्वालामुखी के साथ लगते अंब पठियार में एक 32 वर्षीय युवक चमन लाल द्वारा अपने ऊपर दराट से हमला करते हुए गला रेतनें का मामला सामने आया है। चमन लाल पुत्र पूर्ण चंद जो कि बटाहल खुर्द मझीन तहसील खुंडिया का रहने वाला है। वह अपने रिस्तेदार के घर अंब पठीयार आया हुआ था। उसने बुधवार सुबह अचानक अपने ऊपर दराट से हमला कर लहूलुहान कर लिया। लोगों नें इसकी सुचना पुलिस को दी। उक्त युवक को प्राथमिक इलाज के लिए सिविल अस्पताल ज्वालामुखी ले जाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएसपी राम प्रशाद जसबाल ने बताया कि कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।




## न्यूज ब्रीफ

### भगवती स्कूल के वरुण का सैनिक स्कूल में चयन

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के पांचवीं कक्षा के छात्र वरुण शर्मा ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। अध्यापकों व प्रिंसीपल आरती कटोच ने वरुण शर्मा को बधाई दी और आने वाली परीक्षाओं में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### रविंद्र डोगरा ने चुनावी खर्च पर दिए सुझाव

**टौणी देवी।** एनसी प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सिंह डोगरा ने चुनाव के दौरान होने वाले खर्च की सीमा तय करने तथा उम्मीदवार द्वारा चुनाव के दौरान उपयोग में लाने वाली चीजों के मूल्य निर्धारित करने के लिए उपायुक्त के साथ संपन्न राजनीतिक दलों की बैठक में वस्तुओं के खरीद के दामों को कम करने और सही करने के लिए विचार रखे। डोगरा के बताए हुए दामों का समर्थन अन्य दलों ने भी किया तथा उसे जिले के उपायुक्त तथा निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वीकार कर सूचीबद्ध कर लिया गया। इस सूची को पुनः प्रकाशित कर सभी राजनीतिक दलों को दिया जाएगा।

### मतदान केंद्र 30 थाती के स्थान में परिवर्तन

**हमीरपुर।** संसदीय क्षेत्र तीन हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 37 सुजानपुर के मतदान केंद्र 30 थाती के स्थान में परिवर्तन किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि पहले यह मतदान केंद्र महिला मंडल थाती गुडरालां में स्थापित किया गया था, लेकिन वर्तमान में इस भवन की हालत ठीक न होने के कारण अब इसका स्थान बदलकर राजकीय प्राथमिक पाठशाला महेश कवाल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार इस मतदान केंद्र के नाम एवं स्थान में आवश्यक संशोधन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करके सूचना जारी कर दी गई है।

### प्रश्नोत्तरी में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की टीम प्रथम

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया, जिस पर स्टूडेंट्स में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा चंदेल ने बताया कि लोगों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष नेशनल वैक्सीनेशन-डे मनाया जाता है। इसे इम्यूनाइजेशन-डे भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि दरअसल टीका या वैक्सीनेशन बच्चों से लेकर बड़ों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें पांच टीमों ने भाग लिया। बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यशाला में विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. शालिनी, असिस्टेंट प्रो. डॉ. रोलिका गुप्ता व असिस्टेंट प्रो. अंजू बाला भी उपस्थित रही।

### सुजानपुर होली मेले में बेबी-शो 24 मार्च को

**सुजानपुर।** 23 मार्च से सुजानपुर में आयोजित होने वाले होली मेले के दौरान 24 मार्च को 11 बजे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान से कला मंच पर बेबी-शो का आयोजन किया जाएगा। सीएमओ हमीरपुर डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि बेबी-शो में जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बेबी-शो में भाग लेने के लिए सिविल अस्पताल सुजानपुर के कमरा नंबर 27 में महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विद्या देवी के पास 23 मार्च सायं चार बजे तक अपने बच्चों का पंजीकरण करवाकर शो में भाग ले सकते हैं।

### शहीदी दिवस पर इंकलाब संस्था लगाएगी रक्तदान शिविर

**नादौन।** नादौन की इंकलाब संस्था रंगस द्वारा 23 मार्च को रंगस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हर साल की भांति इस साल भी संस्था द्वारा रंगस में लगाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष पुनीत उप्पल ने बताया कि इस दिन इंकलाब संस्था का स्थापना दिवस भी है, जिसे रक्तदान शिविर लगाकर और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान जरूर करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

### जेपी आईटीआई में बताया मतदान का महत्व

**भरेड़ी।** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानी व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के तहत बुधवार को जेपी औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान समीरपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार ने आईटीआई प्रशिक्षुओं को मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता, मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' का नारा दिया है।

### लाइसेंस धारक थाने में जमा करवाएं हथियार

**हमीरपुर।** चुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, जिसके तहत धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता भी लागू हो चुकी है। एसपी हमीरपुर पदम चंद ने बताया कि हमीरपुर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी लाइसेंस धारकों से आग्रह किया है कि अपने लाइसेंसी हथियार को संबंधित थाना में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि चुनावों के दौरान किसी प्रकार की कोई घटना न हो इसके लिए चुनाव स्वतंत्र, शांतिपूर्वक तथा निष्पक्ष करवाने के लिए सभी को हथियार जमा करवाने होंगे।

### डॉ. दीपक को दिल्ली में विश्व कैंसर कांग्रेस में किया सम्मानित

**हमीरपुर।** सीनियर कार्डियोवस्कुलर थोरेसिक सर्जन डॉ. दीपक पुरी को बुधवार को जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में 8 वें विश्व कैंसर कांग्रेस में सम्मानित किया गया। शिमला निवासी डॉ. पुरी जो वर्तमान में मोहाली के एक निजी अस्पताल में डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें एडवांस थोरेसिक मैलिग्नेंसी के मैनेजमेंट के लिए अपनी इनोवेटिव मॉडिफाइड यूनीपोर्टल वीडियो-असिस्टेड थोरेकोस्कोपिक सर्जरी तकनीक प्रस्तुत करने के लिए कांग्रेस में एक वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर डॉ. दीपक पुरी ने बताया कि कैंसर में हृदय रोगों के समान जोखिम कारक होते हैं, इसलिए कई हृदय रोगियों में भी कैंसर विकसित होता है और विभिन्न कैंसर उपचारों की विषाक्तता भी हृदय संबंधी जटिलताओं का कारण बन सकती है। इसलिए हृदय रोगों के साथ-साथ कैंसर के व्यापक प्रबंधन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण रखना आवश्यक है। इन समस्याओं से निपटने के लिए कार्डियो ऑन्कोलॉजी के रूप में जाना जाने वाला एक नया सुपर स्पेशलिटी तेजी से उभर रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन 2010 पद्मश्री पुरस्कार विजेता और निदेशक एचसीजी बैंगलोर डॉ. केएस गोपीनाथ और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान एम्स दिल्ली के पूर्व प्रमुख डॉ. जीके रथ द्वारा किया गया था।

# बिल्लकलेश्वर मंदिर के पास ब्यास नदी में अवैध खनन जोरों पर

## अवैध खनन से प्राचीनतम मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव का अस्तित्व भी खतरे में

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के प्राचीनतम मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव के पास बह रही व्यास नदी में वर्तमान समय में अवैध खनन जोरों पर है। खनन माफिया सरेआम इस स्थान पर दिनदहाड़े ही बेखौफ होकर अवैध रूप से खनन कर रहा है, जबकि विभाग इन खनन माफियों पर शिकंजा कसने की बजाय कुंभकर्ण की नींद सोया हुआ है।

खनन इस तरह से किया जा रहा है कि यहां स्थित प्राचीनतम ऐतिहासिक मंदिर से जो पोड़ियां व्यास नदी को जाती हैं वे कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और मंदिर का अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। गांववासियों का कहना हैं कि कई बार रात के अंधेरे में व्यास नदी में खनन करने वाले वाहनों की इतनी भरमार होती हैं कि रात को व्यास नदी में वाहनों कि लाइट जगी होने के कारण यह क्षेत्र दिवाली के त्योहार की तरह जगमगाता है। इस स्थान पर खनन को रोकने के लिए मंदिर की वर्तमान समय में देख-रेख कर कमेटी बिल्लकलेश्वर सुधार सभा बटाहली ने भी स्थानीय पंचायत को इस संदर्भ में लिखित शिकायत भी दी है और पंचायत से इस पर कड़ा संज्ञान लेने का भी आग्रह किया है। इस बारे में ग्राम पंचायत फस्टे के प्रधान तिलक राज का कहना है कि इस स्थान पर हो रहे खनन की शिकायत उनके पास आई है व इसकी सूचना खनन विभाग को दे दी है। (अनंत ज्ञान)


बिल्लकलेश्वर के पास ब्यास नदी में खनन के कारण पड़े गड्ढे।

#### क्या कहते हैं खनन अधिकारी

**इस** बारे में खनन अधिकारी दिनेश कुमार का कहना है कि इस स्थान पर हो रहे खनन की शिकायत उनके पास आज ही आई है। उन्होंने कहा कि इस पर कार्रवाई की जाएगी और खनन माफिया पर शिकंजा कसने के लिए अतिशीघ्र टीम का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी अवैध रूप से खनन करता हुआ पकड़ा जाता हैं उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कि जाएगी।

## चार मई तक मतदाता सूचियों में करवाएं पंजीकरण : मनीष



स्वीप कार्यक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष सोनी के साथ स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम 38-हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि हमें हर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करने के लिए अब साल में चार बार इन सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जाता है। पात्र युवाओं को इस दौरान अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने चाहिए। एसडीएम ने बताया कि जो युवा अभी भी अपने नाम दर्ज नहीं करवा पाए हैं, वे चार मई तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं और आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

इस अवसर पर एसडीएम ने स्टूडेंट्स को लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी की शपथ भी दिलाई। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वीप के नोडल अधिकारी एवं एसबीपीओ किशोरी लाल, कॉलेज के एनएसएस प्रभारी उत्तम शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी स्टूडेंट्स का मार्ग-दर्शन किया।

## बड़सर कांग्रेस वर्कर्स की मीटिंग में हंगामा

**बिझड़ी।** जब से बड़सर के पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को निलंबित किया है, कांग्रेस में खलबली मची हुई है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी इस बात में जुटी हुई है किस तरह से कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जाए ताकि 'डैमेज कंट्रोल' हो सके। लोकसभा चुनावों को लेकर बुधवार को सलौनी में भी एक बैठक रखी गई थी जिसमें जिला अध्यक्ष सुमन भारती भी मौजूद थे। इसमें चुनावों को लेकर रणनीति बनाई जा रही थी कि इसी बीच किसी व्यक्ति विशेष के नाम को लेकर हो-हल्ला होना शुरू हो गया। बात यहां तक बिगड़ गई थी कि ब्लॉक कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता विशाल राणा मीटिंग से उठकर चले जाने लगे जिन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जैसे-तैसे शांत किया। देखने वाली बात यह है कि अभी तो खेल शुरू भी नहीं हुआ भगदड़ मचाना पहले ही शुरू हो गई है। कांग्रेस वर्कर्स को यह समझ नहीं आ रहा कि हम करें तो क्या करें, आगे कुआं है और पीछे खाई। हर कोई अपने-अपने बारे में ही बातें कर रहा है। कांग्रेस के पक्ष में कोई नहीं खड़ा हो रहा है।



## भरेड़ी में खुलेगा वॉलीबाल खेल हॉस्टल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में वालीबॉल खेल होस्टल बनाया जाएगा। इसकी अधिसूचना लोकसभा चुनावों की चुनाव आचार संहिता लगने से पांच दिन पहले प्रदेश सरकार के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के सचिव की ओर से जारी कर दी है। जिससे 30 वर्षों से खेल हॉस्टल बनाने की का रास्ता साफ हो गया है। खेल हॉस्टल के निर्माण के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी स्कूल के पुराने भवन के लिए भूमि का चयन किया गया है। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग, खेल विभाग, पंचायतीराज विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि निरीक्षण कर चुके हैं। इससे भोरंज उपमंडल की बगवाड़ा, बधानी, चंबोह, अमरोह, भुक्कड़, कक्कड़, डाडू, बजडौह, धिरड़, पपलाह, लदरौर व धमरोल पंचायतों के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा।

**युवा सेवाएं खेल विभाग ने दी है मंजूरी**

वालीबॉल खेल के अंतरराष्ट्रीय कोच विद्यासागर शर्मा, नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला के सेवानिवृत्त वालीबॉल कोच विधि चंद कौशल क्षेत्र में वलीबॉल खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। कोच विद्यासागर शर्मा, विधि चंद कौशल, रमेश चंद कौशल, राजेंद्र शर्मा, पवन रांगड़ा आदि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में वालीबॉल खेल होस्टल खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगा और इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।


भरेड़ी स्कूल का पुराना भवन।

#### क्या कहते हैं विधायक सुरेश

**भोरंज** विधायक सुरेश का कहना है कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के भरेड़ी का वालीबॉल खेल में देश-प्रदेश में नाम है। कई सालों की मांग को पूरा करते हुए सरकार ने खिलाड़ियों के लिए सुविधा देने का प्रयास किया है। इससे अब ग्रामीण क्षेत्र से वालीबॉल खेल के अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे।

## विजिलेंस ने जब्त की चार क्विंटल खैर की लकड़ी व 13 जड़ें

**बिझड़ी।** वन माफिया के ऊपर विजिलेंस विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार क्विंटल खैर की लकड़ी व 13 जड़ें जब्त की हैं। विजिलेंस टीम की इस कार्रवाई से वन माफियों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि बिझड़ी फॉरेस्ट रेंज की बीट सूदर में खैर कटान के दौरान नियमों की अवहेलना की सूचना मिलते ही विजिलेंस विभाग काफी देर बाद हरकत मे आया। विजिलेंस के साथ वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर डिपो की जांच की, जिसके बाद पाया गया कि खैर कटान के दौरान कई पेड़ों को जड़ों सहित उखाड़ा गया है। विभागीय अधिकारी इस सारे मामले की तह तक तो नहीं पहुंचे परंतु टाल-मटोल करते हुए कार्रवाई करते थे, जिससे वन माफिया पर कोई असर नहीं होता था। इस मामले को मीडिया ने भी कई बार बड़ी प्रमुखता से उठाया लेकिन कार्रवाई ना के बराबर हुई। आखिरकार विजिलेंस विभाग की टीम ने छापामारी की और सफलता हाथ लगी। बीट ऑफिसर विनोद का कहना है कि विजिलेंस की टीम के साथ विभाग की टीम भी मौके पर गई थी, जहां से चार क्विंटल लकड़ी व 13 जड़ें बरामद की गई हैं।

## दियोटसिद्ध मेले के छठे दिन चढ़ा 16,44,494 रुपए का चढ़ावा

**बिझड़ी।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध मंदिर बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध में आजकल चैत्र माह के मेले चले हुए हैं। छठे दिन बाबा के भक्तों ने गुफा दर्शन करके 16,14,494 रुपए गुफा में चढ़ाए हैं। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि सोमवार को लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन किए हैं। गुफा में 12 लाख 70 हजार 64 रुपए तथा तीन लाख 44 हजार 430 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं। सोना एक ग्राम 840 मिलीग्राम, चांदी 66 ग्राम 570 मिलीग्राम, इंग्लैंड पाउंड 160, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 270, कनाडा डॉलर 385, यूएसए डॉलर 1031, यूरो 40, यूएई दराम 100, कतर रियात 50, न्यूजीलैंड डॉलर 20, विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं।

## 27 तक बिजली बिल जमा नहीं करवाए तो कटेगा कनेक्शन

**रंगस।** विद्युत उपमंडल रंगस के तहत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे 27 मार्च तक जमा करवा दें। इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले लोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल रंगस के एसडीओ संदीप सांगल ने बताया कि उपभोक्ता इन बिलों का भुगतान ऑनलाइन, लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से व उपमंडल कार्यालय के केस काउंटर पर करवा सकते हैं।

## नगर परिषद की हिदायतों के बावजूद दुकानदार कर रहे अतिक्रमण



दुकानदारों द्वारा सड़क पर किया गया अतिक्रमण।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

शहर की सड़कों और फुटपाथों पर जहां भी नजर दौड़ाई जाए वहां पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण दिखाई दे रहा है। दुकानदार बेखौफ होकर सड़क और फुटपाथों पर सामान सजा कर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे सड़क और फुटपाथ चलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में राहगीरों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

सड़क पर सामान सजाने से कई बार वाहन चालकों को गाड़ियां निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि स्थानीय लोग कई बार जिला प्रशासन व नगर परिषद से अतिक्रमण पर अंकुश लगाने को लेकर मिल चुके हैं, लेकिन फिर भी दुकानदार अपनी मनमानी कर रहे हैं। दुकानदार सामान नालियां क्रॉस करके सड़कों तक आ पहुंचा हैं ऐसे में सड़क किनारे पैदल चल रहे लोगों को खासा परेशान होना पड़ रहा है। फुटपाथों पर दुकानदार सामान सजा रखते हैं। ऐसे में लोगों फुटपाथ के बजाय सड़क पर चलने को मजबूर हैं। हालांकि नगर परिषद ने शहर के दुकानदारों को सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी है, लेकिन फिर भी शहर के कुछ एक दुकानदार अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसे में लोगों को अतिक्रमण के चलते रोजाना परेशान होना पड़ रहा है। उधर, नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर ने बताया की फुटपाथ पर अगर कोई अतिक्रमण कर रहा है तो उस पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## धूमल बोले-पुराने कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

भाजपा के पुराने कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं, इसलिए हमेशा यही कहा जाता है कि ओल्ड इस गोल्ड। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने टौणीदेवी मंदिर प्रांगण में आयोजित भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मकान और पार्टी जिस नींव के ऊपर टिके होते हैं वह नींव कभी दिखाई नहीं देती।

उन्होंने कहा कि भाजपा में नौजवान कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान और स्वागत है, लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आने वाला समय लोकसभा चुनाव का है और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने अपना प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के रूप में घोषित किया है। इस बार पांचवीं बार उन्हें जीत दिलाकर केंद्र में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, विक्रम राणा, सुखदेव ठाकुर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।


सम्मेलन के दौरान मौजूद पूर्व सीएम धूमल व अन्य।

## दियोटसिद्ध में मेले में गुम हुए बच्चे को पहुंचाया मां के पास

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

उतरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चल रहे चैत्र मेलों के दौरान प्रदेश व अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बाबा बालक के दर्शनों के लिए उमड़ रही है।

मेले में भारी भीड़ होने के कारण छोटे बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ रहे हैं। जब से मेले लगे हैं तब से दो बिछड़े बच्चे श्रद्धालुओं की मदद के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में रखकर उनके माता-पिता को ढूंढकर उनके पास पहुंचाए हैं। बुधवार को भी पांच साल के परवान सिंह पुत्र राजू राम भोगपुर पंजाब भीड़ में अपनी माता से बिछड़ गया था जिसे पुलिस उसकी माता को कुछ ही देर में ढूंढ निकाला।

पहचान करने के बाद पुलिस ने लड़के की माता सुमन कुमारी को कंट्रोल रूम में बुलाकर सौंप दिया। इस बारे में बड़सर के डीएसपी सचिन हीरेमठ ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को भीड़ होने के कारण अपने साथ रखें व बच्चों का पूरा ध्यान रखें। (अनंत ज्ञान)


पुलिस कंट्रोल रूम में बच्चा अपनी माता के साथ।

## राजेंद्र राणा और परिवार को चार बार कांग्रेस ने बनाया उम्मीदवार : सुमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि बागी बनाकर जिन लोगों ने कांग्रेस की पीठ में छुरा घोंपने का प्रयास किया है, वे पार्टी के असली दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा और उनके परिवार को चार मर्तबा पार्टी ने उम्मीदवार बनाया। तीन बार कांग्रेस के विधायक रहे। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पहले वे 14 साल भाजपा में रहे, तब उन्हें क्या मिला? अब राणा ने जो किया है उसे जनता कभी भी माफ करने वाली नहीं है।

बुधवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुमन भारती ने कहा कि जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेजनाथ को अनुशासन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस की जो रिपोर्ट सौंपी थी उसके आधार पर उसे भंग किया गया है। जिसकी रिपोर्ट अगली कार्रवाई के लिए शिमला भेज दी गई है। भारती ने यह भी कहा कि बड़सर से ब्लॉक कांग्रेस की स्थिति का भी आंकलन किया जा रहा है। देर शाम तक वहां आज बैठक हो जाएगी। उसके बाद रिपोर्ट तैयार होगी और जो भी फैसला होगा, तत्काल ले लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है, लेकिन लोग निजी स्वार्थों की खातिर मुख्यमंत्री का विरोध करने पर उतारू हो गए हैं। कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बागी विधायकों को जनता कतई माफ नहीं करेगी। कॉन्फ्रेंस में अनुशासन समिति के अध्यक्ष तेजनाथ, अंशुल शर्मा, राजू चौधरी भी मौजूद थे।


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुमन भारती।

**बैठक** लोकसभा चुनाव में 95 लाख, विधानसभा चुनाव में 40 लाख रुपए तक कर सकते हैं खर्च

## चुनाव प्रचार में होने वाले खर्चों की दरें निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के खर्चे पर निर्वाचन आयोग की कड़ी नजर रहेगी। इस दौरान छोटे-छोटे खर्चों की भी पूरी गणना की जाएगी। चुनावी रैली-सभाओं, अन्य आयोजनों तथा प्रचार गतिविधियों से संबंधित प्रबंधों पर होने वाले खर्चों की दरें निर्धारित करने के लिए बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान उपायुक्त ने यह जानकारी दी।

बैठक में इन प्रतिनिधियों के साथ व्यापक चर्चा के बाद जिला हमीरपुर में चुनाव प्रचार से संबंधित विभिन्न प्रबंधों जैसे रैली-सभाओं, टैंट-पंडाल, मंच, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, पंफ्लेट, झंडे, जलपान, खाना, एलईडी, स्थानीय विज्ञापन, टोपी-मफलर, गुलदस्ता, कुर्सी, टेबल, बैंड-बाजा और अन्य सभी संभावित प्रबंधों की दरें निर्धारित की गईं। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे आदर्श आचार संहिता की अवधि एवं प्रचार के दौरान इन निर्धारित दरों का विशेष ध्यान रखें तथा इन्हीं के अनुसार अपनी पार्टी और उम्मीदवारों के खर्चों का लेखा-जोखा अपडेट रखें, ताकि सामान्य पर्यवेक्षक और व्यय पर्यवेक्षक के समक्ष पूरी जानकारी रखी जा सके। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के लिए अधिकतम खर्चे की सीमा 95 लाख रुपए और विधानसभा चुनाव में 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति निजी तौर पर भी किसी प्रचार गतिविधि पर 10 रुपए से अधिक का खर्चा करता है तो वह उम्मीदवार के चुनावी खर्च में जुड़ जाएगा। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला और नायब तहसीलदार राजेश कौंडल ने प्रचार प्रबंधों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित दरों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


बैठक में प्रतिनिधियों को चुनाव में होने वाले खर्चों की जानकारी देते हुए डीसी अमरजीत सिंह।

#### प्रतिनिधियों का सहयोग जरूरी

**डीसी** ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना और चुनावी खर्चे की सही गणना के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। इसलिए, आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से संवाद किया जाएगा तथा उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया जाएगा।

## जिलाध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव भेजेगी ब्लॉक कांग्रेस

**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुमन भारती ने सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी को भंग करने की जानकारी प्रेस के माध्यम से सार्वजनिक की है, जबकि पार्टी संविधान के अनुसार किसी भी इकाई को भंग करने का अधिकार कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को ही है। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर, महासचिव जोगिंद्र सिंह ठाकुर, अशोक राणा, महिला ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष सुमन अटवाल ने संयुक्त बयान में कहा है कि प्रदेशाध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा एक नोटिफिकेशन जारी करके की जाती है, जबकि प्रदेशाध्यक्ष द्वारा इस तरह का कोई कदम उठाया नहीं गया है। जोगिंद्र सिंह ने कहा कि जब भी ऐसी कोई बात होगी तो उस पर समय और परिस्थिति के अनुसार उचित कदम सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उठाएगी, लेकिन अभी तक कांग्रेस पार्टी के संविधान अनुसार सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्ववत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के जिले में कांग्रेस अध्यक्ष अभी नए-नए बने हैं या तो इन्हें संविधान की जानकारी नहीं है या जान-बूझकर हंसी का पात्र बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुजानपुर तत्काल प्रभाव से जिला अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव पार्टी प्रदेश अध्यक्ष को भेजेगी, ताकि भविष्य में इस तरह के गैर संवैधानिक और पार्टी विरोधी घोषणाएं जिला अध्यक्ष द्वारा न की जाएं।


अशोक राणा व लेखराज ठाकुर।

## रूद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी करवाएगी होली महोत्सव



**जोगिंद्रनगर।** रूद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी द्वारा जोगिंद्रनगर में 24 मार्च को होली महोत्सव का कार्यक्रम करवाया जा रहा है। सोसायटी द्वारा इस दौरान लकी ड्रॉ भी निकाले जाएंगे। 24 मार्च को रामलीला मैदान में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक डीजे का कार्यक्रम व शाम को 6 बजे होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन का सामूहिक कार्यक्रम जोगिंद्रनगर में पहली बार करवाया जा रहा है। रूद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर और को-ऑर्डिनेटर जोगिंद्र शर्मा ने बताया कि होली महोत्सव का कार्यक्रम जोगिंद्रनगर में इस बार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जोगिंद्रनगर में पहली बार सामूहिक रूप से होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सोसायटी की सदस्य विभा शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि होली महोत्सव में पहुंचे व कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी का सहयोग करें।

# मल्होत्रा परिवार को था 'गीठा' प्रज्वलित करने का अधिकार

अनंत ज्ञान स्पैशल

**बाबा भूतनाथ मंदिर में राजा ने धनदेव मल्होत्रा के पुरखों को सौंपा था अधिकार**

**अनिल शर्मा, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव संपन्न होने के उपरांत बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में विधिवत प्रज्वलित होने वाले गीठा परंपरा के राजकीय अधिकार को लेकर शहर में चर्चाएं जोरों पर हैं।



धनदेव मल्होत्रा।

मंडी पीडिया पर गीठा प्रज्वलन को लेकर सबसे अधिक देखी गई पोस्ट के बाद अनंत ज्ञान ने इसको प्रबुद्ध पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। बता दें कि सदियों से बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में गीठा प्रज्वलित किया जाता है, जिसमें क्षेत्रवासी अपने-अपने घरों से लकड़ी लाकर डालते हैं। यह प्रथा वर्षों बाद भी अनवरत चली आ रही है। गौर हो कि रियासत काल में इस परंपरा को निभाने की जिम्मेदारी राजा ने धनदेव मल्होत्रा के परिजनों को सौंपी थी। धनदेव ने मृत्युपर्यंत वर्ष 1989 तक इस परंपरा का निर्वहन किया, इनके पश्चात उनके तीनों बेटे क्रमशः महेंद्र भूतू (जिनका कुछ वर्ष पहले स्वर्गवास हो चुका है), जगदीश व ईश पारिवारिक स्तर पर अभी भी इस परंपरा का अनवरत निर्वहन कर रहे हैं।

हैरानी की बात है कि अब मेला कमेटी की ओर से इस बारे में महाशिवरात्रि पर्व पर गीठा प्रज्वलित करने के लिए उन्हें कोई निमंत्रण नहीं दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)



बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में प्रज्वलित किया गया गीठा।

### राजा के दरबार में करते थे नौकरी

धनदेव मल्होत्रा के पुरखे देवी सहाय मंडी राजा के दरबार में नौकरी करते थे और उनकी देखरेख में रानी साहिबा रा दवाला मंदिर का निर्माण किया गया था, जिसे अब एकादश रूद्र महादेव के नाम से भी जाना जाता है। इससे प्रसन्न होकर राजा ने इन्हें चौहटा बाजार में मानगढ़ भवन का एक भाग इनाम में दिया था।

**भाग-5**

### प्रशासन से भी मिलता था निमंत्रण

बाबा भूतनाथ मठ मंदिर के आसपास की प्रॉपर्टी को कोई नुकसान न हो इस बारे में स्थानीय प्रशासन ने वर्ष 1961 में एक पत्र मास्टर धनदेव मल्होत्रा व शिवराम सराफ को प्रेषित कर उनसे अनुरोध किया कि अंगीठे की ऊंचाई व आकार इस तरीके से रखा जाए कि इससे फर्श और आसपास कोई नुकसान न हो। यह पत्र इस बात का प्रमाण है कि उस समय रियासत काल के बाद प्रशासन भी इन्हें गीठा प्रज्वलित करने के लिए निमंत्रण देता रहा है।

## वल्लभ कॉलेज में समारोह 22 को

**मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी का 73वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 22 मार्च को आयोजित किया जाएगा। समारोह में भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी डिप्टी कमिश्नर मंडी अपूर्व देवगन बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। समारोह में अकादमिक सत्र 2023-24 में एनसीसी, रोवर रेंजर, एनएसएस, खेलकूद, सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षा, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

## भंगरोटू में जागरूक किए मतदाता

**मंडी।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल भंगरोटू में विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ को आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में जानकारी दी गई। सभी से 100 प्रतिशत मतदान के लिए अपने आस-पड़ोस, सगे संबंधियों और समाज को जागरूक करने की अपील की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के अंतर्गत लोकतंत्र की समृद्धि के लिए सभी को मतदान के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वीप नोडल ऑफिसर पवन कुमार, नोडल ऑफिसर मीडिया एवं कम्युनिकेशन वेद प्रकाश, प्रधानाचार्य नरेश व अध्यापक मौजूद रहे।

## कृषि के विकास को सामंजस्य जरूरी

**सुंदरनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर में बुधवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सलाहकार समिति के सदस्यों के अतिरिक्त प्रगतिशील किसानों के साथ-साथ केंद्र के वैज्ञानिक भी मौजूद रहे। इस बैठक की अध्यक्षता चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति डॉ. डीके वत्सा ने की। इस मौके पर कुलपति डॉ. डीके वत्सा ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान सबकी मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं जिसमें सबको भोजन सुनिश्चित करना सर्वोपरी है। कृषि के विकास के बिना इसकी संकल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि के समग्र विकास के लिए सभी विभागों में सामंजस्य बेहद जरूरी है और कृषि विकास से जुड़े सभी विभागों को किसान हित के लिए अपने- अपने कार्यक्रम एक-दूसरे से सांझा करने चाहिए। इससे पूर्व केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने केंद्र द्वारा पिछले वर्ष किए गए कार्यों का प्रजेंटेशन दिया।

## गाड़ी के ब्रेक फेल, लगी आग



**मंडी।** पुष्कर धीमान पुत्र रविंद्र धीमान निवासी हटवास तहसील कांगडा जिला मंडी राजस्थान से आए अपने तीन दोस्तों रामबाबू सोनी, अरुण चौधरी व अमर यादव के साथ गाड़ी से कोटरुपी पधर पहुंचे तो गाड़ी की ब्रेक फेल हो गई। पुष्कर धीमान गाड़ी चला रहे थे ने हैंड ब्रेक की मदद से गाड़ी को रोका व रुकते ही गाड़ी के बोनट से धुआं निकलने लगा और गाड़ी में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की मदद से आग को बुझाया गया, लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह जल गई थी। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई शारीरिक क्षति नहीं पहुंची है।

## न्यूज ब्रीफ

### 23 मार्च को मनाएंगे शहीदी दिवस

**मंडी।** पूरे भारतवर्ष में 23 मार्च शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। इसके बारे में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ ओआर हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा, जनरल सेक्रेटरी लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल व कोषाध्यक्ष रोशन लाल चौहान ने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ ओआर हिमाचल प्रदेश के पूर्व सैनिक 23 मार्च को एक महारैली तथा मीटिंग का आयोजन पूर्व सैनिक डिफेंस अकादमी लूना (नजदीक बाबा बड़ोह) जिला कांगड़ा में आयोजित करेंगे। इस महारैली में सबसे पहले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके देश के प्रति त्याग और बलिदान को याद किया जाएगा। इसके उपरांत इस महारैली में ओआर ओपी भाग 2 की विसंगतियों के निवारण के लिए चल रहे आंदोलन की रणनीति पर भी गहन चर्चा की जाएगी और नीति बनाई जाएगी। इसलिए इसमें राज्य के सभी जिलों के पदाधिकारी तथा सभी सदस्यों की उपस्थिति बहुत अनिवार्य है।

### आर्मी कैंप में शामिल हुए एनसीसी कैडेट्स



आर्मी अटेचमेंट कैंप में शामिल हुए एनसीसी कैडेट्स।

**सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के सात एनसीसी कैडेट्स पीयूष, अमित राज, अश्वनी कुमार, गौरव वर्मा, शिवम राज, पंकज व उदय कुमार डलहौजी में आयोजित आर्मी अटेचमेंट कैंप में शामिल हुए। एनसीसी के सीपीएल मोहित कुमार के अनुसार छह जैक राइफल के अधीन मनकोट लाइन डलहौजी ने लड़कों के लिए 12 दिवसीय कैंप का आयोजन 17 से 28 मार्च तक किया जाएगा। आर्मी कैंप का आयोजन 5 एचपी कॉय एनसीसी बटालियन धर्मशाला द्वारा किया जा रहा है। इसमें आठ बटालियन से 94 कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें दो एचपी बटालियन एनसीसी मंडी से 15 कैडेट्स जिसमें एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर से सात और मंडी कॉलेज से आठ कैडेट्स है। सोलन बटालियन से 14 कैडेट्स, रामपुर बटालियन से 12, डलहौजी से 14, हमीरपुर से सात, धर्मशाला से 16, ऊना से 11 और कुल्लू से पांच कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं।

### राकेश बोले- चुनाव लड़ने से मुकरे कांग्रेसी

**मंडी।** एनडीए के 400 पार के नारे के बाद और देश विदेश में प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को देखते हुए कांग्रेस की स्थिति आज युद्ध से पहले पीठ दिखा कर भागने जैसी हो गई हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश वालिया ने कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने के सपने देखने वाले नेता चाहे वो सांसद प्रतिभा सिंह हो या रामलाल और कौल सिंह चुनाव लड़ने से मुकर रहे हैं, क्योंकि उन्हें आभास हो गया है कि एक बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही हैं। राकेश वालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश ने आश्चर्यचकित करने वाले आयाम स्थापित किए हैं और भारत देश की सफलता का डंका विदेशों में भी बजा है।

### नेता प्रतिपक्ष जयराम की सोच महिला विरोधी

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता, परिषद के राज्य संयोजक सद्दीक मोहम्मद, प्रदेश महामंत्री शकुंतला कश्यप, सचिव धर्मी देवी, प्रदेश संगठन सचिव सरदार सुरजीत सिंह खालसा, जिला महिला अध्यक्ष लखप्रीत कौर, जिला प्रधान चंद्रवीर कागरा, महासचिव अशोक नागवंशी, कबीर सभा समन्वयक भगत राम, दलित समाज प्रचार सचिव खूबेराम चौहान व वाल्मीकि समाज सुधार समिति जिला महामंत्री आदेश कुमार ने संयुक्त बयान में प्रदेश सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में पार्टी के अन्य विधायकों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर योजना के फार्म भरने पर जो रोक लगवाई है उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस योजना पर रोक लगवाना महिला विरोधी सोच और विकृत मानसिकता का परिचय है।

### जोगिंद्रनगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**जोगिंद्रनगर।** बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट पिता ने पुलिस थाना में दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार प्रवासी मजदूर राजस्थान के नागौर के गांव हमीराना के राजूराम ने पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में दर्ज शिकायत में कहा है कि वह मंगलवार को छपरोट गांव काम करने के लिए गया था। शाम को 6 बजे जब घर वापस आया तो उसकी 20 वर्षीय बेटी घर में नहीं थी। उन्होंने पुलिस से फरियाद की है कि उसकी बेटी का पता लगाया जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कंट्रोल रूम में करें शिकायत

## डीसी अपूर्व देवगन बोले- लोकसभा चुनाव के चलते जिले में की गई स्थापना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला मंडी के समस्त दस विधानसभा क्षेत्रों तथा जिला मुख्यालय मंडी में नियंत्रण कक्षों की स्थापना कर दी गई। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि जिस भी व्यक्ति, राजनीतिक दल तथा उम्मीदवार को निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो या किसी प्रकार की कोई शिकायत दर्ज करवानी हो तो वे दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला पुलिस मुख्यालय नियंत्रण कक्ष मंडी में दूरभाष नंबर 01905-223374 व 89884-84848, जिला आदर्श आचार संहिता नियंत्रण कक्ष मंडी 01905-225707, जिला निर्वाचन व्यय नियंत्रण कक्ष व कॉल सेंटर मंडी 01905-224707 तथा टोल फ्री नंबर 1950 स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि करसोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01907-222201, सुंदरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01907-266606, नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01907-297766, सिराज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01907-297767, द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01908-292503, जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01908-222894, धर्मपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01905-299385, मंडी सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01905-223707, बल्ह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01905-243445 तथा सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 01905-230142 रहेगा।

### पुलिस थाने में जमा करवाएं पंजीकृत हथियार

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में जिन भी लोगों के पास पंजीकृत हथियार हैं उन्हें निर्वाचन से पूर्व संबंधित क्षेत्र के पुलिस थानों में जमा करवाना आवश्यक है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि पहली जून को हिमाचल प्रदेश में निर्धारित आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंडी जिला में पंजीकृत सभी हथियारों को संबंधित पुलिस थानों में जमा करवाना जरूरी है। उन्होंने जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऐसे सभी नागरिकों से जिनके पास पंजीकृत हथियार हैं, उन्हें अपने क्षेत्र के पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में आदेशों की अवहेलना होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मतदाता सूची में जोड़े जा रहे वोटर्स के नाम

**मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन को मध्यनजर रखते हुए जिला मंडी की सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। जब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होगा तब तक मतदान नहीं किया जा सकता है, भले उसके पास मतदाता पहचान पत्र क्यों न हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए छूटे हुए मतदाता अपने मतदान केंद्र के बूथ लेबल अधिकारी के कार्यालय में जा कर एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या आयु और निवास के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि साथ लेकर अपना और अपने परिवार के सदस्य जो 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर रहे हैं का नाम मतदाता सूची में चार मई 2024 तक दर्ज करवा सकते हैं।

## 50 शिक्षक 439 असाक्षरों को करेंगे साक्षर

**मंडी।** भारत सरकार द्वारा देश के सभी नागरिकों को साक्षर करने के उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में किए गए प्रावधानों को लागू करने हेतु समाज के 15 वर्ष से अधिक के असाक्षर व्यस्कों को साक्षर बनाने को 2022 से 2027 तक एक विशेष कार्यक्रम नवभारत साक्षरता कार्यक्रम-उल्लास के अंतर्गत गांव के स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षित करके समाज के असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने का बीड़ा उठाया गया है। इस कड़ी में जिला मंडी के शिक्षा खंड सदर-2 कटौला में लगभग 50 स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सदर द्वितीय इंद्र सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। स्वयंसेवी शिक्षकों को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों व विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इंद्र सिंह भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि शिक्षा खंड सदर द्वितीय में लगभग 439 असाक्षर लोगों को साक्षर किया जाएगा।

# गांधी वाटिका जोगिंद्रनगर में लगा सेल्फी प्वाइंट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर की गांधी वाटिका को सुंदर व आकर्षित बनाने के लिए इसका कायाकल्प किया जा रहा है जिस पर करीब 30 लाख रुपए की राशि व्यय की जा रही है। गांधी वाटिका में सुंदर गेट सहित बच्चों के लिए झूले लगाए गए हैं। वाटिका में हाईमास्ट लाइट लगाई गई है।

बुधवार को गांधी वाटिका के विकास में एक और मील पत्थर जुड़ गया। वाटिका में 60 हजार रुपए की लागत से सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गया है, जिससे स्थानीय युवाओं में इसको लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है।




बार्ड नंबर चार की पार्षद शिखा ने बताया कि इस वाटिका में स्थानीय लोगों सहित दूर-दूर से पर्यटक आते हैं जो कि यहां बैठ कर सुकून का एहसास करते हैं। उन्होंने कहा कि सेल्फी प्वाइंट से यहां पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा, जिससे स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वाटिका को और सुंदर बनाने के लिए पांच लाख रुपए की लागत से बच्चों के लिए नए झूले लगाए जाएंगे तथा वाटिका में लोगों की सुविधा के लिए कैफे हाउस बनाया जाएगा। इसके साथ ही वाटिका में फाउंटेन भी लगाया जाएगा।

# इंतजार खत्म: आईटीआई संधोल को 13 साल बाद मिला भवन

**अनंत ज्ञान, संधोल**

**बल्याली में पांच करोड़ की लागत से हुआ निर्माण**



लगभग 13 वर्ष पहले स्थापित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संधोल को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अपना भवन मिल गया है। आईटीआई संधोल का अपना भवन क्षेत्र के बल्याली गांव में लगभग पांच करोड़ की लागत से बना है।

यह संधोल-धर्मपुर मुख्य सड़क पर घेरकूट (बल्याली) में स्थित है। करीब 13 वर्ष पहले खुला यह संस्थान शुरुआती वर्षों में संधोल स्कूल के भवन में चलता था उसके बाद निजी भवन किराये पर लेकर इस संस्थान को चलाया जा रहा था, जिसके चलते न नए मंजूर हुए सभी ट्रेड यहां शुरू हो पा रहे थे और न ही नई मशीनरी यहां लग पा रही है। संस्थान खुलने के समय पांच ट्रेड यहां स्वीकृत थे, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, सिलाई कढ़ाई, मोटर मेकेनिक और कंप्यूटर साइंस शामिल थे, लेकिन भवन के अभाव में तीन ट्रेड इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सिलाई कढ़ाई ही यहां संचालित हैं, जबकि मोटर मेकेनिक और कंप्यूटर साइंस दो ट्रेड यहां अभी तक शुरू भी नहीं हो पाए हैं। लोगों ने सरकार से मांग रखी है कि ड्रोन तकनीक और स्टेनो टाइपिस्ट से संबंधित ट्रेड भी यहां शुरू करवाए जाएं, ताकि युवा वर्ग आज के युग के साथ नई तकनीक में भी कौशल प्राप्त कर सके। संस्थान के प्रधानाचार्य लेखराज ने बताया कि नए निर्मित भवन को विभाग ने अपने अधीन ले लिया है और अब नए भवन में ही यह संस्थान सेवाएं देगा।

# महिला पेंशन की गारंटी पूरी करने पर बौखलाई भाजपा : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि प्रदेश की महिला पेंशन गारंटी से भाजपा जिस तरह से बौखलाई है उससे लगता है कि भाजपा महिलाओं का हित नहीं चाहती है, जबकि यही भाजपा पहले तो पेंशन न देने पर हंगामा कर रही थी। अब महिलाओं के फार्म भरने लगे तो उस पर बेवजह टीका टिप्पणी करने लगे हैं। हिमाचल की राजनीति में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने भाजपा के सियासी समीकरण बिगाड़ दिए हैं। इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार की पांच गारंटियों के दम पर प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू की प्रदेश की जनता में बढ़ती लोकप्रियता ही विपक्ष को सहन नहीं हो पा रही है।



जिसे देखते हुए भाजपा के नेता केंद्र सरकार की आड़ में जनता द्वारा चुनी सरकार को अस्थिर करने की साजिश कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि विरोधियों को गंदी राजनीति और ओछे हथकंडे अपनाने से बाज आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार द्वारा 2014 के चुनाव में जो लोगों को 15-15 लाख रुपए देने की घोषणा की थी, दस वर्ष पूरे होने के बावजूद पूरी नहीं हो पाई है।

## गोहर में बाल मेला आयोजित किया

**गोहर।** खंड प्राथमिक शिक्षा कार्यालय चच्योट प्रथम गोहर में पहली शिक्षक माता पर आधारित एक बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें पहली शिक्षक मां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा खंड की छह केंद्रीय पाठशालाओं की लगभग 100 माताओं और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईईओ गोहर बलदेव सिंह ने किया।

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of:-** 1. Mr. Tsewang Namgyal aged about 52 years S/o Sh. Chering Dorjee # 108, Chauntra P.O. Chauntra Tehsil Joginder Nagar Distt. Mandi (H.P.)

2. Smt. Sonam Chontso aged about 67 years W/O Sh. Tsewang Namgyal # 108, V.P.O. Chauntra Tehsil Joginder Nagar Distt. Mandi (H.P.)

**Applicants.**

**Versus**

**General Public**

Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Tsewang Namgyal and Smt. Sonam Chontso have filed an application on dated 18.03.2024 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 01.08.2004 according to the custom & ritual of Budhist religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act. 1954

Therefor, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 18.04.2024. The objection received after 18.04.2024 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 19.02.2024 under my hand and seal of this court.

**Maneesh Chaudhary H.A.S.**
**Marriage Officer-cum,**
**Sub Divisional Magistrate**
**Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**
**Phone No. 01908-223895**

# सफाई कर्मियों के शोषण को लेकर चुनाव आयोग से मिलेंगे चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि अंशकालिक और डेली वेजिज कर्मचारियों को पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है उसको लेकर वल्लभ कॉलेज मंडी का दौरा कर प्रिंसिपल से चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को वेतन मिल रहा है, जबकि कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें वेतन पिछले पांच माह से नहीं मिल रहा है। चमन राही ने कहा कि इस बारे डायरेक्टर हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट अमरजीत शर्मा से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि वित्त विभाग को मामला भेजा है।



चमन राही ने कहा कि डायरेक्टर साहब ने इस मामले में भवन निर्माण, फर्नीचर आदि का बजट भी डाल दिया, जिस कारण यह पास नहीं हुआ। चमन राही ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण अंशकालिक और डेली वेज को वेतन नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि 15 लाख सैलरी की आड में और मदे भी डाल दी गई, जिससे करोड़ों का बजट मांगा गया, इस कारण मामला लटक गया है। चमन राही ने कहा कि होना यह चाहिए कि और कर्मचारियों और अधिकारियों की भांति पूरे वित्त वर्ष का बजट बनाया जाना चाहिए। हिमाचल ग्रामीण बैंक में पार्ट टाइम सफाई कर्मचारियों के लंबे अरसे से हो रहे शोषण को लेकर वह एक रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश निर्वाचन आयोग को सौंपेंगे, ताकि इन कर्मचारियों को शोषण से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सफाई कर्मचारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पिछले 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन बैंक ने इनके पक्ष में कोई भी पॉलिसी नहीं बनाई है और इनका भविष्य अधर में लटका है।

**कैंप** विश्व ओरल हेल्थ दिवस पर लोगों को किया जागरूक

# रत्ती अस्पताल में 30 लोगों के दांत जांचे

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विश्व ओरल हेल्थ दिवस पर बुधवार को नागरिक चिकित्सालय रत्ती में फ्री डेंटल ओरल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों के दांतों का चेकअप, ट्रीटमेंट और ओरल हेल्थ को लेकर जागरूक किया गया। शिविर में नागरिक चिकित्सालय के चिकित्सक, हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों, नैना कॉलेज ऑफ नर्सिंग व अभिलाषी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की संयुक्त टीम ने भाग लिया। शिविर में 150 लोगों के दांतों की जांच की गई तथा मौके पर मौजूद डेंटल वैन व अस्पताल के डेंटल सेंटर में 30 लोगों का उपचार भी किया गया। इस अवसर पर बीएमओ रत्ती डॉ. पीयूष वैद्य शामिल रहे।



फ्री डेंटल कैंप के दौरान डॉक्टर व अन्य सामूहिक चित्र में।

उन्होंने लोगों को ओरल सेहत के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। शिविर में उपस्थित लोगों को ओरल हेल्थ शपथ भी हस्ताक्षरित करवाई गई। इसमें सभी लोगों ने अपनी ओरल सेहत की देखभाल करने की प्रतिज्ञा ली। मौके पर एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ओरल हेल्थ के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में सिविल अस्पताल की डॉ. अभिलाषा, डॉ. पूजा, डॉ. जितेंद्र, डॉ. सुमित शामिल रहे। हिमाचल डेंटल कॉलेज की ओर से दंत डॉ. साहिल ठक्कर, डॉ. मोनिका पठानिया, डॉ. ईशा, डॉ. प्राणी, डॉ. अविनाश प्रताप, डॉ. भौमिक, डॉ. अंजलि, डॉ. आर्यन मोहन, डॉ. सिमरन कलिया, डॉ. शगुन शर्मा, डॉ. साक्षी, डॉ. सागर पराशर, द्रोपदी और सेवक राम शामिल रहे। नैना कॉलेज ऑफ नर्सिंग से राजबाला ठाकुर, शिवानी ठाकुर व टीम तथा अभिलाषी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से सुरुचि ठाकुर, काजल व उनकी टीम शामिल रहे।

न्यूज ब्रीफ

## पंजोआ में पलटी कार, पांच लोग चोटिल



**अंब।** पंजोआ में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पांच लोगों को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार दोपहर 1:45 बजे मैड़ी मेला सेक्टर नंबर-8 पंजोआ में कार (नंबर एचआर 49सी 8626), जिसे चालक रजत कुमार पुत्र धर्म पाल निवासी शांति नगर कालका हरियाणा चला रहा था, अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी में कुल चार लोग सुनील गुप्ता पुत्र रजिंद्र प्रसाद गुप्ता, ऊषा देवी पत्नी सुनील गुप्ता निवासी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी पंचकूला हरियाणा तथा इनका पोता सवार था जो कि पालमपुर से चंडीगढ़ जा रहे थे। गाड़ी के पलटने से सभी को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार हेतु सिविल अस्पताल अंब ले जाया गया। एसडीपीओ अंब डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राजेंद्र कौशल को डिप्टी डायरेक्टर बनने पर बधाई



**गोंदपुर बनेहड़ा।** ऊना जिला लेक्चर संघ की टीम ने डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन राजेंद्र कौशल से भेंट कर उन्हें डिप्टी डायरेक्टर बनने पर बधाई दी है। इस अवसर पर लेक्चर संघ के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रिंसिपल सतपाल विशिष्ट, लेक्चर संघ के प्रांतीय संगठन सचिव राजन शर्मा, लेक्चर कुलवंत सिंह, बिहारी लाल, राकेश, वरुण पाठक, नीरज सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## 'लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें विद्यार्थी'



**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा स्वीप अभियान के तहत विद्यार्थियों को चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सुडोकू खेल का आयोजन किया गया। स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देते और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागिता लोकतंत्र का निर्माण करना है। इस दौरान सभी विद्यार्थियों, जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है, को वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से अपना वोट बनवाने के लिए भी जागरूक किया गया। वक्त lओं ने अपने समस्त संबोधन में विद्यार्थी वर्ग से आग्रह किया कि वो लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करें। यह जानकारी चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो0 अनय कुमार द्वारा प्रदान की गई।इस अवसर पर प्रो परीक्षा देवी सहित स्टाफ़ सदस्य उपस्थित रहे।

# आदर्श आचार संहिता का पालन करें राजनीतिक दल

**जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने को कहा।

उन्होंने संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ ही प्रतिनिधियों के प्रश्नों-शंकाओं का समाधान भी किया। बैठक में तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर, बीजेपी के प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि राजीव पुरी व तिलक राज सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'सुविधा ऐप' पर मिलेगी चुनावी कार्यक्रमों की अनुमति

**उपायुक्त** ने बताया कि चुनावी कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न अनुमतियों को लेकर भारतीय चुनाव आयोग ने 'सुविधा ऐप' बनाई है। इसके माध्यम से चुनावी रैलियों, नुक्कड़ बैठकें और लाउड स्पीकर के प्रयोग समेत चुनाव प्रचार से जुड़ी विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्राप्त की जा सकती हैं। इसमें स्टार प्रचारकों और पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन की अनुमति, हैलीकॉप्टर और हैली पैड के उपयोग, पार्टी का अस्थायी कार्यालय खोलने, व्हीकल परमिट, गाड़ियों में लाउडस्पीकर लगाने की परमिशन, उम्मीदवार और चुनाव एजेंट के लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में वाहन की अनुमति समेत चुनावी कार्यक्रमों से जुड़ी विभिन्न अनुमतियां प्राप्त की सकती हैं।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक करते उपायुक्त जतिन लाल

### सार्वजनिक संपत्ति पर नहीं लगा सकेंगे प्रचार सामग्री

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एमसीसी के दृष्टिगत सार्वजिनक सम्पत्ति पर दीवार लेखन, चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करना, बैनर, झंडे व हार्डिंग्ज लगाना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त निजी संपत्ति पर इस प्रकार की प्रचार सामग्री लगाने के लिए संबंधित संपत्ति मालिक से एनओसी लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि चुनावों के दौरान धार्मिक स्थलों के साथ-साथ अस्पतालों व शैक्षणिक संस्थानों में अस्थायी अभियान ऑफिस स्थापित नहीं कर सकेंगे। वहीं मतदान वाले दिन पोलिंग स्टेशन के 200 मीटर दायरे के भीतर भी अस्थायी अभियान ऑफिस बनाने की मनाही रहेगी। किसी भी उम्मीदवार को विज्ञापन जारी करने के लिए मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति के समक्ष अपने विज्ञापन संबंधित दस्तावेज़ तीन पहले प्रस्तुत करने होंगे। चुनाव प्रचार में सेना और सेनिकों के चित्रों के प्रयोग की मनाही रहेगी। प्रचार में बाल मजदूरी और पशुओं का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रचार में प्लास्टिक और पॉलिथीन के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी।

### दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिए विशेष प्रबंध

**जतिन** लाल ने बताया कि 85 से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए चुनाव आयोग ने विशेष प्रबंध किए हैं। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व्यक्तियों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को घर से मतदान के विकल्प की सुविधा रहेगी। उन्हें घर से वोट डालने का विकल्प चुनने के लिए फॉर्म-12 डी भरना होगा। यह फॉर्म बीएलओ घर-घर उपलब्ध करांगे। यह इसके अतिरिक्त उनके लिए पोलिंग स्टेशन पर भी विशेष प्रबंध रहेंगे। सुगम चुनाव तय बनाने को उनके लिए घर से वाहन सुविधा, मतदान केंद्र पर रैंप, व्हीलचेयर व वॉलंटियर्स की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### आचार संहिता के उल्लंघन की करें शिकायत

**जतिन** लाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल ऐप सीविजिल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आइएन या गूगल-पे स्टोर के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए आदर्श आचार संहिता की अवहेलना करने वालों की शिकायत आसानी से सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है।

## हरोली में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को छेड़ा हस्ताक्षर अभियान

**लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी तय बनाने पर जोर**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर व्यवस्थित मतदाता, शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के तहत उपमंडल हरोली में मतदाता जागरूकता के मकसद से हस्ताक्षर अभियान आरंभ किया गया है। एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर ने बुधवार को मिनी सचिवालय हरोली से अभियान का शुभारंभ किया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय जनता ने भाग लिया।

इस अवसर पर दौरान एसडीएम राजीव ठाकुर ने सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को मतदान में भाग लेकर देश का जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाने तथा बिना किसी दबाव व प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने लोगों को घरों व आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने में सक्रिय सहयोग की अपील की।



स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली

इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्करों ने मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। इस दौरान दोनों हाथों से दिव्यांग एक महिला ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर प्रभावशाली तरीके से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर सभी को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

बता दें, निर्वाचन आयोग ने सभी के लिए मतदान को सुगम बनाने के लिए तमाम प्रबंध किए हैं। दिव्यांगों की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## हटली श्री राम कथा में सीता माता से मिले हनुमान, श्री राम निशानी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में चल रही श्री राम कथा में प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि जब प्रभु श्री राम जी माता सीता सहित पंचवटी पहुंचे तो एक दिन लंका पति रावण माता सीता का हरण करके अयोध्या ले गया और जब प्रभु राम माता सीता की खोज करते हुए रिश्यकमुक पर्वत पर पहुंचे तो प्रभु श्री राम की मुलाकात बीर हनुमान से हुई और सुग्रीव से मित्रता करके प्रभु श्री राम जी ने बाली का वध किया। उसके बाद हनुमान जी को लंका में माता सीता की खोज करने के लिए भेजा गया।

कथा व्यास ने कहा कि हनुमान जी ने लंका में प्रवेश करने के बाद माता सीता को प्रभु श्री राम जी की निशानी दी। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान जी लंका दहन करने के बाद वापस श्री राम जी के पास पहुंचे। वहीं कथा में जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, पूर्व प्रधान राजेंद्र मलांगड़, एवं सुभाष शास्त्री ने शिरकत करके श्री राम कथा का रसपान किया।



कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा को सम्मानित करते आयोजक।

ज्ञात रहे श्री राम नाटक क्लब हटली बीते 66 वर्षों से शुद्ध रामायण मंचन करता आ रहा है और हर वर्ष नवरात्रों में श्री राम जी की मर्यादाओं का मंच से लीलाओं का बखान करता है। हर वर्ष मार्च माह में श्री राम कथा का आयोजन करवाता है।

इस मौके पर क्लव के निदेशक विपन साजन, प्रधान सुरेंद्र हटली, महिला बिंग की अध्यक्ष ज्योति वर्जाता, हंसराज बर्जाता, अंकुश बर्जाता, कोषाध्यक्ष, सुरेश शर्मा, महासचिव, कामलदेव शास्त्री, मदन गोपाल,रिंकू रिवाड, पूर्ण सिंह राणा, विवेकशील शर्मा, किशन देव शर्मा, सुरेंद्र राणा, संजय सोनी के अलावा सभी सदस्य मौजूद रहे।

## डिप्टी डायरेक्टर ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

डिप्टी डायरेक्टर हायर राजिंद्र कौशल ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पर उनके साथ प्रिंसिपल सतपाल विशिष्ट, वरुण पाठक, नीरज सैनी उनके साथ उपस्थित थे।

इस अवसर प्रिंसिपल सरला ठाकुर, अधीक्षक रजनी शर्मा लेक्चरर राजन शर्मा, अनु शर्मा, मुकेश कुमार, सुरेश ठाकुर, राजन कुमार, एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रामनगर, भद्रकाली, गोंदपुर बनेहड़ा, दौलतपुर में भी औचक निरीक्षण किया। डिप्टी डायरेक्टर राजेन्द्र कौशल ने बताया आज उन्होंने काफी स्कूलों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और रिकार्ड की जांच की गई और उचित निर्देश दिए गए। इसके अलावा भद्रकाली में प्रिंसिपल सतपाल विशिष्ट बिहारी लाल, कुलबंत, सुरजीत राणा, राजेन्द्र राणा, राकेश, अधीक्षक संजय शर्मा, बरजिंद्र रतन भी उपस्थित थे।



स्कूल का निरीक्षण करते डिप्टी डायरेक्टर, साथ हैं अन्य।

## 'डीआईएसई' सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला 21 को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के 'नेक्स्ट जेन डीआईएसई' सॉफ्टवेयर में चुनावी कर्मियों की डाटा एंट्री को लेकर 21 मार्च को प्रशिक्षण कार्यशाला रखी गई है। यह कार्यशाला डीआरडीए सभागार ऊना में प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयों के प्राधिकृत आईटी कर्मियों को कार्यशाला में भाग लेने के निर्देश देने को कहा है।

### क्या है नेक्स्ट जेन 'डीआईएसई' साफ्टवेयर

चुनावों में कर्मचारियों की डियूटी लगाने की प्रक्रिया को आसान तथा पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग ने 'नेक्स्ट जेनरेशन डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर इलेक्शन' सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें कर्मचारियों का डाटा फीड किया जाएगा। मतदान केंद्रों में कर्मचारियों की डियूटी इसी 'डीआईएसई' सॉफ्टवेयर के माध्यम से लगाई जाएगी।

## घाट के पत्तनों की नीलामी पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

पंचायत समिति बंगाणा की बैठक पंचायत समिति अध्यक्ष देवराज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में गोबिंद सागर झील में चलने वाले पत्तनों की नीलामी पर चर्चा की गई। पंचायत समिति के19 मात्र 12 पंचायत समिति सदस्य ही इस बैठक में उपस्थित हो सके।

पतनों की नीलामी को लेकर तिथि और औपचारिकताएं पूर्ण करनी थी लेकिन चुनाव आचार संहिता लगने के कारण उसे अभी स्थगित किया गया। वहीं इस विषय को अनुमति लेने के लिए चुनाव आयोग को अनुमति पत्र लिखने का प्रस्ताव पारित हुआ। वहीं, पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र अत्री ने बताया कि इस बैठक में पतनों की नीलामी को लेकर बैठक की गई, लेकिन चुनाव आचार संहिता के चलते चुनाव आचार संहिता के चलते अभी तक नीलामी नहीं हो सकती तथा इसकी अनुमति के लिए पत्र चुनाव आयोग को भेजा गया है।

इस मौके पर राजकुमार, सोरभ, कमलजीत कौर, त्रिशला देवी, सीमा कुमारी, प्रकाश चंद, पूजा, जोगिंद्र और पंचायत समिति के उपाध्यक्ष जमीत सिंह उपस्थित रहे।



पत्तनों की नीलामी के लिए आयोजित बैठक में पंचायत समिति के सदस्य।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लोगों को समझाया मताधिकार का महत्व

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव में जन भागीदारी बढ़ाने तथा मत प्रतिशत में बढ़ोतरी के मकसद से ऊना जिला प्रशासन लोगों को मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने में जुटा है। इसमें सभी विभागों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को बाल-विकास परियोजना ऊना के अधीन कार्यरत 355 आंगनवाड़ी केन्द्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए गए। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लोगों को मताधिकार के महत्व तथा प्रयोग को लेकर जागरूक किया। उन्होंने लोगों को यह भी जानकारी दी कि चुनाव आयोग ने दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा का विकल्प दिया है। इसके लिए उन्हें फॉर्म-12डी भरना होगा। यह फॉर्म बीएलओ घर घर उपलब्ध कराएंगे।

### डीसी बोले- मताधिकार के प्रयोग से मजबूत होता है लोकतंत्र

**वहीं,** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिला प्रशासन शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने इसमें सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि मताधिकार के प्रयोग से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। सभी मतदाता निर्भीकता से चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## लोगों को आग से सावधानी रखने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, अंब**

नगर पंचायत एवं की अध्यक्ष इंदु धीमान और वार्ड नंबर 2 की पार्षद अंजली सूद ने एवं पंचायत वार्ड नं. 3 में झुग्गियों में रहने वाले अप्रवासी लोगों को गर्मियों के मौसम अचानक लगनी वाली आग के समय सावधानियां रखने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बताया कि झुग्गियों के अंदर रात के समय चूल्हे की आग को पूरी तरह से बुझाएं और लड़कियों को पानी डालकर बुझाएं किसी भी तरह के ज्वलनशील वस्तु को झुग्गियों के अंदर-बाहर रखते समय पूरी तरह से सावधानी बरतें। इंदु धीमान ने कहा कि जहां तक हो सके तो लोगों को सिगरेट पीने और उसको फैंकते समय विशेष ध्यान रखें, क्योंकि गर्मियों के मौसम के समय हमारे आस-पास सूखा घास होता है, जिस कारण असमय अनहोनी घटना होने का डर बना रहता है।



लोगों को आग से बचाव बारे जागरूक करती नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान व अन्य।

## गोहर में फ्री मेडिकल कैंप 23 मार्च को

**गोहर।** रोटरी क्लब मंडी व भानु अस्पताल मंडी के सौजन्य से 23 मार्च को गोहर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान रोटरी क्लब मंडी विजय कश्यप ने बताया कि इस कैंप में डॉ. कुसुम भानु आंख रोग विशेषज्ञ, डॉ. नीरज अल्फ्रेड महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ. सन्नी गुप्ता मेडिसिन विशेषज्ञ व अन्य विशेषज्ञ सेवाएं देंगे।



रिज मैदान पर चहलकदमी करता नवविवाहित जोड़ा।

**दोवेदारी** पंचायत प्रतिनिधियों और हजारों ग्रामीणों ने विधानसभा उपचुनाव के लिए सुझाया अपना प्रत्याशी

## गगरेट में जिला परिषद सदस्य दीपा ने किया शक्ति प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, अंब**

जिला ऊना की गगरेट विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की स्थिति बनने के साथ ही इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जनता ने विधानसभा के लिए अपने नए प्रतिनिधि के रूप में उम्मीदवार तलाश करना शुरू कर दिया है।

इसके चलते बुधवार को गगरेट विधानसभा क्षेत्र में पड़ती उपमंडल अंब की कलरूही, मुबारिकपुर, शिवपुरी, लोअर अंदौरा व अप्पर अंदौरा पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों और हजारों ग्रामीणों ने एक सभा की, जिसमें उन्होंने जिला परिषद सदस्य कुलदीप कुमार दीपा को कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतरने की बात कही।

इन लोगों का कहना है कि दीपा व इनका परिवार एक लंबे अरसे से पंचायत प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करते आ रहे हैं।

कुलदीप कुमार दीपा ने बताया कि पिछले कई दिनों से लोग उनसे संपर्क साध रहे थे और विधानसभा के चुनावी रण में उतरने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी हाईकमान उन्हें बतौर प्रत्याशी उतरती है तो वह गगरेट विधानसभा क्षेत्र की सीट को जीतकर पार्टी की झोली में डालेंगे।





पत्रकारों से बात करते कुलदीप कुमार दीपा व उपस्थित जनसमूह।


**व अदालत नायव तहसीलदार एवं कार्यकारी दंडाधिकारी भरवाईं, जिला ऊना (हि.प्र.)**

01/एनटी/विवाह पंजीकरण- भरवाईं/2004

**श्री दिनेश कुमार पुत्र कुलदीप कुमार निवासी गांव गिंडपुर मलौन उप तहसील भरवाईं, जिला ऊना (हि.प्र.)**

**बनाम** **आम जनता**

**विषयः-** प्रार्थना पत्र अधीन धारा 8 (4) विवाह पंजीकरण अधिनियम,1996

अखवारी इश्तहार/ मुश्तरी मुनादी

**वनाम** **आम जनता**

श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री कुलदीप कुमार गांव गिंडपुर मलौन उप तहसील भरवाईं जिला ऊना (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश किया है कि उसकी शादी श्रीमति अनिता पुत्री जगदीश राज शर्मा निवासी मकान नं. 386/6 मनजीत मंडी अमृतसर जिला अमृतसर पंजाब के साथ दिनांक 12.04.2019 के मुताबिक हिंदु रीति रिवाज से हुई है और तब से वतौर पति पत्नी आपस में रह रहे हैं। जिसका पंजीकरण अज्ञानतावश अपनी पंचायत अभिलेख में नहीं करवाया है। तथा प्रार्थी अब इसे पंजीकृत करवाना चाहता है। रिपोर्ट स्थानीय पंजीकार विवाह पंजीकरण /पंचायत सचिव ग्राम पंचायत गिंडपुर मलौन अनुसार उक्त शादी संबंधित पंचायत में दर्ज न है। अब प्रार्थी अपनी शादी पंजीकृत करवाना चाहता है।

अतः आम जनता को इस ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त शादी दर्ज करने बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 18.04.2024 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करके नियमानुसार संबंधित ग्राम/नगर पंचायत को शादी दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 18.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दंडाधिकारी भरवाईं जिला ऊना (हि.प्र.)**

हर जीवन को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका दिया जाना चाहिए, क्योंकि हर जीवन मायने रखता है।
-बराक ओबामा

## संपादकीय

# हिमाचली महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए पाने के लिए करना होगा इंतजार

हिमाचली महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए पाने के लिए कम से कम तीन माह का इंतजार करना होगा। यह इसलिए कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सुक्खू सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना पर फिलहाल तब तक रोक रहेगी, जब तक आचार संहिता हट नहीं जाती। ऐसे में प्रदेश की हजारों महिलाएं मन मसोस कर रह गई हैं। प्रदेश की पात्र महिलाएं न तो अब योजना के फार्म भर सकेंगी और न ही विभाग उनके फार्म लेगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि जब तक आचार संहिता समाप्त नहीं होती, तब तक इस तरह की योजना को कार्यान्वित नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले इस योजना का ऐलान किया था, तब सीएम ने प्रदेश की पांच लाख महिलाओं को एक अप्रैल 2024 से पंद्रह सौ रुपए देने की घोषणा की थी। सरकार ने इसके लिए बकायदा आठ सौ करोड़ रुपए का बजट भी रखा है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के मतदाताओं को लुभाने के लिए दस गारंटियां जारी की थीं। यह घोषणा भी उन्हीं गारंटियों की पूर्ति करने की दिशा में उठाया गया अहम कदम है। प्रदेश की सुक्खू सरकार इस समय भारी आर्थिक संकट से गुजर रही है।

सुक्खू सरकार इस समय करीब 86 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज के बोझ तले दबी है। सरकार ने हाल ही में 1100 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। जब से सरकार ने कार्यभार संभाला है, तब से सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज लेती जा रही है। पिछला कर्जा चुकता नहीं होता है और अगला कर्ज लेने के लिए सरकार तैयार रहती है। इसमें सरकार का भी दोष नहीं है, क्योंकि केंद्र में धुर विरोधी भाजपा नीत मोदी सरकार बैठी है। सीएम सुक्खू अक्सर आरोप लगाते रहते हैं कि केंद्र सरकार हिमाचल से भेदभाव करती है। न तो उसने प्रदेश में आई भयंकर आपदा में सहायता की और न ही प्रदेश को कोई अतिरिक्त धनराशि जारी की, ऐसे में सुक्खू सरकार को सिर्फ कर्ज का ही सहारा है। अब सवाल यह उठता है कि सुक्खू सरकार इतना भारी भरकम कर्ज चुकाएगी कब?

विपक्ष कर्ज के मसले पर सत्ता पक्ष को अक्सर घेरता रहता है। वह कहता कि है सुक्खू सरकार को इतनी गारंटियां देने की जरूरत नहीं थी। एक हद तक विपक्ष की बात भी सही लगती है। प्रदेश में हर पांच साल बाद सत्ता परिवर्तन होता है और यह सिलसिला कई सालों से चला है। कांग्रेस ने तो वैसे भी सत्ता में आना ही था, तो फिर इतनी गारंटियां देकर वोट बटोरने की जरूरत क्या थी? अब यही गारंटियां सुक्खू सरकार के लिए गले की फांस बनी हुई हैं। वह अपनी इज्जत बचाने के लिए जैसे-तैसे गारंटियां पूरी करने की कोशिश कर रही है और इसी उधेड़बुन में उसका अधिकांश समय नष्ट हो रहा है। ऐसे में विकास कार्यों को समय नहीं मिल पा रहा है। सरकार को सिर्फ चार फीसदी डीए के भुगतान के लिए ही पांच करोड़ की रकम चाहिए।

कर्मचारियों और पेंशनर्स के पे-कमीशन एरियर भुगतान होना बाकी है। खैर, जिला कार्यालयों में फार्म लेने व जमा करवाने के लिए महिलाओं की लाइनें लगी हुई थीं। इसके बाद चुनाव आयोग को इसकी शिकायत की गई थी, जिसके बाद इस पर रोक लगाई गई है। निश्चित रूप से चुनाव आयोग का यह फैसला काबिलेतारीफ है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी योजना पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस योजना के लिए भरवाए जा रहे फार्मों को लेकर राज्य चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी। उनका कहना था कि महिलाओं के आवेदन करने के लिए जो फार्म बांटे गए थे, उनमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सीएम सुक्खू के फोटो लगे हैं, जिससे सत्ता पक्ष को वोटिंग में लाभ मिल सकता है। इस तरह की शिकायतें नहीं आने चाहिएं। यही अच्छे लोकतंत्र की पहचान है।

# राष्ट्रीय एकता व भाईचारे का रंग बिखेरता है होली का पर्व

बसंत ऋतु में मनाए जाने वाले त्योहारों में बसंत पंचमी के अतिरिक्त जो दूसरा मुख्य त्योहार आता है, वह है होली, जिसे रंगों के त्योहार के नाम से भी जाना जाता है। होली का यह त्योहार फागुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन रंगों का विशेष महत्व रहता है। रंगों में भी प्राकृतिक रंगों के साथ-साथ कृत्रिम रंग, गुलाल, अबीर व वनस्पति फूलों के रंग भी शामिल रहते हैं। इन्हीं रंगों के स्थान पर कई स्थानों पर लोगों द्वारा पेंट, मोबऑयल, गोबर, कालिख, राख व अन्य ऐसे ही पदार्थों का प्रयोग करते हैं, जो कि शरीर के लिए हानिकारक होते हैं, जिनका हमें प्रयोग नहीं करना चाहिए। होली का त्योहार चाहे हिंदुओं का ही है, लेकिन इसे अन्य समुदाय के लोगों द्वारा भी बढ़-चढ़कर मनाया जाता है। इसमें राष्ट्रीय एकता व भाईचारे की भावना स्पष्ट दिखाई देती है।

होली के इस त्योहार को मानने के संबंध में जो पौराणिक कथा सुनने को मिलती है, के अनुसार बताया जाता है कि भगत प्रहलाद जो की राजा हिरण्य कश्यप का पुत्र था और वह बड़ा ही धार्मिक प्रवृत्ति वाला तथा भगवान विष्णु का परम भगत था, लेकिन प्रहलाद का पिता हिरण्य कश्यप बड़ा ही घमंडी था और अपने को भगवान ही समझता था, क्योंकि देव ब्रह्मा ने उसे किसी भी तरह न मरने का वरदान जो दे रखा था। उधर, प्रहलाद हमेशा भगवान विष्णु की पूजा-पाठ में लीन रहता था, लेकिन उसका पिता (हिरण्य कश्यप) इसके लिए उसे रोकता और कहता कि मैं ही भगवान हूं, तू मेरी पूजा क्यों नहीं करता, लेकिन प्रहलाद नहीं माना तो उसके पिता ने उसे कई प्रकार के दंड के साथ अपमानित करना भी शुरू कर दिया। भगत प्रहलाद तो भगवान विष्णु का अनन्य भगत था और वह हमेशा प्रभु के ही ध्यान में रहता था। इस पर हिरण्य कश्यप ने अपनी बहन होलिका के साथ मिल कर प्रहलाद को जलाकर खत्म करने की योजना बना ली और प्रहलाद को उसकी बुआ होलिका की गोदी में बिठा कर जलती आग में बैठा दिया (क्योंकि होलिका को आग से न जलने का वरदान मिला हुआ था)। ये सब जानते थे कि होलिका वरदान के अनुसार बच जाएगी और प्रहलाद आग में जल जाएगा,लेकिन हुआ बिलकुल इसके उल्ट। भगवान विष्णु ने अपने भगत की रक्षा करते हुए उसे बचा कर और नरसिंह अवतार के रूप में हिरण्य कश्यप को मार दिया। जब होलिका अग्नि में जलकर खत्म हो गई और दुष्ट हिरण्य कश्यप का भी अंत हो गया तो तब से उसी (बुराई का अंत होने) खुशी में होलिका को अलाव में जलाकर रंगों से होली खेली जाती है।


लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

रंगों के इस त्योहार मे सभी मिल-जुलकर आपस में रंग लगाते हैं। सारे गिले-शिकवे मिटाकर गले लगकर एक-दूजे को प्यार से रंग लगाया जाता है तथा कोई भी इसे अन्यथा नहीं लेता। वैसे तो समस्त भारत व जहां-जहां भारतीय बसे हैं, वहां भी होली का रंग खूब जमता है। मथुरा वृंदावन की होली तो बहुत ही प्रसिद्ध है, जो कि बसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती है और लगातार 40 दिन तक चलती रहती है। फिर बरसना के नंद गांव की लठ मार होली तो अपना अलग ही स्थान रखती है। राजस्थान के भरतपुर व करौली में भी लठ मार होली का चलन है। पंजाब में आनंदपुर साहिब की होली भी सिखों के लिए विशेष पर्व के रूप में मनाई जाती है, जहां दूर-दूर से आए हजारों लोग शामिल होते हैं।

महाराष्ट्र में मुंबई की फिल्मी दुनिया की होली भी देखते ही बनती है। वहीं, हिमाचल की बात की जाए तो यहां की होली के तो अपने ही रंग हैं। प्रदेश में सुजानपुर की होली तो अपने रियासत काल से जानी मानी होली रही है और अब यह अंतरराष्ट्रीय स्तर में 4 दिन तक एक मेले के रूप में मनाई जाती है। किन्नौर की होली भी पर्यटकों के लिए बड़ी आकर्षक होली बनती जा रही है। किन्नौर क्षेत्र की यह होली 3 दिन तक चलती है और इधर किन्नौर के सांगला की होली विशेष रूप से प्रसिद्ध है। पहले दिन छूलो गांव में 7, 8 स्वांग अति सुंदर ढंग से तैयार किए जाते हैं, जिनमें राजा रानी या दो राजे, 2 साधु वेश धारी, 2 अन्य नारी पात्र व एक हनुमान का पात्र होता है। ये सभी तैयार होकर जन समूह के साथ नाचते हुए मंदिर के मैदान का चक्कर लगा कर पूजा-अर्चना करके रंग गुलाल डालते हुए अगले गांव की ओर चल पड़ते हैं। गांव में पहुंच कर वहां होली खेली जाती है और वहीं पर इनका स्वागत खाने नाश्ते आदि के साथ किया जाता है। ड्राई फ्रूट्स व सेब आदि खाने के साथ ही साथ घर की बनी शराब भी पीने को दी जाती है। इसके पश्चात ये सभी वापस अपने गांव लौट आते हैं और शाम ढलते ही होलिका दहन किया जाता। इस तरह होली 3 दिन तक चलती है। बौद्ध धर्म के लोग झंडा रस्म के साथ-साथ रंगीन मंत्रों वाली झंडियों से सारे परिसर की सजावट के बाद पवित्र अग्नि जलाकर हवन आदि के बाद होली मनाते हैं तथा गुलाल के साथ-साथ सत्तू को एक-दूसरे को लगाकर होली खेलते हैं।

कुल्लू में भी होली बसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती है। सबसे पहले बैरागी समुदाय के लोग अपनी मंडली के साथ ब्रज गीत गाते हुए भगवान रघुनाथ मंदिर पहुंचते हैं और देव रघुनाथ की पूजा-अर्चना के बाद, देव रघुनाथ की पालकी शोभायात्रा के रूप में ढालपुर मैदान की ओर प्रस्थान करती है। ढालपुर में देव रघुनाथ जी की प्रतिमा को पालकी से निकल कर ढालपुर में खड़े रथ में रखा जाता है और फिर विशाल जनसमूह के साथ रथ को ढालपुर के दूसरे छोर पर पहुंचा कर रघुनाथ जी की प्रतिमा अस्थायी मंदिर में स्थापित करके पूजा-अर्चना के पश्चात फिर से रथ द्वारा ही रघुनाथ जी की प्रतिमा को पूर्व वाले स्थान पर लाया जाता है और इसके पश्चात प्रतिमा को पालकी द्वारा वापस सुल्तानपुर अपने मंदिर (गाजे-बाजे व जनसमूह के साथ) पहुंचा दिया जाता है। बैरागी समुदाय के लोग नाचते गाते गुलाल उड़ाते घर-घर व मंदिरों में जाते रहते हैं और फिर आखिर में होली वाले दिन कुल्लू की होली का समापन होता है।

मंडी में होली, होली से एक दिन पहले ही खेली जाती है। मंडी शहर में तो 1,520 सालों से होली अपने नए रूप में देखने को मिलती है और यहां हानिकारक पदार्थों का प्रयोग नहीं किया जाता, बल्कि अब वनस्पति रंगों के प्रयोग का चलन शुरू हो गया है। होली खेलने के लिए भी शहर के सभी लोग जिसमें महिलाएं, पुरुष, लड़के-लड़कियां, बच्चे, बुजुर्ग व जवान आदि सभी सेरी पेवेलियन व मंच के आगे इकट्ठे होते हैं। देव माधव राव की पूजा-अर्चना के पश्चात डीजे पर जनसमूह थिरकने लगता है। नाचते गाते गुलाल उड़ते कुछ लोग इतने मद-मस्त हो जाते हैं कि वे अपने कपड़े तक फाड़ डालते हैं। ठीक 2 बजे देव माधव राव की पालकी जलूस के रूप में शहर की परिक्रमा करते हुए होली समाप्त हो जाती है। ऊना के मैड़ी के डेरा बड़भाग सिंह में होली का त्योहार मेले के रूप में 10 दिन तक चलता है।मैड़ी के इस होली मेले में दूर दूर से हजारों लोग शामिल होते हैं। भिन्न-भिन्न रंगों के साथ ही साथ होली को मनाने के अलग अलग रूप व ढंग देखने को मिलते हैं, लेकिन इन अलग अलग ढंगों के साथ एक बात अति सुंदर देखने को मिलती है और वह है एकता, भाईचारा प्रेम तथा सभी द्वेष भुलाकर सबके गले लगना और एक ही रंग में रंग जाना। यही तो है हमारी संस्कृति व इस पवित्र त्योहार होली का संदेश।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्याम बाबा

देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं, जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। इसमें हर साल देश-विदेश के करीब 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं।

खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है, उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई है। कहते हैं कि मंदिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।


लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
हिंदुस्थान समाचार

मूल मंदिर 1027 ई. में रूप सिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई. में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार पर है और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित है। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। पिछले वर्ष अगस्त को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रही तीन महिलाओं की भगदड़ में मौत होने के बाद प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सख्त हो गया। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है, जिससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### ओआ होली खेलिये

*ओआ होली खेलिये, सुटिये प्यारे रंग।*
*पी के खौदल पाइये, प्यारे आली भंग।।*
*अपने सब्बों रंगणें, क्या भाभी क्या देर।*
*भरी रंग हुण डोलिये, प्यारे दी चंगेर।।*
*खोल मन दियां घुंडियां, नचिये इक सुर ताल।*
*बेला मुड़ औणा नयीं, करिये खूब धमाल।।*
*ठंड निगोड़ी है गई, मार रंग दी धार।*
*भुलिये बैर विरोध की, करिये मन ते प्यार।।*
*रंगा दी ऋतु बांकड़ी, छैल अपणें तुहार।*
*बंड्डा बबरू रोट भी, करिये दिल ते प्यार।।*
*होली दा दिन प्यार दा, मन दे छड्ड विकार।*
*कदी न कौड़ा बोलिए, जीणा है दिन चार।।*
*गोरी होली खेलदी, हसदी सुट्टे रंग।*
*रंगे दे इस प्यार दी, कदी न टूटे तंद।।*
*होली रुत है प्यार दी, निग्गा रखिये प्यार।*
*हस्सी नच्ची खेलिये, न रखिये मन च खार।।*
*दिल मिलदे हन होलिया च, मुकदे मन दे खोट।*
*जफ्फी पाई प्यार दी, 'शिव' हटदी चिफलोट।।*


शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# मिली-जुली सरकारों का प्रचलन सन 1967 से हुआ था आरंभ

राजीव गांधी के बाद गठबंधन सरकारों का आरंभ हुआ और त्रिशंकु सरकारों का प्रचलन समाप्त हुआ। गठबंधन दृढ़ होना और नैतिकता का पाठ इस में अनिवार्य होता है। गठबंधन की काठ कठिन रहती है। ऐसी सरकार बनाते समय गठबंधन की भूमिका अहम रहती है। मिलीजुली सरकारों का प्रचलन 1967 से आरंभ हुआ। मतदान से पूर्व भी इस का निर्वाह कठिन होता है। सन 1984 में सहानुभूति लहर में नेहरू का रिकॉर्ड भी राजीव ने तोड़ा। सन 1947 के बाद भारत में पहला चुनाव सन 1952 में हुआ और नेहरू प्रधानमंत्री बनने में गांधी के कारण सफल रहे। अटल जी गठबंधन के धर्म पानन में इतने सफल नहीं हुए, क्योंकि पहली बार तेरह दिन, दूसरी बार तेरहमास रहे और तीसरी बार पांच वर्ष कार्य किया। एनडीए में उस समय कई दल रहे।


लेखक : सुदर्शन अवस्थी
नगरोटा बगवां (कांगड़ा)

विश्व प्रताप सिंह और देवगोड़ा व चंद्रशेखर सफल नहीं हो सके। महत्वकाक्षियों के दगे कारण सरकारें गिरती देखीं। 2014 में मोदी सुनामी में एनडीए ने दो कार्यकाल पूर्ण किए। चुनावों में गणित सफल नहीं रहता। उस में देखा जाता कि कौन दल विपरीत आते हैं। जो दल साथ आते हैं, उनकी मानसिकता और ईमानदारी कितनी है। उनकी प्रकृति एवं चुनावी अभियान, वोट बैंक है या विरोधाभास तो नहीं। सरकार बनने बाद क्षति पहुंचाए। 50 प्रतिशत वोट मेजर दलों का होता है। इसमें कांग्रेस, भाजपा प्रमुख और सपा, बसपा, साम्यवादी या क्षेत्रिय दल रहते हैं। प्रमुख दलों का वोट कमिटेड रहता है। केवल दो प्रतिशत से जीत-हार होती है और सरकारें बनाने में सफल रहता है। यही चुनावों की कैमिस्टरी रहती है। सीधी लड़ाई में पता चल जाता है परंतु तिकोणीय में हार-जीत देखना कठिन होता है। स्वतंत्रता के बाद तिकोणीय लड़ाई में कांग्रेस विरोधी विजय पाते रहे। सर्वे वाले यदाकदा टीवी पर बताते रहते हैं, क्योंकि दूसरे या तीसरे नंवर वाले वोटों को मिलाया जाए तो जीता हुआ हार सकता था। वर्तमान में नोटा से भी हार रहती है।

सन 1971 में विपक्ष इंदिरा के विरोध में आया, परंतु बांगलादेश जीत ने इंदिरा को दुर्गा बना दिया और विपक्ष मुंह के बल जा गिरा। इसी कारण इंदिरा ने विपक्ष को पाठ पढ़ाने के लिए आपातकाल लगाया और विपक्ष 1977 में एकत्रित हुआ और उत्तर भारत में कांग्रेस का ऐसा सफाया हुआ, जिसकी आशा नहीं थी। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद तीसरा प्रत्याशी स्वंय गिर गया। लोगों ने खुल कर राजीव को वोट दिया। इसके वाद सोनिया ने मनमोहन को आगे कर दस वर्ष राज किया। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाकिस्तान से क्यों खफा हैं इस्लामिक मुल्क?

पाकिस्तान में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश, जो उसकी तरह ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों के बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरुआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई। इसके जवाब में अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया।

दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किए गए, जबकि तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है। आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे, इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है।


लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरंड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे, जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है। उसने भारत के खिलाफ क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाए।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1948, 1965, 1971 में युद्ध छेड़े और बुरी तरह से मार भी खाई। जंग के मैदान में धूल में मिलने के बाद पाकिस्तान ने 1999 में करगिल में घुसपैठ की, तब भी उसका बहुत बुरा हश्र हुआ। पाकिस्तान के साथ दिक्कत यही है कि वह बुरी तरह पिटने के बाद भी सबक नहीं लेता। उसे बार-बार पिटने की आदत सी हो गई है। फिलहाल वह ईरान और अफगानिस्तान से पिटने के लिए तैयार है। अब पाकिस्तान के बांगलादेश से संबंधों की भी जरा बात कर लीजिए। 1971 तक बांग्लादेश हिस्सा था, पाकिस्तान का। अब दोनों जानी दुश्मन हैं, क्यों? बांग्लादेश ने 1971 के नरसंहार के गुनहगार और जमात-ए-इस्लामी के नेता कासिम अली को फांसी पर लटकाया तो पाकिस्तान को तकलीफ होने लगी। बांग्लादेश ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह पाकिस्तान की ओर से उसके आंतरिक मसलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों मुल्कों के संबंधों में तल्खी को समझने के लिए इतिहास के पन्नों को खंगाल लेना सही रहेगा।

शेर-ए-बंगाल कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के मशहूर नेता एके फजल-उर-हक ने ही 23 मार्च, 1940 को लाहौर के मिन्टो पार्क (अब जिन्ना पार्क) में मुस्लिम लीग के सम्मेलन में पृथक राष्ट्र पाकिस्तान का प्रस्ताव रखा था। उस तारीखी सम्मेलन में संयुक्त बंगाल के नुमाइंदों की बड़ी भागेदारी थी। वे सब भारत के मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र की मांग कर रहे थे। सात साल बाद 1947 में पाकिस्तान बना और फिर करीब 25 बरसों के बाद खंड-खंड हो गया।

ईस्ट पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में दुनिया के मानचित्र पर सामने आता है। यानी पाकिस्तान से एक और मुल्क निकला। 1971 में जिस नृशंसता से पाकिस्तानी फौजों ने ईस्ट पाकिस्तान के लाखों लोगों का कत्लेआम किया था, उसको लेकर ही दोनों मुल्क लगातार आमने-सामने रहते हैं। पाकिस्तानी सीरियलों और नाटकों में बांग्लादेशियों को बेहद हिकारत से दिखाया जाता है। इस बीच, पाकिस्तान में तो आजकल हाहाकार मचा हुआ है। बेरोजगारी, अराजकता, कठमुल्लों और मोटी तोंद वाले सेना के अफसरों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। ये स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है, पर इस स्थिति के लिए पाकिस्तान खुद ही जिम्मेदार है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आदर-सम्मान देने वाले को ही सम्मान देना चाहिए

एक विद्वान ने कहा था कि जो तुम्हें सम्मान दे, उसे ही सम्मान देना चाहिए क्योंकि हर आदमी का अपना-अपना स्वाभिमान होता है। अक्सर देखा गया है कि अगर आप किसी व्यक्ति को ज्यादा आदर सम्मान देते हैं और जरूरत से अधिक अहमियत देते हैं, तो वही व्यक्ति आपको इग्नोर करेगा और आपको दबाने की कोशिश करेगा, आपका दुरुपयोग करेगा और अपना स्वार्थ निकल जाने के बाद आपसे दूरी बना लेगा। इसलिए ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखनी चाहिए। ऐसे लोग बहुत ही घातक होते हैं, दूसरे आदमी को नीचा ठहराते हैं, ऐसे लोग किसी के नहीं होते।

ये लोग काम खत्म, पहचान खत्म पर यकीन रखते हैं, क्योंकि ये खुद को ही बड़ा मानते है। आदमी को स्वाभिमान से जीना चाहिए, भले ही आधी रोटी मिले। किसी की जी हजूरी नहीं करनी चाहिए। कभी भी किसी के आगे नहीं झुकना चाहिए, अपना कर्म करना चाहिए। ईमानदारी से अपना कर्म निभाते रहिए। संस्कार मत छोड़िए। संस्कार ही सबसे बड़ी विरासत होती है। ईश्वर हमेशा अच्छा ही करेंग। निस्वार्थ भाव से हर जरूरतमंद की सेवा कीजिए, कभी भी स्वार्थी मत बनिए। स्वार्थ की उम्र ज्यादा नहीं होती, जल्द ही अवसान हो जाता है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाये कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी।

गरीबों का मजाक उड़ाने वालो एक दिन तुम्हें अपने कर्मों की सजा जरूर मिलेगी, जब वक्त तुम्हें आईना दिखाएगा। इसलिए अभी वक्त है कि संभल जाओ, वरना मिट्टी भी नसीब नहीं होगी, अपनी गंदी फितरतों को छोड़ दो। ऐसे लोगों को सजा जरूर मिलती है, जो दूसरों को दुख देकर अपना सुख तलाश करते हैं। ऐसे


नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

लोग अपने दुख से इतने दुखी नहीं है, जितने दूसरों के सुख देखकर दुखी है। आधुनिक युग में कुछ नीच प्रवृत्ति के तथाकथित अमीर लोग दूसरो को नीचा दिखाने का घिनौना कर्म करते हैं, क्योंकि भगवान की चक्की जब चलती है, तो पाप व पापी को पिस कर रख देती है। चरित्रहीनता की सारी हदें लांघने के बाद भी इतराते हैं। समाज में पैसे के बल पर हर आदमी को खरीदना चाहते हैं। दूसरों के खिलाफ षड्यंत्र रचते है, मगर कहते है सांच को आंच नहीं आती। बेइमानों व बेइमानी का एक दिन सत्यनाश होता है, इसलिए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सत्य की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। खुदा के घर में देर है, अंधेर नहीं है। ईमानदारी की सदा ही विजय हुई है। ईमानदारी युगों-यंगों तक अमर रहती है। ईमानदारी की कभी हार नहीं होती। ईमानदारी एक अच्छी नीति है।

आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ पड्यंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है। कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए गए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। समाज में ईमानदारों की मिसालें दी जाती हैं। ईमानदारी के रास्ते में मुसीबतें बहुत हैं, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है, उसे करोड़ों रुपए से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन सर्मपित कर देता है। ईमानदारी का कोई सानी नहीं है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यो के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औंधे मुंह गिर जाती है। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके, करनी चाहिए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आधुनिक** युग में लोगों की जीवन शैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है, लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है। इस कारण पहाड़ों के लोगों में मोटापा बढ़ने लगा है, इसका सबसे बड़ा कारण मधुमेह है। हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। छोटी उम्र में लोग बड़ी-बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसिलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यवस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा, वह रोग मुक्त होने लगेगा, क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है। हमें अपनी दिनचर्या को बदलना होगा। नियमित रूप से व्यायाम करते रहना होगा। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय निकालकर व्यायाम करना जिंदगी का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए।

-आस्था ( गगल )

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
*editoranantgyaan@gmail.com*

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एडीएम कार्यालय भरमौर से रिलीव किए चतुर्थ श्रेणी कर्मी

## एडीसी नवीन तंवर ने शक्तियों का दुरुपयोग कर किए थे एकत्रित

**ओपी शर्मा, भरमौर**

आईएएस अधिकारी भरमौर द्वारा अपने कार्यकाल में अपनाई गई शक्तियों के दुरुपयोग मामले में प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लेना आरंभ कर दिया है। एडीएम कार्यालय भरमौर में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की फौज की भर्ती करने की खबर को प्रमुखता से छापने के बाद यहां पर तैनात 13 कर्मचारियों को एसडीएम ने रिलीव करके जहां वे तैनात थे वहां पर ड्यूटी करने के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि एडीसी भरमौर नवीन तंवर द्वारा विभिन्न कार्यालय से चतुर्थ श्रेणी कर्मियों सहित दूसरे कर्मचारियों को अपने कार्यालय में बुलाकर ड्यूटी करवाई जा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर अनंत ज्ञान में खबर को प्रमुखता से छापा गया। जिस पर तुरंत असर करते हुए एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने मंगलवार को इन तमाम 13 कर्मचारियों को रिलीव कर दिया है। जानकारी के अनुसार एडीएम कार्यालय में होली चन्हौता व दूसरी जगह से भी कर्मचारियों को बुलाकर ड्यूटी करवाई जा रही थी। यही नहीं यहां पर तहसील कार्यालय, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग से कर्मचारियों को बुलाकर एडीएम कार्यालय में काम करवाया जा रहा था। जिसके कारण जहां उक्त कर्मचारी तैनात थे वहां पर भी

### कर्मचारियों ने एसडीएम से की थी मुलाकात

हैरानी की बात यह है कि यहां पर ग्रामीण रोजगार सेवक को भी बुलाकर काम करवाया जा रहा था। जिसकी काफी चर्चा चली हुई थी। बहरहाल इन तमाम कर्मचारियों ने रिलीज होने के बाद राहत की सांस ली है। एडीसी के छुट्टी पर चले जाने के बाद तमाम कर्मचारियों ने एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा से मुलाकात करके उन्हें तुरंत से तुरंत उनकी ड्यूटी पर भेजने का आग्रह किया था। जिस पर एसडीएम भरमौर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें यहां से रिलीव कर दिया है।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

काम प्रभावित हो रहा था। हालांकि इस तरह की नियुक्ति व ड्यूटी करवाने का दबी जुवान में कर्मचारी काफी विरोध कर रहे थे। इस बारे में कार्यवाहक एडीएम एवं एसडीएम भरमौर कुलबीर राणा का कहना है कि एडीएम कार्यालय में आवश्यकता से अधिक चतुर्थ श्रेणी विभिन्न विभागों के मौजूद थे। जिनमें 13 कर्मचारियों को एडीएम कार्यालय में अस्थायी ड्यूटी से वापस कर्मचारी संबंधित कार्यालयों में भेज दिया है। इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## ऐतिहासिक सुही मेला 11 अप्रैल से

**चंबा।** जिला चंबा का सुप्रसिद्ध व ऐतिहासिक सुही मेला 11 से 13 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में केवल महिलाएं और बच्चे ही शामिल होते हैं। मेले के प्रथम दिन चंबा स्थित पिंक पैलेस से सुही माता मंदिर तक एक भव्य यात्रा निकाली जाती है, जबकि दूसरे दिन सुही माता मंदिर से मलूणा (रानी सुनयना का समाधि स्थल) यात्रा का आयोजन किया जाता है। मेले के तीसरे दिन यात्रा का पड़ाव मंदिर स्थल होता है। मेला आयोजन के तीनों दिन स्थानीय वासियों द्वारा लंगर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा गद्दी समुदाय की महिलाओं द्वारा गुरई नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। इसमें रानी सुनयना के बलिदान व इससे जुड़े इतिहास की झलक देखने को मिलती है। इस समाधि पर रानी की स्मृति में एक पत्थर की प्रतिमा विराजमान है, जिसे आज भी चंबा के लोग विशेषकर औरतें अत्यन्त श्रद्धा से पूजती हैं। प्रति वर्ष रानी की याद में 15 चैत्र से पहली बैशाखी तक मेले का आयोजन किया जाता है जो कि सुही मेला के नाम से प्रसिद्ध है।

# भरमौर में नारी शक्ति फिटनेस रन महिलाओं ने निभाई भागीदारी

## नेहरू युवा केंद्र चंबा के सौजन्य से किया गया आयोजन




नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाएं मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

नेहरू युवा केंद्र चंबा के सौजन्य से भरमौर ब्लॉक में नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ग्राम पंचायत ग्रीमा की पूर्व प्रधान कुब्जा देवी ने शिरकत की। कार्यक्रम में महिला मंडल ग्रीमा व सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंची मुख्यातिथि को भरमौर ब्लॉक के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भरमौर ब्लॉक के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने नेहरू युवा केंद्र चंबा के सौजन्य से महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिता करवाई। जिसमें महिलाओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने महिलाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों व समाज के कल्याण में अहम भूमिका कैसे निभाएं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया। नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता में विजेता रही महिलाओं को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रविंद्र कुमार, अजय कपूर, रीना देवी, मोनिका कपूर, आरती, निरो देवी, बनिता, संतोष, मंगला देवी, लक्ष्मी, अनिता, प्रिया, उषा, सुनीता और रस्मो देवी इत्यादि मौजूद रही



जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण चंबा की ओर से बालू हिपा सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद पुलिस कर्मी।

## चंबा में आईटीआई में खेलकूद प्रतियोगिता



**चंबा।** चंबा में आईटीआई की 17वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दूसरे दिन वॉलीबाल, बैडमिंटन, भाला फेंक सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता चार दिनों तक चलेगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 11 आईटीआई के 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# नवजात शिशुओं को पिलाएं मां का दूध

## विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान दंत विशेषज्ञ डॉ. विकास महाजन ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने कहा कि मुख से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपने नवजात शिशुओं को कम से कम दो वर्ष तक मां का दूध लगातार पिलाना चाहिए ताकि उनके जबड़े मजबूत बने। उन्होंने बताया कि हर खाने के बाद हमें पानी से गरारे अवश्य करने चाहिए और दांतों को ब्रश दो समय स्पेशली रात को सोने से पहले अवश्य करें। किसी भी प्रकार की मुंह में समस्या हो तो डॉ. से अवश्य चेक करवाएं वहीं कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल डॉ. विकास महाजन दंत विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को बताया कि दांतों की बीमारियां ज्यादा मीठा खाने से, तंबाकू के प्रयोग से, एल्कोहल के प्रयोग से या मुंह की स्वच्छता न रखने से तथा दुर्घटना के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि दांतों की उचित देखभाल करें। इस मौके पर विभागीय स्टाफ व मेडिकल प्रशिक्षुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में विश्व मुख दिवस पर जानकारी देते डॉ. जालम सिंह भारद्वाज।

**लोगों को दो टाइम दी ब्रश करने की सलाह**

# लोगों तक पहुंचाएं हेल्थ मिशन की सुविधाएं : डॉ. कपिल



**अनंत ज्ञान, चंबा**

चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. कपिल शर्मा की अध्यक्षता में हेल्थ वेलनेस सेंटर के अधीन एक्सपेंडेड पैकेज के तहत जिला के एचडब्ल्यूसी के अधिकारियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल शर्मा ने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाया जाए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डॉ. विकास महाजन सिविल हॉस्पिटल चुवाड़ी से तथा डॉ. विवेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुहन से बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इन्होंने उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों को मुंह, आंख, कान, नाक तथा आपातकालीन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज, डॉ. सुरेश, डॉ. वैभवी सहित विभागीय स्टाफ उपस्थित रहा।

# न्यू बस स्टैंड में एटीएम की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

न्यू बस अड्डा चंबा में एटीएम के अभाव को लेकर पंचायत प्रधान उपप्रधान एसोसिएशन चंबा द्वारा एसोसिएशन उपप्रधान एवं पंचायत खजियार प्रधान देसराज शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान देसराज शर्मा ने की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में बस अड्डा पुराने बस अड्डा से कसाकड़ा नए बस अड्डा को तब्दील किया गया था। पुराने बस अड्डा चंबा में दो एटीएम स्थापित किए गए थे। जिसमें से एक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और दूसरा पंजाब नेशनल बैंक का था। बड़े खेद का विषय है कि जिला चंबा के जिला मुख्यालय के बस अड्डे पर एक भी एटीएम नहीं लगा हुआ है। इस कारण आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए नए बस अड्डा चंबा में एटीएम लगाया जाए ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर राज्य कार्यकारिणी उपप्रधान देशराज शर्मा प्रधान ग्राम पंचायत खजियार, पवन शर्मा ग्राम पंचायत द्रमण,चमन शर्मा प्रधान ग्राम पंचायत कोहलडी, राजकुमार प्रधान ग्राम पंचायत रिंडा, रक्षा बैरी प्रधान ग्राम पंचायत पंजोह, रीना प्रधान ग्राम पंचायत शीलाघाट, कंचना प्रधान ग्राम पंचायत राज नगर, चमन लाल प्रधान ग्राम पंचायत ओडा, दुनी चंद उपप्रधान ग्राम पंचायत कोहलडी, सरिता कोपरा प्रधान ग्राम पंचायत कियाणी उपस्थित रहे।



बुधवार को आयोजित बैठक में मौजूद पंचायत प्रधान उपप्रधान एसोसिएशन के सदस्य।

# न्याय पाना सबका मौलिक अधिकार : विशाल कौंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

**जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण ने बालू में लगाया जागरूकता शिविर**

जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण चंबा द्वारा बालू हिपा सभागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित इस जागरूकता शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सिविल जज चंबा विशाल कौंडल ने की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों को कानूनी पहलुओं की सही जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने आपसी सहमति और मध्यस्थता के द्वारा मामलों को हल करने पर बल दिया। विधिक साक्षरता शिविरों का उद्देश्य लोगों को अधिकारों तथा कानूनी पहलुओं की जानकारी मुहैया करवाना तथा उन्हें सस्ता, सुगम व समय पर न्याय प्रदान करना है। विशाल कौंडल ने कहा कि समाज में शांति स्थापित करना कानून का अंतिम लक्ष्य है और न्याय पाना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। इससे पूर्व अधिवक्ता डीपी मल्होत्रा ने दिन प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटना के अलावा नालसा व मोटर वाहन संबंधी इंश्योरेंस के विषय में जानकारी साझा की। उपपुलिस अधीक्षक जितेंद्र चौधरी ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों के आयोजन बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम विकास के अलावा अनुराग ठाकुर,अब्दुल शेखर, जितेंद्र सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता दिख रहे खामोश

## इस बार सांसदों की गैर हाजिरी भी बनेगा चुनावी मुद्दा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद भरमौर में सियासी हलचल अभी तक सुस्त ही नजर आ रही है। यहां पर लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद मतदाता बिलकुल खामोश दिख रहे हैं। हालांकि संसदीय हलका मंडी से अभी तक दोनों ही दलों द्वारा किसी भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन फिर भी यहां पर लोकसभा चुनावों को लेकर माहौल ठंडा दिख रहा है। दोनों ही प्रमुख दलों के दिग्गज अभी तक भरमौर में सियासी मिजाज को भांपने पिछले करीब डेढ़ सालों से यहां पर नहीं आए हैं। पीएसी की मीटिंग के बहाने यहां पर सरकार की ओर से अभी तक जनजातीय विकास एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ही भरमौर आए हैं। हालांकि भाजपा की ओर से भी यहां पर कोई भी बड़ा नेता भरमौर नहीं आया है। सांसदों को लेकर बात करें तो जीतने के बाद भाजपा के रामस्वरूप शर्मा या फिर वर्तमान कांग्रेस के सांसद प्रतिभा सिंह भी जीतने के बाद भरमौर में अपने लोगों से मिलने और उनके दुख-सुख में शरीक होने के लिए नहीं आई हैं।

**दोनों ही पार्टियों से असंतुष्ट हैं भरमौर के लोग**

दोनों सांसदों की गैर हाजिरी को लेकर यहां पर चर्चाएं जरूर हैं लेकिन मतदाताओं की खामोशी दोनों ही दलों के लिए गंभीर बनी हुई है। हालांकि गुटों में बंटने का आरोप जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर यहां पर लगता रहा है लेकिन इससे भाजपा भी अंदर खाते अछूती नहीं है। दोनों ही दलों के लिए यहां पर इस बार लोकसभा चुनावो में अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए लीड दिलाना इतना आसान भी नहीं है। यहां पर दोनों ही पार्टियों के असंतुष्ट लीड कम देने के बहाने एक दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में लगे हुए हैं।

हालांकि पिछली बार हुए लोकसभा के उपचुनाव में मोदी लहर के बीच में भी भरमौर से वर्तमान कांग्रेस सांसद प्रतिभा सिंह को 5000 के मतों से लीड मिली थी, लेकिन उसके बावजूद उन्होंने दोबारा मुड़कर भरमौर आना गवारा नहीं समझा। हालांकि दोनों सांसदों की गैर मौजूदगी की यहां पर खूब चर्चाएं भी होती रही है। एक और भरमौर में इस बार पहली बार विधायक बने जनक राज की परीक्षा होगी तो वहीं पर कांग्रेस की कोशिश रहेगी कि यहां पर सभी असंतुष्टों को साथ में मिलाकर लोकसभा चुनाव में इकट्ठे चलाया जाए। बहरहाल प्रत्याशियों के नाम के ऐलान के बाद ही यहां पर पता चल पाएगा की हवा किस तरफ बह रही है।

**सूडोकु 0009** ***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष** : आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कर्ज संबंधी मामले आसानी से निपटेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी।

**वृषभ**: कार्य स्थिति में सुधार की संभावना है। सुसंगति से हर्ष होगा। खान-पान का ध्यान रखें। अधिकारी सहयोग करेंगे।

**मिथुन**: पराक्रम व सुख-समृद्धि बढने से अनेक रुके काम पूरे होंगे। कार्य विस्तार होगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंध घनिष्ठ होंगे।

**कर्क** : सहयोग व अच्छे संबंधों के कारण लाभ होगा । व्यापार-व्यवसाय अच्छा एवं उन्नत रहेगा। प्रेम-प्रसंग से दूर ही रहें।

**सिंह** : जल्दबाजी न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आजीविका के प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे।

**कन्या** : बुरी आदतों को हावी न होने दें। शत्रुओं द्वारा बाधाएं उत्पन्न की जा सकती हैं। पारिवारिक क्लेश होगा।

**तुला** : आपके कार्यों की समाज में तारीफ होने से आपका रुतबा बढ़ेगा। व्यापार में सफलता के योग हैं। कोई बड़े लाभ की उम्मीद है।

**वृश्चिक**: सभी काम सिद्ध होंगे। व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य से सुखद यात्रा हो सकेगी। आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** : क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। भाइयों से विवाद हो सकता है। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। आर्थिक संकट दूर होगा।

**मकर**: आत्मविश्वास से कार्य करने पर वांछित प्रगति के योग हैं। व्यापार में संभावनाएं बन सकेंगी। भवन भूमि के मामले यथावत रहेंगे।

**कुंभ** : आपके गुणों एवं योग्यताओं के कारण बिगड़े कामों में भी गति आ सकती है। नौकरी में प्रलोभन में नहीं रहें। धार्मिक रुचि बढ़ेगी।

**मीन** : धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते है।

## आज का पंचांग

21 मार्च, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : चैत्र, **तिथि** : द्वादशी (04: 47): **नक्षत्र** : अश्लेषा (01:27), **पक्ष** : शुक्ल, योग सुकर्मा (05:41) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:04-12:52), राहुकाल 01:59 - 03:30।

**विशेष दिन**

- 21 मार्च 2024 को गोविंदा द्वादशी।
- 22 मार्च 2024 को प्रदोष व्रत होगा।

**खेलकूद** | राजकीय महाविद्यालय सलूणी में दो दिवसीय वार्षिक एथलीट मीट का समापन

# दीप राज और श्वेता को बेस्ट एथलीट का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक एथलीट मीट का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय सलूणी के प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने शिरकत की। मुख्यातिथि डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने कहा कि सभी छात्र उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। जिसके चलते खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त शिक्षा का भी छात्र जीवन में बहुत महत्व है। एथलीट मीट में विभिन्न खेलों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पहले दिन विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ शामिल थीं। पहले दिन छात्रों ने ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे दिन गोला फेंक तथा कबड्डी प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। कबड्डी की विजेता बीए प्रथम वर्ष की टीम रही। लड़कों में बीए सेकेंड ईयर के छात्र उपविजेता रहे। लड़कियों में बीए सेकेंड ईयर की टीम विजेता रही उनमें बीए फर्स्ट ईयर की छात्राएं उपविजेता रही। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में 133 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



एनसीसी कैडेट को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि डॉ.मोहिंद्र सलारिया।

**मुख्यातिथि डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने विजेताओं को इनाम बांटे**

इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। दीप राज द्वितीय वर्ष ने सबसे अधिक पदक जीते और उन्हें एथलीट ऑफ द मीट का खिताब दिया गया। लड़कियों में श्वेता को बेस्ट एथलीट का खिताब दिया गया। इस मौके पर गैर प्राध्यापक वर्ग में कृष्णा देवी, बीना देवी, हंसराज , हरेंद्र कुमार, महेंद्र, प्राध्यापक वर्ग में सहायक प्रोफेसर शुभम डोगरा, सहायक प्रोफेसर पंकज कुमार, सहायक प्रोफेसर दिनेश कुमार, सहायक प्रोफेसर डॉ. सौरभ मिश्रा, सहायक प्रोफेसर पिंकी देवी, सहायक प्रोफेसर गुरदेव सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य सुरक्षा कानून तोड़ने पर 61 मामले दर्ज

**कुल्लू।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को खाद्य विक्रेताओं, विशेषकर पर्यटन स्थलों में स्थित होटलों, ढाबों, खाद्य विक्रेताओं व प्रतिष्ठानों के नियमित रूप से निरीक्षण करने व नमूने लेने के निर्देश दिए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान समिति की सदस्य सचिव एवं सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा भविता टंडन ने बताया कि कुल्लू जिला में इस वर्ष 7044 खाद्य विक्रेताओं को पंजीकृत किया गया तथा 592 खाद्य अनुज्ञप्ति पत्र जारी किए गए। जिला में इस वर्ष 233 लीगल तथा 347 सर्विलांस नमूने लिए गए तथा खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत विभिन्न अदालतों में नियमों कि उल्लंघना के कुल 61 मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि विभिन्न मामलों में दोषी विक्रेताओं पर 625000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस मौके पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समिति के उपाध्यक्ष डॉ. नागराज पवार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मदन सूद, पैटर्न दिनेश सेन, होटल एसोसिएशन के प्रधान मुकेश, खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीम सिंह पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य ने भाग लिया।

### धुंधी स्नो गैलरी में बंद रहेगी पर्यटकों की आवाजाही

**कुल्लू।** मनाली केलांग मार्ग पर धुंधी स्नो गैलरी में मरम्मत कार्य के चलते पर्यटकों की आवाजाही बंद कर दी गई है। बीआरओ ने आज स्नो गैलरी का मरम्मत कार्य शुरु कर दिया है। वीरवार को भी बीआरओ का यह कार्य जारी रहेगा। हालांकि एडवांस बुकिंग वाले पर्यटकों सहित आपात स्थिति में आने जाने की अनुमति है लेकिन पर्यटकों को वीरवार तक आने जाने पर मनाही रहेगी। मनाली व लाहुल पुलिस ने पर्यटकों से सहयोग की बात कही है। दो दिन के भीतर मरम्मत कार्य पूरा हो जाता है तो शुक्रवार को पर्यटक अटल टनल सहित लाहुल घाटी के दीदार कर सकेंगे। गौर हो कि दो महीने बाद लाहुल घाटी पर्यटकों के लिए बहाल हुई है। हालांकि सोलंगनाला में पर्याप्त बर्फ है तथा पर्यटक साहसिक खेलों का आनंद ले रहे हैं लेकिन बर्फ से ढकी लाहुल की वादियां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मनाली डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि धुंधी में स्नो गैलरी के चलते लाहुल घाटी के लिए वाहनों की आवाजाही बुधवार व वीरवार को बन्द रहेगी। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि दो दिन सोलंगनाला में ही बर्फ का आनंद लें तथा सोलंगनाला से आगे न जाएं। उन्होंने कहा कि सोलंगनाला में भी पर्याप्त बर्फ की परत बिछी है। उन्होंने कहा कि सोलंगनाला, कोठी, अंजनी महादेव व फातरु पर्यटन स्थल में पर्यटक बर्फ का आनंद ले सकते हैं।

### बंजार में होली मनाने को लेकर की चर्चा

**बंजार।** नगर पंचायत बंजार के अंतर्गत आने वाला श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में होली पर्व को लेकर के एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक बाबा बालक नाथ बंजार के अध्यक्ष रामपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस मौके पर मंदिर के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर होली पर्व को लेकर के विशेष रूपरेखा बनाई गई और इस मौके पर हर वर्ष अब श्री बाबा बालक नाथ बंजार में होली पर्व के 3 दिन पहले से पर्व का आगाज किया जाएगा। इस वर्ष गोपाल की पालकी श्री बाबा बालक नाथ मंदिर बंजार से सज धज होकर के गीत गाते हुए होली खेलते हुए जयकार करते हुए देव आज्ञा के अनुसार पालकी को डॉक्टर सुरेंद्र कौशल के घर भगवान गोपाल विराजमान होंगे और वहां पर डॉक्टर कौशल सह परिवार सहित भगवान गोपाल का स्वागत पूजन करेंगे। होली महोत्सव का धूमधाम से कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद बस स्टैंड से वापस ला करके बाबा बालक नाथ मन्दिर में वापिस आएगी और इस मौके पर रास्ते में गोपाल का स्वागत तथा अन्य भक्तों का स्वागत करने के लिए जगह जगह पर लोगों का समूह उपस्थित रहा। उसके बाद भगवान गोपाल की पालकी को होली खेलते हुए बाबा बालक नाथ बंजार में रंगेश्वर महादेव स्वागत करेंगे और वहां पर होली का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। अंत में होलिका दहन किया जाएगा इस मौके पर श्री बाबा बालक नाथ समिति के सभी सदस्य वह बंजार के अन्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।

# बैरागी समुदाय 400 सालों से संभाले हुए है रंगों से रिश्तों की डोर



**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बैरागी समुदाय के लोग एक अनोखी होली परंपरा को संजोए हुए हैं। यहां पर 40 दिनों तक चलने वाले होली उत्सव में बैरागी समुदाय के लोग परंपरानुसार एक विशेष भूमिका निभाते हैं। इस समुदाय के लोग अपने से बड़ों के मुंह और सिर में गुलाल नहीं लगाते, बल्कि वे रिश्तों की मर्यादाओं का सम्मान करते हुए बड़ों के चरणों में गुलाल फेंकते हैं और उनसे उम्र से बड़े लोग छोटे व्यक्ति के सिर पर गुलाल फेंक कर आशीर्वाद देते हैं, जबकि हमउम्र एक दूसरे के मुंह पर गुलाल लगाते हैं और इस उत्सव को मनाते हैं। यह समुदाय एक दो या दिन नहीं, बल्कि पूरे 40 दिन तक इस होली उत्सव को मनाते हैं। बैरागी समुदाय के लोग रोजाना भगवान रघुनाथ जी के चरणों में पहुंचकर होली की शुरुआत करते हैं और इसके बाद जगह-जगह ब्रज की तर्ज पर होली के पारंपरिक गीत गाए जाते हैं। यहां पर होली के रंगों में रिश्तों की इस डोर को बैरागी समुदाय पिछले करीब 400 सालों से संभाले हुए हैं। समुदाय कुल्लू में हर वर्ष की भांति इस बार भी बसंत पंचमी से लेकर होली पर्व मना रहा है। (अनंत ज्ञान)

### ब्रज की तर्ज पर मनाते हैं होली

**बैरागी** समुदाय के लोग यहां ब्रज की तर्ज पर होली मनाते हैं। ब्रज की भाषा में होली के गीत वृंदावन के बाद कुल्लू घाटी में ही गूंजते हैं। इन गीतों को गाते हुए यह समुदाय 40 दिन तक इस उत्सव को मनाता है। खासकर ब्रज की भाषा में ये समुदाय 'सखी री कोई मोड़ लैया वन को चले दोनों भाई' गीत गाकर राम और लक्ष्मण व सीता के बनवास जाने की व्याख्या करते हैं।

### नगर के झीड़ी से संबंध

**इस** समुदाय द्वारा मनाई जाने वाली इस होली का संबंध नगर के झीड़ी और राधा कृष्ण मंदिर नग्गर ठावा से भी है। बताया जाता है कि इस समुदाय के गुरु पेयहारी बाबा थे और उन्हीं की याद में इस समुदाय के लोग टोली बनाकर नग्गर के ठावा और झीड़ी में जाकर भी होली के गीत गाते हैं। समुदाय के लोग हर साल उनके तपोस्थली में होली से एक दिन पहले जाते हैं और पूरा दिन होली के गीत गाते हैं आशीर्वाद लेते हैं।



बैरागी समुदाय के लोग होली गीतों का गायन करते हुए।

### क्या कहते हैं समुदाय के लोग

**बैरागी** समुदाय के विनोद महंत, ओम प्रकाश महंत, राज कुमार महंत, दीपक महंत, विनोद महंत का कहना है कि उनकी यह होली बहुत पुरानी है और इसकी खासियत यह है कि इसमें रिश्तों का ख्याल रखा जाता है। छोटे कभी भी अपने से बड़े लोगों के सिर और मुंह में गुलाल नहीं लगाते। वे अपने से बड़े लोगों के चरणों में गुलाल फेंकते हैं और बड़े आशीर्वाद स्वरूप छोटों के सिर पर गुलाल फेंकते हैं। वहीं, हमउम्र लोग आपस में एक दूसरे के मुंह में भी गुलाल लगाते हैं।

### एक दिन पूर्व मनाई जाती है होली

**बसंत** उत्सव से 40 दिनों तक भगवान रघुनाथ को सुल्तानपुर स्थित मंदिर में हर रोज गुलाल उड़ाया जाता है। इस दौरान होली से आठ दिन पूर्व ही यहां होलाष्ठक पर्व शुरू हो गया है और देश की होली से एक दिन पूर्व ही कुल्लू में होली मनाई जाती है। इस बार भी इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं छड़ीबरदार

**भगवान** रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह का कहना है कि भगवान रघुनाथ जी के कुल्लू आगमन से ही बसंत पंचमी के दिन से कुल्लू में होली मनाई जाती है। कुल्लू जनपद में राजा जगत सिंह का शासन काल वर्ष 1637 से 1662 तक रहा है। इसी दौरान आयोध्या से भगवान राम की मूर्ति भी कोढ़ से मुक्ति पाने के लिए यहां लाई गई थी। पिछले 400 सालों से बसंत पर होली का आगाज होता है, जो अगले 40 दिनों तक चलती रहती है। आज भी लोग पुरातन संस्कृति को संजोए हुए हैं। होली के आठ दिन पूर्व बैरागी समुदाय के लोग भगवान रघुनाथ के पास लगातार होली गायन करते हैं। इस बार भी इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। होली के इन गीतों को रंगत देने के लिए वैरागी समुदाय के लोग डफली और झांझ आदि साज का इस्तेमाल करते हैं।

# डीसी ने लिया निर्माणाधीन एनसीसी हैंगर का जायजा

**लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूरा करने के निर्देश**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने बुधवार को भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर निर्माणाधीन एनसीसी हैंगर का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माणाधीन हैंगर के कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के एनसीसी एयर विंग के कैडेट को यहीं एयरक्राफ्ट के प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध हो सके।

उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिक विंग के अधिकारियों को शेष बचे कार्य का शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि राशि जारी की जा सके। तोरुल एस रवीश ने कहा कि भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर हैंगर के बन जाने से जिले के एनसीसी विंग के कैडिट यहां पर ही माइक्रोलाइट एयर क्राफ्ट उड़ाने की प्रशिक्षण सुविधा मिल सकेगी। अभी एनसीसी एयर विंग कैडिट को एयर क्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ता है, जिस कारण कई कैडेट प्रदेश से बाहर प्रशिक्षण लेने के लिए जाने में असमर्थ हो जाते हैं।


डीसी एस. रवीश भुंतर हवाई अड्डे पर एनसीसी हैंगर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

उल्लेखनीय है कि कुल्लू स्थित भुंतर हवाई अड्डे पर माइक्रोलाइट एयर क्राफ्ट के लिए हैंगर न होने के चलते अभी एयर क्राफ्ट को पटियाला में रखा गया। इस मौके पर भारतीय वायुसेना के अधिकारी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के भुंतर स्थित अधिकारी के अलावा, एसी टू डीसी शशि पाल नेगी, लोक निर्माण, जल शक्ति, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य उपस्थित थे।

## ढालपुर में खेलकूद प्रतियोगिता 30 को

**कुल्लू।** जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ भारत निर्वाचन आयोजन का अभियान में खेलकूद प्रतियोगिता के साथ स्वीप अभियान भी कार्यक्रम करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 मार्च 2024 को ढालपुर खेल मैदान कुल्लू में लड़कियों के लिए एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इस खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग व फुटबॉल इत्यादि स्पर्धाएं आयोजित करवाई जाएंगी। इस खेलकूद प्रतियोगिता में वर्ष 15 से 30 आयु वर्ग के कोई भी स्कूल, कॉलेज, युवा मंडल महिला मंडल खेल संस्था की लड़कियां अपनी टीम के साथ भाग ले सकती हैं। प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने वाली टीम को ट्रॉफी व उचित इनाम राशि प्रदान की जाएगी।

# वरिष्ठ पत्रकार सुमित चौहान ने जन्मदिन से एक दिन पहले दुनिया को कहा अलविदा

**बाथरूम में पांव फिसलने से हुए घायल, अस्पताल में तोड़ा दम**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के महासचिव सुल्तानपुर निवासी सुमित चौहान का आकस्मिक निधन हो गया है। बाथरूम में पांव फिसलने से वे गिर पड़े और घायल अवस्था में उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई है।

प्रेस क्लब ऑफ जिला कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह कुल्लू जनपद व प्रेस क्लब के लिए बहुत बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई अपूरणीय है। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू में उनका अहम स्थान रहा है। वे निर्भीक एवं स्टीक पत्रकारिता के प्रतीक थे। पत्रकारिता में वे नई पीढ़ी के लिए रोल मॉडल रहे हैं और प्रेस क्लब कुल्लू के डायनामिक सेक्रेटरी जनरल थे। उन्होंने कहा कि वे जिंदादिल इंसान थे और अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहे हैं। मधुरभाषी और हंसमुख स्वभाव के सुमित चौहान का प्रेस क्लब के उत्थान में वेहद सहयोग रहा है।


प्रेस क्लब कुल्लू के महासचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार सुमित चौहान का फाइल फोटो।

प्रेस क्लब भवन की नींव रखने में उनका वेहद योगदान है। उन्होंने कहा कि कल 21 मार्च को उनका 54वां जन्मदिवस था। उनकी मृत्यु से प्रेस कलब के सभी सदस्य स्तब्ध हैं और आकस्मिक निधन ने सबको चोंका दिया है। हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें और परिवार को दु:ख सहने की शक्ति दें। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू शोक में हैं और सभी ने अंतिम यात्रा में भाग लिया। शीघ्र शोक सभा का भी आयोजन होगा और प्रेस क्लब ने आगामी एक सप्ताह के कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं।

# विधानसभा उपचुनाव : लाहौल पहुंचीं 184 अतिरिक्त ईवीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने कहा है कि जिला में लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना के लिए मतगणना केंद्रों की स्थापना को लेकर दो मतगणना केंद्रों के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया लोकसभा के लिए स्ट्रांग रूम व मत गणना केंद्र की पूर्ण तैयारी की जा चुकी है चूंकि विधानसभा के उपचुनाव के लिए भी आज अतिरिक्त 184 ईवीएम की बैलट यूनिट्स व कंट्रोल यूनिट्स और वीवीपेट्स मशीन भी पहुंच चुकी हैं उन्हें केंद्रीय विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में कड़ी सुरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग 23 मार्च से शुरू की जाएगी इसके लिए इंजीनियर भी पहुंच रहे हैं। इसके उपरांत इन्हें स्थापित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा।

**मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग 23 मार्च से**

उन्होंने यह भी बताया कि उप चुनाव के चलते अतिरिक्त सुरक्षा बल, मतदान व मत गणना अधिकारियों कर्मचारियों को भी तैनात किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने उपमंडल उदयपुर में भी उपचुनाव के मतों की मतगणना केंद्र भवन की संभावनाओं को तलाशने के लिए दौरा भी किया।

इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी रजनीश शर्मा, तहसीलदार इलेक्शन भी मौजूद रहे और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए।

# पूर्व विधायक रघुवीर ठाकुर ने लाहौल स्पीति से जताई टिकट की दावेदारी

**कहा- रवि ठाकुर ने जिले की जनता व पार्टी के साथ किया विश्वासघात**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के विधायक रहे रघुवीर ठाकुर ने लाहौल-स्पीति कांग्रेस से टिकट की दावेदारी जताई है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति की जनता की मांग पर टिकट की दावेदारी जताई है। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि रवि ठाकुर ने लाहौल स्पीति की जनता के साथ-साथ पार्टी से जो विश्वासघात किया है।

रघुवीर ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिला के लोग ईमानदारी की मिसाल माने जाते हैं, लेकिन कांग्रेस विधायक रहे रवि ठाकुर ने भाजपा के प्रति वफादारी निभाकर लाहौल-स्पीति के विकास कार्यों में रोड़ा डालने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हाइकमान उन्हें टिकट देती है तो वह लाहौल-स्पीति की जनता के लिए विकास कार्यों की गाथा फिर से लिखने के लिए तैयार हैं। युवा चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि हालांकि दावेदारी जताना हर एक पार्टी कार्यकर्ता का हक है, लेकिन उन्होंने अपनी दावेदारी पूर्व विधायक के तौर पर अनुभव और लाहौल-स्पीति के हर क्षेत्र को जानते हुए जताई है। रघुवीर सिंह ने कहा कि सीएम सुखविंद्र सुक्खू की सरकार पूरे पांच साल चलेगी। भाजपा अपने मनसूबों में कामयाब नहीं होगीं। उन्होंने कहा कि इस समय कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए हर एक सीट जितना जरूरी है, इसलिए हाइकमान सोच-समझकर टिकट का आवंटन करे। इस मौके पर मनोनीत पार्षद एवं पूर्व प्रवक्ता धर्मपाल रुडिंगपा, रमेश भट, वीरेंद्र ठाकुर व तनु ठाकुर मौजूद रहे।


मनाली में पत्रकार वार्ता के दौरान रघुवीर ठाकुर।

# विस उपचुनाव में लाहौल-स्पीति से रपतन बौद्ध ने जताई दावेदारी

**पूर्व मंत्री फुंचोग के चुनाव लड़ने से इनकार के बाद लिया फैसला**

**कमलेश वर्मा, केलांग**



हिमाचल के 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा के साथ ही अब लाहौल-स्पीति कांग्रेस में उम्मीदवारों की दावेदारी शुरू हो गई है। पूर्व मंत्री फुंचोग राय के चुनावी समर में कूदने से इंकार करने के बाद पार्टी के सेकेंड लाइन नेताओं में जोर आजमाइश शुरू हो गई है। ऐसे में स्पीति घाटी से तालुक रखने वाले जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रपतन बौद्ध का नाम प्रमुखता से उठ रहा है। हालांकि खुद रपतन बौद्ध पहले पूर्व मंत्री फुंचोग राय को उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने के पक्षधर थे। लेकिन फुंचोग राय की इंकार के के बाद अब रपतन बौद्ध का नाम संभावित प्रतियाशियों में लिया जा रहा है।

लाहौल पंचायत प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कुमार के अनुसार रिपोर्ट कार्ड और पार्टी के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए रपतन बौद्ध प्रत्याशी के तौर पर सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। रपतन बौद्ध साल 2012 से 2017 तक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। 1985 से 1992 तक जिला यूथ कांग्रेस के जॉइंट सेक्रेटरी, 1993 से 1995 तक डीसीसी के महासचिव, 2004 से 2007 तक हिमाचल अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य, 2007 से 2011 तक हिमाचल एसटी कांग्रेस के सचिव और 2007 से 2012 तक स्पीति ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता रह चुके हैं। गौर रहे कि स्पीति से फुंचोक राय के बाद से किसी को भी टिकट नहीं मिला है।

### सबसे युवा पंचायत प्रधान रह चुके हैं रपतन

**चीन** अधिकृत तिब्बत बॉर्डर से सटे स्पीति के ग्यू गांव के रहने वाले रपतन बौद्ध ने साल 1983 में कांग्रेस को जॉइन किया था। रपतन बौद्ध के नाम हिमाचल के प्रथम सबसे युवा जिला परिषद चेयरमैन बनने का रिकॉर्ड दर्ज है। वहीं प्रदेश ने सबसे युवा पंचायत प्रधान बनने का भी गौरव उनके नाम है। रपतन बौद्ध साल 1996 में स्पीति जिला परिषद के चेयरमैन रहे हैं। उससे पहले वह 1992 में 25 साल की उम्र में पंचायत प्रधान निर्वाचित हुए थे।

**गुहार** सैंज वैली विकास समिति ने डीसी तोरुल एस. रवीश से की भेंट

# बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए मांगा मुआवजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सैंज बाढ़ प्रभावित परिवारों को आपदा के आठ माह गुजर जाने के उपरांत भी राहत राशि नसीब नहीं हो पाई है। ऐसे में सैंज वैली विकास समिति के प्रतिनिधि मंडल ने प्रधान बुध राम की अध्यक्षता में उपायुक्त कुल्लू से शिष्टाचार भेंट की और जुलाई माह में सैंज नदी में आई बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मांग पत्र भी सौंपा।

मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने उपायुक्त तोरुल एस रवीश को बताया कि सैंज बाढ़ प्रभावित परिवारों को आपदा के 9 महीने गुजर जाने के उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पूर्ण आपदा और आंशिक आपदा राहत राशि नहीं दी गई है और कुछ परिवारों की संपूर्ण भूमि बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई है या फिर भूस्खलन के खतरे में आ चुकी है उस स्थान पर सुरक्षा दीवार और क्रेटवाल लगाई जाए उन परिवारों को गृह निर्माण हेतु सुरक्षित स्थानों पर भूमि दिए जाने की मांग की हैं।

उन्होंने कहा कि तरेड़ा और सपगनी में जल्द से जल्द पुल निर्माण किया जाए, जहां संभव हो सैंज नदी के ड्रेसिंग कार्य को जल्द शुरू किया जाए। सैंज नदी के किनारे बसे न्यूली, रोपा, करटाह, सोती, शालाह, सैंज बाजार, बकशाहल, खराटला, तरेड़ा, तलाड़ा, सपंगनी, बिहाली, लारजी तक नदी के किनारे वसे लोगों को बाढ़ से वचने के लिए अब सुरक्षा की आवश्यकता है, ताकि आने वाली वरसात में बाढ़ से बचाव किया जा सके।


सैंज वैली विकास समिति के सदस्य डीसी तोरुल एस. रवीश से भेंट करते हुए।

वहीं उन्होंने बताया कि बाढ़ आने के कारण बक्साहाल गांव में टापू बन गया है, जिस कारण बीच में दो मकान तुलेराम और बुध राम का मकान शो पीस बनकर रह गए हैं, लेकिन प्रशासन ने न तो प्रभावितों को मुआवजा दिया और न ही सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम किए। उन्होंने उक्त प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की है।

सैंज विकास समिति के प्रधान ने बताया कि डीसी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह शीघ्र उपमंडलाधिकारी बंजार को आदेश देकर उनकी मांगों को प्रमुखता से हल करेंगे।

इस दौरान सैंज विकास समिति ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस मौके पर उनके साथ समिति के उपप्रधान पूर्ण चंद, सचिव देवी सिंह और सदस्य दोत राम, तुले राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हीरा लाल राणा के हाथ एचपी ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन की कमान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

प्रदेश की सबसे पुरानी ट्रेवल एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ट्रेवेल एजेंट्स एसोसिएशन के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए जिसमे हीरा लाल राणा को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। अन्य कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। रोशन लाल व सुरेश शर्मा को वाईस प्रेजिडेंट, शैनव शर्मा जनरल सेक्रेटरी, दयानन्द जॉइंट सेक्रेटरी और गगन को कैशियर बनाया गया।

एसोसिएशन की जनरल हाउस मीटिंग में चुनाव से पहले ये निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन का विस्तार प्रदेश के हर जिला में किया जाएगा और कोशिश रहेगी कि सभी ट्रेवल एजेंसियां 1994 में गठित इस एसोसिएशन की सदस्य बन सकें। पूर्व प्रेजिडेंट बुद्धि प्रकाश ने पिछले पांच सालों में अपने कार्यकाल के दौरान किए कार्यों व उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।नवनिर्वाचित प्रेजिडेंट हीरा लाल राणा ने बताया कि वो हिमाचल में पर्यटन के विकास और ट्रेवल एजेंट्स के हितों को देखते हुए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के साथ होने वाली ठगी और बदसलूकी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घर बैठे और बाहरी राज्यों से झूठे ट्रेवल एजेंट्स बन कर पर्यटकों को लूटने वालों पर पर्यटन विभाग की मदद से लगाम कसी जाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रेवल ट्रेंड्स में होने वाले बदलावों से सभी सदस्यों को समय समय पर अवगत करवाया जाएगा और साथ ही नई पीढ़ी के जोश और हुनर की मदद से हिमाचल पर्यटन को पर्यटकों के लिए और भी सुगम और सुरक्षित बनाया जाएगा। चूंकि प्रदेश में आने वाले लाखों पर्यटकों का जिम्मा ट्रेवल एजेंट्स पर होता है।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन को इतना मजबूत किया जाएगा कि पर्यटकों से ठगी ना हो और पर्यटक अपने साथ हुए अच्छे व्यवहार की यादें लेकर वापिस घर लौटें। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में सैंकड़ों लोग गैर-कानूनी तरीके से पर्यटन व्यवसाय चला रहे हैं जबकि बाहरी राज्यों के एजेंट्स पर्यटकों को भ्रमित कर रहे हैं जो की चिंता का विषय बन गया है।

## बाकर खड्ड-संधोल सड़क की हालत खस्ता

**सुजानपुर।** ब्यास प्राइवेट बस यूनियन ने सुजानपुर पुल से बाकर खड्ड से संधोल तक सड़क की हालत सुधारने की मांग डीसी अमरजीत सिंह से की है। यूनियन प्रधान भीम सिंह रांगड़ा ने बताया कि उक्त सड़क पर वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो गया है। सड़क की हालत बदतर हो गई है। इस सड़क की ऐसी हालत वर्ष 1985 में होती थी, जब सड़क कच्ची होती थी अब हालत उससे भी खराब है। उन्होंने कहा कि हम सरकार को बसें चलाने के लिए पर्याप्त टैक्स अदा कर रहे हैं। बावजूद इसके सड़क की हालत को सुधारा नहीं जा रहा है। उन्होंने उक्त सड़क को अतिशीघ्र बसें चलाने योग्य बनाने की मांग की है।

# नलवाड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे 52 सैंपल

## मेले में इस बार मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब हुई स्थापित, मौके पर हो रही सैंपलों की जांच, मिलावट वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह से सक्रिय है।

अभी तक विभाग की टीम ने मेले से कुल 52 सैंपल एकत्रित किए हैं। वहीं, खास बात यह है कि इन सैंपलों की मौके पर ही रिपोर्ट भी आ रही है, क्योंकि इस बार मेले में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब स्थापित की गई है। इस लैब के माध्यम से विभाग को सैंपल भरना आसान और रिपोर्ट भी चंद मिनटों में पता चल रही है। अगर सैंपल फेल पाया जाता है, तो विभाग मौके पर ही उक्त दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा साथ ही विभाग की ओर से मौके पर उक्त खाद्य पदार्थ को फेंकवाया भी जा सकता है। खबर की पुष्टि करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि नलवाड़ी मेले को लेकर विभाग पूरी तरह से प्लानिंग करके कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं मेले में जाकर दुकानदारों का निरीक्षण कर रहे हैं। दुकानों का निरीक्षण करने पर कुछ दुकानों में अभी कुछ हद तक किचन एरिया में गंदगी पाई गई है। ऐसे में मौके पर ही दुकानदार को सफाई रखने के लिए कड़े आदेश जारी किए हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर मेले में लग रही दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। अगर कोई भी दुकानदार नियमों की अवहेलना व खाद्य पदार्थ में मिलावट करता हुआ पाया जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मेले में 23 मार्च तक मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब स्थापित रहेगी। प्रतिदिन सैंपल लेने की प्रक्रिया जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)



नलवाड़ी मेले में खरीददारी करते लोग।

### लाइसेंस बनाने के आदेश

जानकारी के अनुसार विभाग की ओर से मेले में खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनाने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। विभाग का कहना है कि अगर बिना लाइसेंस से अगर कोई सामान बेचता हुआ पाया जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कैलाश खैर मेले में मचाएंगे धमाल

**बिलासपुर।** बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर आ रहे हैं। कैलाश खैर एक भारतीय पॉप-रॉक गायक हैं, जिनकी शैली भारतीय लोक संगीत से प्रभावित है। कैलाश खैर नें अब तक 18 भाषाओं में गाने गाए हैं और 300 से अधिक गाने बॉलीवुड में गाए। 21 की सांस्कृतिक संध्या में कैलाश खैर बतौर स्टार नाइट पर होंगे। बुधवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर लोगों को इस संध्या में आने का न्योता भी दिया है। बिलासपुर में पहली बार कैलाश खैर आ रहे हैं व लोग इन्हें देखने के लिए बहुत खुश हैं। जानकारी के अनुसार बिलासपुर का राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 17 मार्च से शुरू हो गया है। वहीं, इस मेले का आयोजन 23 मार्च तक किया जाएगा।

दंगल...



## मेले में कुश्ती प्रतियोगिता का एसपी विवेक चहल ने किया शुभारंभ



बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में कुश्ती के शुभारंभ के लिए जाते हुए एसवी विवके चहल, साथ हैं अन्य अधिकारी।

**बिलासपुर।** बुधवार को बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ हो गया। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी बिलासपुर विवेक चहल ने किया। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे एसपी को एएसपी शिव कुमार चौधरी ने शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 23 मार्च तक आयोजित करवाई जाएगी। इस कुश्ती में देशभर से नामी पहलवान भाग ले रहे हैं। इसमें सामान्य कुश्ती, बड़ी माली, हिम कुमार, बिलासपुर केसरी और महिला वर्ग की कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा। बड़ी कुश्ती में विजेता को एक लाख से अधिक राशि से सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं, मेले के समापन के दिन अंतिम कुश्ती आयोजित की जाएगी, जिसमें मुख्यातिथि से विजेता पहलवानों को यह इनामी राशि दी जाएगी। जानकारी के अनुसार सामान्य वर्ग में बड़ी माली के विजेता को नकद एक लाख एक हजार रुपए व गुर्ज, उपविजेता को नकद 75000 हजार रुपए, तृतीय विजेता को नकद 31,000 रुपए व चतुर्थ विजेता को नकद 25,000 रुपए निर्धारित किए गए हैं। हिम कुमार की कुश्तियों के लिए प्रतियोगी



पहलवान हिमाचल का स्थायी निवासी होना चाहिए। इसके लिए स्थायी निवासी प्रमाणपत्र कार्यपालिका मेजिस्ट्रेट या तहसीलदार की ओर से सत्यापित होना अनिवार्य किया गया है। इसी के साथ हिम कुमार वर्ग की कुश्तियों की इनामी राशि प्रथम विजेता नकद 51,000 रुपए व गुर्ज उपविजेता नकद 31,000 रुपए, तृतीय विजेता नकद 21,000 रुपए व चतुर्थ विजेता नकद 15,000 रुपए निर्धारित की गई है। बिलासपुर केसरी की कुश्तियों के लिए प्रतियोगी पहलवान बिलासपुर का स्थायी निवासी होना चाहिए। बिलासपुर कुमार के पहलवानों की इनामी राशि प्रथम विजेता नकद 21,000 व गुर्ज, उपविजेता नकद 15,000, तृतीय विजेता नकद 11,000 तथा चतुर्थ विजेता नकद 9,000 रुपए निर्धारित की गई है। इसी के साथ सामान्य कुश्ती महिला वर्ग राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में महिला पहलवानों को भी आमंत्रित किया गया है, सामान्य कुश्ती महिला वर्ग के लिए इनामी राशि प्रथम विजेता नकद 51,000 व गुर्ज, उपविजेता नकद 37,000, तृतीय विजेता नकद 16,000 तथा चतुर्थ विजेता नकद 13,000 रुपए राशि निर्धारित की गई है।



## प्रदेश की संस्कृति में बिलासपुर की अपनी अलग पहचान : एडीसी

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की संस्कृतिक में बिलासपुर की अपनी अलग पहचान है। बिलासपुर में विभिन्न महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा स्थानीय कलाकारों की ओर से जिस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं, वह काबिले तारीफ है। यह बात एडीसी बिलासपुर डॉक्टर निधि पटेल ने कही। वह राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में आयोजित भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किया जा रहे कहलुर लोकोत्सव में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थीं। किसी भी क्षेत्र की संस्कृति का संरक्षण न केवल उसे क्षेत्र के लोगों का कर्तव्य है, बल्कि प्रशासन और विभाग को भी इसके लिए प्रयास करने चाहिए। इससे पहले जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने मुख्यातिथि का शॉल और टोपी भेंट कर स्वागत किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का स्थानीय लोगों तथा मेले में आए ग्रामीणों ने भरपूर आनंद उठाया। तीनों दिन बेहतर मंच संचालन निशांत कपूर ने किया। तीसरे और अंतिम दिन की शुरुआत लोक गायक प्रकाश चंद शर्मा ने गणपति वंदना से की। इसके बाद महिला मंडलों ने लोकनृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुति दी। नटराज कला संस्कृति मंच घुमारवीं की प्रस्तुति बेहतर रही।



## आरोपी को सुनाई एक साल और 50 हजार जुर्माने की सजा

**बिलासपुर।** जिला एवं सत्र न्यायलय बिलासपुर चिराग भानू ने बुधवार को एक आरोपी को पांच साल की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

दोषी अवनीष कुमार पुत्र बक्शी राम गांव सगड़ी डाकघर मोरसिंधी, घुमारवीं तहसील जिला बिलासपुर को धारा, 375-511, 452 आईपीसी के तहत दोषी करार देते हुए उसे साल का कठोर कारावास व 50,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## हिमाचल की टीम ने फेडरेशन कप के लिए किया क्वालीफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दादर नगर हवेली के आनंद इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई 52वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम ने सातवां स्थान हासिल कर फेडरेशन कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

टीम के मैनेजर विवेक पठानिया ने बताया कि टीम ने प्रतियोगिता की विजेता दिल्ली से क्वार्टरफाइनल में एक कड़े संघर्ष में पराजित होने के बाद प्लेऑफ मुकाबले में गुजरात की



जागृति को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के पुरुस्कार से नवाजते हुए।

टीम को 14-13 से हराया। टीम के लिए जागृति ने चार, अवंतिका ने तीन, रेखा ने तीन, नेहा ने तीन तथा दीक्षा ने एक गोल अर्जित किया। गोलकीपर मानसी राजपूत, स्वीटी तथा काजल ने विपक्षी टीम के कई प्रयासों को नाकाम करते हुए प्रदेश की टीम को अंत तक मैच में बनाए रखा व प्रदेश की खिलाड़ी जागृति ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के पुरुस्कार से नवाजा गया। टीम के प्रशिक्षक हिमांशु गौतम ने बताया कि प्रदेश की टीम में शामिल ऊना, मंडी, बिलासपुर, सोलन, कुल्लू तथा शिमला की खिलाड़ियों ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपने से ज्यादा अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित टीमों के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन किया।

### वरिष्ठ पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा के लिए टीम का चयन 24 को

**बिलासपुर।** बिहार के बेगूसराय में आयोजित होने वाली 52वीं वरिष्ठ पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम का चयन 24 मार्च को सुंदरनगर स्थित महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज के मैदान में किया जाएगा।

प्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष भरत साहनी और महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि चयन प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक हिमाचली खिलाड़ी खेल किट और अपने आधार कार्ड के साथ 24 मार्च को सुबह 11 बजे मैदान में वरिष्ठ हैंडबॉल कोच अशोक गौतम को रिपोर्ट करें। शारीरिक दक्षता एवं खेल कौशल पर आधारित चयन प्रक्रिया में प्रदेश हैंडबॉल संघ की ओर से चयनकर्ता नियुक्त किए जाएंगे। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता बेगूसराय में 31 मार्च से चार अप्रैल तक होगी।

## कांग्रेस ने हर बार चुनाव के समय लोगों को ठगने का किया काम: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना को लेकर कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया है। कांग्रेस ने हर बार चुनाव के समय लोगों को ठगने का ही काम किया है।

हिमाचल विधानसभा चुनाव के दौरान भी महिलाओं से इसी योजना के नाम पर फार्म भरवाए गए थे। वे फार्म कहां हैं, इसका किसी को पता नहीं है। अब लोकसभा की चुनावी बेला में बजट का प्रावधान किए बगैर एक बार फिर से महिलाओं से वही फार्म भरवाकर उन्हें ठगने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। महिलाएं पूरी तरह से जागरूक हैं। वे अब किसी झांसे में आने वाली नहीं हैं।

### गारंटियों को पूरा करने के लिए नहीं उठाए कदम

**विधानसभा** चुनाव के समय उसने दस गारंटियों का झुनझुना थमाकर अपना स्वार्थ पूरा कर लिया था। सवा साल तक इन गारंटियों को पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। अब लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही कांग्रेस को महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी याद आ गई। चुनाव से ठीक पहले इसके लिए स्कीम लांच कर दी गई।

## दबट व रोड जामन जंगल में 17 ड्रमों में पकड़ी लाहन

**अनंत ज्ञान, श्री नयनादेवी जी**

बिलासपुर पुलिस ने अवैध शराब का व्यापार करने वालों के अड्डों पर छापामारी की है।

बिलासपुर पुलिस ने पंजाब सीमा से सटे कोट कहलूर थाना के तहत आने वाले दबट और रोड जामन जंगल में 17 ड्रमों में 3500 एमएल लाहन पकड़ी है, जिसे मौके पर ही पुलिस की ओर से नष्ट किया गया है। पुलिस को उक्त दो स्थानों पर शराब की भट्टी लगी हुई मिली है। हालांकि मौके पर कोई भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। जानकारी के अनुसार पुलिस को दबट और रोड जामन जंगल में अवैध शराब बनाने की सूचना मिली थी। पुलिस के एक दल ने इन जंगलों में मंगलवार सुबह छापेमारी की। इस दौरान दो जगहों पर शराब की भट्टी लगी हुई मिली। भट्टी के साथ 17 ड्रमों में 3500 लाहन पाई गई। डीएसपी श्री नयना देवी विक्रांत बोंसला ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम आरोपियों की तालाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि नयना देवी जी क्षेत्र पंजाब के साथ लगता है। इन क्षेत्रों में इस तरह से कच्ची शराब का व्यापार होता देखा गया है। वहीं, कच्ची शराब करने वाले अड्डों पर पुलिस समय-समय पर छापामारी करती रहती है। उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।



दबिश के दौरान कच्ची शराब नष्ट करती हुई बिलासपुर पुलिस।

**रोजगार** | व्यावसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की जगह नोटिफाइड करने के लिए सीएम का जताया आभार

## कानफारा से कंदरौर तक चलेंगे स्पीड और पेडल बोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाखड़ा डैम (कानफारा) से कंदरौर तक पर्यटकों के लिए व्यावसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां की जगह नोटिफाइड करने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी, पर्यटन विभाग के निदेशक मानसी सहाय ठाकुर, डीसी आबिद सादिक हुसैन, अटल बिहारी पर्वतारोहण खेल संबंधित संस्थान मनाली के निदेशक अविनाश नेगी, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक मनोज कुमार, रितेश पटियाल एवं राकेश कुमार वालिया का आभार प्रकट किया।





वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अधिकारी।

भाखड़ा डैम (कानफारा) से कंदरौर तक पर्यटकों के लिए व्यावसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की जगह नोटिफाइड होने से पर्यटन विभाग के अंतर्गत जिले के युवाओं को 12 महीने गोबिंदसागर झील में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे क्योंकि बिलासपुर में गोबिंदसागर झील का जलस्तर बढ़ने पर बोट को दलदल व जमीन में रखना पड़ता है, जिससे बोट खराब हो रहे हैं और लाखों रुपए का नुकसान सराज अख्तर एवं संस्थापक सदस्य निर्मला राजपूत, हेमराज ठाकुर, समरजीत, बलवीर सिंह, तृप्ता ठाकुर ने कहा कि काफी लंबे समय से गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन यह मांग कर रही थी कि भाखड़ा डैम (कानफारा) से कंदरौर तक पर्यटकों के लिए व्यावसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां करने के लिए जगह नोटिफाइड की जाए।

अब बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में 12 महीने जल क्रीड़ा गतिविधियां करवाई जा सकती हैं। गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पर्यटकों के लिए स्पीड बोट, पेडल बोट, शिकारा, वाटर स्कूटर, कायकिंग बनाना राइड आदि सफल ट्रायल पिछले कई वर्षों से कर चुका है, जिसके फलस्वरूप बिलासपुर विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभर कर सामने आया और अब समय आ गया है कि सैकड़ों बेरोजगारों पर्यटन विभाग से टूयर ऑपरेटर बनाकर अपने रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं, जिससे बिलासपुर के युवाओं को स्टार्टअप मिलेगा। बिलासपुर की गोबिंदसागर झील को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने एवं वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से हमेशा कटिबद्ध रहती है।

## चार अप्रैल को होगा पशु मेला

### राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले की तैयारियां शुरू, पशु मेला कमेटी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में पांच से नौ अप्रैल तक चलने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले की तैयारी को लेकर बुधवार को पशु मेला कमेटी की बैठक मेला कमेटी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. केएल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक में मिलखी राम आजाद, अनिल कुमार, कर्म दीन, नंदलाल चौहान, विनय कुमार, प्रेम सिंह, राजीव शर्मा, जगदीश कुमार व जसवंत सिंह चंदेल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया, जिसमें मेला प्रशासन की ओर से पशु मेले की तिथि चार अप्रैल तय की गई है। कमेटी के सदस्यों ने अपना मत रखा कि मेले में भाग लेने वाली विभिन्न श्रेणियों के पशुओं में से केवल प्रथम, द्वितीय



व तृतीय स्थान पर रहने वाले पशुओं को ही ईनाम दिया जाएगा। पंजीकरण का कार्य चार अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू कर दिया जाएगा, जो कि 1:30 बजे तक जारी रहेगा। दो बजे के बाद कैटल जजिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उसके उपरांत किसी भी पशु का पंजीकरण नहीं होगा। पंजीकरण के दौरान हर पशु के कान पर लगा टैग चेक किया जाएगा, जो कि विभाग की साइट पर चेक करने के दौरान पशु मालिक के नाम को दर्शाएगा। अगर विभागीय साइट पर पशु मालिक का नाम नहीं आता है, तो उसका पंजीकरण नहीं किया जाएगा। पंजीकरण के दौरान हर पशु मालिक को अपनी आईडी साथ लानी होगी। पशु मेला में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पशुओं की अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं, जिनमें दूध वाली गाय व भैंस, गाभिन गाय व भैंस, एक से दो साल की बछड़ी व कट्टियां, बीटल व सिरोही नस्ल की नर व मादा श्रेणी की बकरियां होंगी। इसके साथ यह निर्णय भी लिया गया कि जिस श्रेणी में तीन या उससे कम पशु भाग लेंगे, उस श्रेणी की विभिन्न ब्रीड को कंपटीशन में लाने के लिए क्लब कर दिया जाएगा। पशु मेले में विजेता पशुपालकों को इनाम के रूप में राशि ग्रीष्म उत्सव के शुभारंभ पर मुख्यातिथि द्वारा दी जाएगी। वहीं पांच अप्रैल को एक डॉग शो का आयोजन भी किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेएनवी में आपदा प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण



जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन में आपदा से बचाव के गुर सिखाते फायरमैन।

**नाहन।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन में आपदा प्रबंधन, खोज एवं बचाव, अग्निशमन सुरक्षा और सुरक्षित स्कूल आपदा प्रबंधन योजना के निर्माण के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम श्री स्कूल जेएनवी नाहन के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में प्रथम सत्र में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिलाधीश कार्यालय नाहन से राजन कुमार शर्मा, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ सह-जिला प्रशिक्षण समन्वयक ने स्कूल सुरक्षा नीति 2016, प्राथमिक आपदा प्रबंधन, आपदा प्रबंधन चक्र तथा विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के बारे में बच्चों के साथ जानकारी व अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आदर्श अग्निशमन केंद्र, नाहन से फायरमैन राम दयाल शर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की आग, उनके लगने के कारण तथा उनसे होने वाले जानमाल के नुकसान के बारे में भी व्याख्यान दिया गया।

### भवन निर्माण पर तकनीकी जानकारी दी



राजगढ़ में अंबुजा सीमेंट कंपनी के जागरूकता शिविर में मौजूद ठेकेदार।

**राजगढ़।** अंबुजा सीमेंट कंपनी ने राज मिस्त्री व भवन निर्माण करने वाले ठेकेदारों के लिए एक जागरूकता शिविर व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी के क्षेत्रीय प्रभारी विशाल ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य भवन निर्माण में बरती जाने वाली सावधानियों व तकनीकी जानकारी देना है। इस जागरूकता शिविर में कंपनी के इंजीनियर साहिल ने लोगों को भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी दी। साहिल ने राज मिस्त्री व ठेकेदारों के साथ अपने उत्पाद में परिवर्तन किए जाते हैं, ताकि आने वाले समय में लोगों को अच्छा उत्पाद मिल सके। भवन निर्माण की गुणवत्ता बनी रहे। आज के समय में भवन निर्माण पूरी मजबूती से होना चाहिए, क्योंकि जिस तरह साल 2023 में हिमाचल में प्राकृतिक आपदा ने तबाही मचाई, उस स्थिति में भवन निर्माण जितना पक्का होगा, उतने ही हम सुरक्षित रहेंगे।

### अनविता का एपीएस डगशाई में चयन



लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मजयाट की छात्रा अनविता को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

**अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मजयाट अर्की की पांचवीं कक्षा में पढ़ रही कुमारी अनविता का छठी कक्षा में आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई में चयन हुआ है। आर्मी पब्लिक स्कूलों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का मेरिट आधार पर छठी कक्षा में प्रवेश के लिए चयन होता है। इस चयन में आम नागरिकों के लिए केवल दो सीटें आरक्षित होती हैं, जिसमें कुमारी अनविता अपनी प्रतिभा दिखाते हुए अपना चयन करवा लिया है। कुमारी अनविता ने बताया कि इस उपलब्धि का सारा श्रेय लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल के अध्यापकों को जाता है, जिन्होंने लीड कॅरिकुलम एवं स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से सभी विषयों में सृजनशीलता तथा तार्किक क्षमता को बढ़ाने में मदद की, जिसके कारण वह इस प्रतियोगिता परीक्षा को पास कर पाई। डॉ. कुसुम गुप्ता प्रधानाचार्या तथा सभी अध्यापकों ने कुमारी अनविता की इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं तथा कहा कि कुमारी अनविता ने न केवल लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने माता-पिता व अर्की के इलाके का नाम रोशन किया है।

### इटर्नल विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**राजगढ़।** इटर्नल यूनिवर्सिटी बडू साहिब के अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग (एसीएन) एवं टेक्सास महिला विश्वविद्यालय अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से नर्सिंग शिक्षा और अनुसंधान विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। नौ दिवसीय सम्मेलन में छात्राओं को नर्सिंग शिक्षा और अनुसंधान विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग हिमाचल प्रदेश में एक प्रमुख नर्सिंग संस्थान के रूप में अपनी एक अलग पहचान रखता है। भारत में नर्सिंग पेशे को आगे बढ़ाने के लिए अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग पूरे समर्पण भाव से, ड्रेक्सेल यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया यूएसए के सहयोग के साथ 2011 से प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन का आयोजन करता आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग बडू साहिब ने 2023 में टेक्सास महिला विश्वविद्यालय अमेरिका के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और इस अग्रणी कार्यक्रम के लिए मार्ग प्रशस्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक बाबा डॉ. दैवेंद्र सिंह, अध्यक्ष द कलगीधर ट्रस्ट, कुलपति इटर्नल यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय बडू साहिब मुख्य सलाहकार और मेंटर डॉ. नीलम कौर, सलाहकार, स्वास्थ्य और शिक्षा एवं डीन अकाल कॉलेज ऑफ अलाइड एंड हेल्थ साइंसेज इटर्नल यूनिवर्सिटी बडू साहिब एवं संयोजक प्रो डॉ. महमूद रेगु, पीएचडी, एमएससी (एन), प्रोफेसर सह प्रिंसिपल, अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इटर्नल यूनिवर्सिटी विशेष रूप से शिरकत की।

## बद्दी में डेढ़ माह में तीसरा हादसा, गैस लीक होने से एक व्यक्ति की मौत

### निगरानी के लिए टास्क फोर्स बनाने के दावे की निकली हवा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक इकाइयों में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इंडस्ट्री एरिया बद्दी में डेढ़ माह के भीतर तीसरा हादसा घटित हुआ है, जिसने प्रशासन व कंपनी प्रबंधन के इंतजामों की पोल खोल दी है। बीते माह एनआर अरोमा में भीषण अग्निकांड होने के बाद भी सबक नहीं लिया जा रहा है। एरिया में चल रही औद्योगिक इकाइयों में आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिसका खामियाजा कामगारों को जान देकर भुगतना पड़ रहा है।

भीषण अग्निकांड के बाद सरकार ने आदेशों में टॉस्क फोर्स गठित करने का फैसला लिया था, जो कि कंपनियों में इंतजामों की निगरानी के लिए बनाई जानी थी, लेकिन आज तक इसका गठन नहीं हुआ, जिस कारण हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते दिन बरोटीवाला के मंधाला में मैरिन मेडिकेयर फार्मा उद्योग में गैस लीक होने से बड़ा हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है, जबकि पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### डेढ़ माह में ये हादसे हुए

डेढ़ माह के भीतर तीन हादसे हो चुके है जिसमें 10 के करीब मौते हो चुकी है। बीती 2 फरवरी को एनआर अरोमा में भीषण अग्निकांड में 9 महिला कामगारों की मौत हुई थी जबकि 30 के करीब घायल हुए। 19 फरवरी को निकविन उद्योग काठा में केमिकल ड्रम गिरने से एक दर्जन कामगारों को सांस की समस्या के चलते रेफर किया गया था। अब मैरिन मेडिकेयर उद्योग में गैस लीक से एक की मौत हुई जो कि कंपनी मालिक की गाड़ी का चालक था।

# सपरून में फुटपाथ निर्माण को 20 लाख मंजूर

## हजारों लोगों को ट्रैफिक से मिलेगी राहत, फोरलेन निर्माण के समय तोड़ा गया था फुटपाथ

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के तहत सपरून में स्लिप रोड के साथ फुटपाथ निर्माण को शहरी निदेशालय ने 20 लाख रुपए मंजूर किए हैं। फुटपाथ निर्माण से शहर के चार वार्डों के हजारों लोगों को पैदल रास्ते की सुविधा मिलेगी, साथ ही आपपास के क्षेत्रों से रोज सोलन आने वाले लोगों को भी ट्रैफिक से निजात मिलेगी। विभाग ने आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी थी।

नगर निगम चुनाव के बाद फुटपाथ का निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर सकेगी। निगम ने सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण के लिए 24 लाख की डीपीआर प्रदेश सरकार की मंजूरी को भेजी थी। इस कार्य के लिए वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा ने स्थानीय सामाजिक संस्थाओं की मांग पर फुटपाथ के मामले को बार-बार सरकार और संबंधित विभाग के समक्ष उठाया।

पार्षद के अथक प्रयास का नतीजा है कि सोलन शहर के बाईपास पर स्लिप रोड बनने के फुटपाथ का निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया।

**चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा :** सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड-16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड-एक का देउघाट सहित यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। (अनंत ज्ञान)



सपरून में फुटपाथ के लिए प्रस्तावित स्थान।



फुटपाथ की मांग को सरकार के समक्ष जोर-शोर से उठाते रहे हैं। इसी का नतीजा है कि सोलन शहर बाईपास पर स्लिप रोड बना है। इसी कड़ी में अब पेडिस्ट्रेन बनाने के लिए सरकार ने 20 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही हम इस कार्य का टेंडर लगवा कर जल्द इसे पूर्ण करेंगे। सोलन शहर वासियों की तरफ से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शहरी निकाय मंत्री विक्रमादित्य सिंह का धन्यवाद करता हूं।

**-राजीव कौड़ा, पूर्व डिप्टी मेयर एवं पार्षद**

### एनएचएआई और रेलवे की भी मिली सहमति

**फुटपाथ** निर्माण को लेकर निगम के पदाधिकारियों ने रेलवे के अधिकारियों सहित एनएचएआई निगम को फुटपाथ बनाने की सैद्धांतिक मंजूरी ली है। बता दें कि सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड का निर्माण तो हुआ, लेकिन रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची है।

### फुटपाथ निर्माण की जगह पर रेहड़ी-फड़ी वालों का कब्जा

**सपरून** फुटपाथ के लिए प्रस्तावित जमीन में अवैध रूप से रेहड़ी-फड़ी वालों का कब्जा हो गया है। इस कार्य में देरी से इस स्थान पर अवैध रूप से रेहड़ियां लग गईं। इससे लोगों को सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। लोगों को उम्मीद थी कि रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद फुटपाथ में लगी रेहड़ियों को हटा दिया जाएगा, लेकिन यहां रेहड़ियां कम होने के बजाये दिनोंदिन बढ़ रही है। यहां नगर निगम की कार्यप्रणाली से पिछले एक वर्ष के दौरान अवैध तौर पर दर्जनों रेहड़ी चालकों के कब्जे हो गए। स्थानीय सामाजिक संस्थानों के विरोध के बावजूद नगर निगम ने आज तक रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाही नहीं की।

## बखालग शक्तिपीठ में जनपद सम्मेलन का आयोजन

**अर्की।** संस्कृत भारती हिमाचल प्रदेश अर्की जनपद में बखालग के शक्तिपीठ में जनपद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परमानंद सेवानिवृत्त संस्कृत अध्यापक ने बतौर मुख्यातिथि व भक्त राम प्रधान दुर्गा मंदिर कमेटी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। मंच संचालन राकेश पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूरनचंद भार्गव व ललित शर्मा रहे।

उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा पूरे भारतवर्ष में इस प्रकार के जनपद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि संस्कृत लोक भाषा व व्यवहारिक भाषा बन सके। श्रोताओं ने संस्कृत भारती से अनुरोध किया कि वह बनिया देवी में मंत्र स्तोत्र केंद्र, गीता पाठ केंद्र व संभाषण शिविर का आयोजन करें। कार्यक्रम में हरीश शर्मा, कमलकांत गौतम, कमल नयन, कपिल भारद्वाज, किशोरी शर्मा, अनिल (विस्तारक) व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उद्घोषित अपराधी बुलंदशहर से गिरफ्तार

**सोलन।** पुलिस ने थाना कसौली के तहत अभियोग उद्घोषित अपराधी विकास को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने उद्घोषित अपराधी विकास पुत्र फकीर चंद निवासी ध्रमबार कैंट लाइन कसौली जिला सोलन जो इन दिनों धतुरी, तहसील शिकारपुर, थाना सलैमपुर, जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में छुपा था।

पुलिस टीम ने थाना हाजिर होकर बताया कि जब यह उद्घोषित अपराधी की तलाश हेतु ध्रुमबार, बुलंदशहर इत्यादि के लिए रवाना थे तो उपरोक्त उद्घोषित अपराधी जिसे आईपीसी में अदालत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कसौली ने उद्घोषित अपराधी घोषित किए जाने के आदेश पारित किए थे, की तलाश अमल में लाई गई। पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को मुकाम वीपीओ धतुरी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में पहचान करने के उपरांत गिरफ्तार किया गया।

### मेडिकल कॉलेज नाहन में न्यूरोफिजियोलॉजी लैब शुरू

# मरीजों को अब नहीं काटने पड़ेंगे बाहरी राज्यों के चक्कर

**एसपी जैरथ, नाहन**

डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में न्यूरोफिजियोलॉजी लैब ने काम करना शुरू कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन ने टेस्ट की दरें भी निर्धारित कर दी हैं। अब मरीजों को रोग के उपचार के लिए बाहरी राज्यों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस लैब के शुरू होते ही जिला सिरमौर के लोगों को ईईजी, एनसीएस, ईएमजी, वीईपी और ब्रेन स्टेम अवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री से संबंधित सभी टेस्टों की सुविधा नाहन मेडिकल कॉलेज में ही उपलब्ध होगी।

इससे पहले इन टेस्टों को करवाने के लिए चंडीगढ़, देहरादून, पंचकूला, यमुनानगर और सोलन जाना पड़ता था। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि जनरल वार्ड में उपचाराधीन मरीजों और प्राइवेट वार्ड के मरीजों के लिए सभी टेस्टों के अलग-अलग रेट तय किए गए हैं।

जनरल वार्ड के मरीजों के लिए ईईजी के 550 रुपए और प्राइवेट वार्ड 830 रुपए का शुल्क रखा गया है। नर्व कंडक्शन वेलोसिटी (एनसीएस) के जनरल वार्ड रोगी के लिए 550 रुपए और प्राइवेट वार्ड 830 रुपए, इलेक्ट्रोमयोग्राफी (ईएमजी) जनरल वार्ड रोगी के लिए 220 और प्राइवेट वार्ड 230 रुपए शुल्क रखा है। वीईपी टेस्ट का रेट जनरल वार्ड रोगी 550 और प्राइवेट वार्ड रोगी 830 रुपए निर्धारित किया है। इसी तरह ब्रेन स्टीम अवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री जनरल वार्ड रोगी के लिए फीस 110 रुपए और प्राइवेट वार्ड रोगी के लिए 220 शुल्क लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# नवीन दृष्टिकोणों पर व्यक्त किए विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



द लॉरेंस स्कूल में 'हैप्पी क्लासरूम' पर सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन किया गया।

समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध लॉरेंस स्कूल सनावर ने शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के साथ मिलकर 'हैप्पी क्लासरूम' की अवधारणा पर क्षमता निर्माण कार्यशाला की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में सेंट मैरी स्कूल कसौली, पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू और द लॉरेंस स्कूल सनावर सहित उत्तर भारत में स्थित छह स्कूलों के पचास से अधिक शिक्षक विद्यालयों में खुशी और सकारात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन दृष्टिकोणों पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए।

लॉरेंस स्कूल सनावर में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए समान रूप से जीवंत और आकर्षक शिक्षण वातावरण बनाना था। 'हैप्पी क्लासरूम' की थीम के साथ प्रतिभागियों ने चर्चाओं, प्रस्तुतियों और इंटरेक्टिव सत्रों में भाग लिया, जिसका उद्देश्य कक्षाओं के भीतर खुशी और कल्याण को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं को समझना और लागू करना है। श्री ऑरबिंदो पब्लिक स्कूल, बद्दी की प्रिंसिपल अनिला नायर और फ्लोरेंस कॉन्वेंट स्कूल सुबाथू की प्रिंसिपल सुश्री उपासना वशिष्ठ ने वक्ता के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शिक्षा के क्षेत्र में अपने व्यापक अनुभव का लाभ उठाते हुए उन्होंने कक्षा की सेटिंग में खुशी और सकारात्मकता पैदा करने के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को खुशहाल माहौल में अध्ययन तथा अध्यापन के महत्व की गहरी समझ प्रदान की। पूरी कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से विचारों, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान किया, जिससे सीखने का अनुभव और समृद्ध हुआ। शिक्षण समुदाय के सामूहिक ज्ञान और साझा अनुभवों ने खुशहाल कक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक तत्वों की व्यापक समझ में योगदान दिया।

इस कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए द लॉरेंस स्कूल सनावर के हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने कहा कि हम 'हैप्पी क्लासरूम' पर इस सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला की मेजबानी करके खुश हैं। कार्यशाला सभी प्रतिभागियों के लिए एक आनंददायक और परिवर्तनकारी अनुभव रही है। इसने न केवल हमें व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान की हैं, बल्कि शैक्षिक सेटिंग्स के भीतर छात्रों और शिक्षकों की भलाई और खुशी को प्राथमिकता देने के महत्व की भी पुष्टि की है।

# लाइसेंसी हथियारों को करवाएं जमा : एसएचओ

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

लोकसभा चुनाव-2024 के चलते लाइसेंसी हथियारों को पुलिस स्टेशनों में जमा करवाने के आदेश जारी हो चुके हैं। पुलिस स्टेशन नालागढ़ के तहत अभी सिर्फ 7 लोगों ने अपने हथियारों को जमा करवाया है, जबकि एरिया में 900 के करीब लोगों के पास लाइसेंसी हथियार हैं। अभी भी लोग अपने हथियारों को जमा करवाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं।



श्याम लाल, एसएचओ

थाना प्रभारी नालागढ़ श्याम लाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चुनावों के चलते हथियारों पर प्रतिबंध लगाया है। अगर कोई व्यक्ति अपना हथियार जमा नही करवाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गौरतलब रहे कि उपायुक्त सोलन ने इसके लिए बाकायदा आदेश जारी किए है जिसमें धारा 144 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला दंडाधिकारी ने जारी आदेश जारी किए जा चुके हैं। अगर कोई लाइसेंसधारक अपना हथियार जमा नहीं करवाता है, तो उस पर नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। थाना प्रभारी नालागढ़ श्याम लाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लग चुकी है और ऐसे में हथियार ले जाने पर प्रतिबंध लग चुका है। उन्होंने कहा कि आदेशों के अनुसार लोग अपने हथियारों को अपने एरिया के तहत थाना व चौकी में जमा करवा सकता है।

उन्होंने कहा कि अभी देखने में आया है कि लोग अपने हथियारों को जमा नहीं करवा रहे है, ऐसे में अगर किसी द्वारा हथियार से जुड़ी शिकायत मिलती है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी सिर्फ 7 के करीब हथियार जमा हुए हैं।

## उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी सम्मानित

**नाहन।** जिला सिरमौर की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार धाम को समर्पित चूड़ेश्वर सेवा समिति बोगधार इकाई ने चूड़धार धाम में उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से योगदान देने के लिए हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को सम्मानित किया है। चूड़ेश्वर सेवा समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम संगड़ाह सुनील कायस्थ की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान एसडीएम ने चूड़धार धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि चूड़धार धाम आने वाले पर्यटक जिम्मेदार पर्यटक की भूमिका निभाएं।

# माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग जर्मनी में करवाएगी नर्सों की प्लेसमेंट



एमओयू के साथ अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

### माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग और मैजिक बिलियन कंपनी ने मिलाया हाथ

माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन में मैजिक बिलियन, नोएडा (ग्लोबल प्लेसमेंट कंपनी), ज्ञान कंसल्टेंट्स (शिक्षा, निवेश और मनोरंजन क्षेत्रों में परामर्श) पंचकूला के संयुक्त प्रावधान से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि मेजर जनरल अतुल कौशिक रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ईशानी ठाकुर द्वारा सभी का स्वागत कर व दीप प्रज्वलित कर की गई।

मुख्य अतिथि मेजर जनरल अतुल कौशिक जो कि पूर्व में हिमाचल प्रदेश प्राइवेट एजुकेशनल इंस्टीट्यूट रेगुलेटरी कमीशन में अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रह चुके हैं और वर्तमान में वह सदस्य सलाहकार परिषद एनएबीईटी के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कॉलेज की छात्राओं को जर्मन लैंग्वेज के बारे में सीखकर जर्मन के टॉप मल्टी स्पेशल अस्पताल में प्लेसमेंट करवाना है। मैजिक बिलन (नर्सों और युवाओं के लिए वैश्विक प्लेसमेंट कंपनी जिसका मुख्यालय नोएडा में है) के साथ अपने सहयोग की घोषणा करने के लिए तैयार है। मैजिक बिलियन के संस्थापक बसब बनर्जी (मैजिक बिलियन, भारत और यूके में स्थित एक वैश्विक प्रतिभा प्रबंधन कंपनी है) और माता पद्मावती नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक सचिन जैन (नाहन का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित नर्सिंग कॉलेज) ने क्षेत्र की नर्सों के उत्थान के लिए एक साथ हाथ मिलाया है।

नर्सिंग संबंधित डिग्री पूरी होने के बाद उनका जर्मनी में प्लेसमेंट करना है। इसका उद्देश्य महत्वाकांक्षी और मेहनती नर्सिंग छात्राओं के सपनों को पूरा करना है। 15 नर्सों का पहला बैच पहले ही शुरू हो चुका है।

**अपील** जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से किया आग्रह

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान करवाने में करें सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा।

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आदर्श आचार संहिता, आय-व्यय सहित चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

मनमोहन शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के बारे में जानकारी देते हुए आग्रह किया कि चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने तक सभी राजनीतिक दल आचार संहिता तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, बाधा रहित व शांतिपूर्ण मतदान करवाने में सभी दल सहयोग करें। चुनाव प्रचार के दौरान भी द्वेषपूर्ण, जाति, संप्रदाय व धर्म पर टिप्पणी सहित व्यक्तिगत आक्षेपों से बचते हुए संयमित भाषा का प्रयोग करें। उन्होंने चुनावी सभाओं, जुलूस, रैलियों इत्यादि के दौरान भी कानून व्यवस्था व नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

उन्होंने चुनाव के दौरान प्रयोग की जाने वाली सामग्री की दरों के बारे में भी अवगत करवाया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान पार्टी कार्यालयों में प्रयोग किए जाने वाले सामान, रैली, सभाएं व वाहन, प्रचार सामग्री छापने व विज्ञापन जारी करने के लिए आवश्यक अनुमति बारे भी अवगत करवाया गया। उन्होंने ईको फ्रेंडली चुनावी प्रचार सामग्री के अधिक से अधिक उपयोग पर भी बल दिया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चुनावी व्यय का लेखा-जोखा अद्यतन रखने का भी आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि चुनावी रैलियों, सभाओं, आयोजन तथा प्रचार सामग्री सहित विभिन्न मदों में होने वाले व्यय का निर्धारित प्रपत्र व समय सीमा में ब्यौरा प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से विज्ञापनों इत्यादि पर व्यय भी संबंधित पार्टी अथवा प्रत्याशी के खाते में जुड़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन जारी करने से पूर्व जिला स्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से पूर्व स्वीकृति आवश्यक है। मतदान दिवस एवं इससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों के लिए भी यह अनुमति आवश्यक होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी अवगत करवाया कि नामांकन की अंतिम तिथि तक नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जा सकते हैं। हालांकि, इन सूचियों में किसी त्रुटि में संशोधन अथवा नाम काटा नहीं जा सकेगा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन उषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह तोमर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवदत्त ठाकुर व शारदा कश्यप, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत शर्मा, आम आदमी पार्टी की गीता ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी के राकेश कुमार सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव प्रचार के दौरान वायु तथा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के साथ ही वायु तथा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर भी राजनीतिक दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस बारे में सभी सहायक रिर्टनिंग अधिकारी एवं पुलिस विभाग को इन दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान गाड़ियों के बड़े काफिले के साथ चुनावी रैलियां आयोजित की जाती हैं। इस प्रकार के प्रदर्शन से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की संभावना बनी रहती है, वहीं पर्यावरण भी प्रदूषित होता है और जन-जीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त लाऊड स्पीकरों व ध्वनि विस्तार के अन्य साधनों के अधिकतम प्रयोग से भी आम जनमानस की शांति भंग होती है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों व ध्वनि विस्तार के प्रदूषण से विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों व बीमार व्यक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों की अनुपालना के लिए गठित समिति में इस तरह के प्रदूषण और उससे होने वाली परेशानियों के बारे में राजनीतिक दलों को अवगत करवाएं। साथ ही वह राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के दौरान इस्तेमाल होने वाले वाहनों और लाऊड स्पीकर के उचित प्रयोग के लिए प्रेरित करें, ताकि किसी भी प्रकार के प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके।




## न्यूज ब्रीफ

### वीरेंद्र आजाद कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल



अंटी पंचायत के उपप्रधान वीरेंद्र आजाद भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल होते हुए।

**रोहड़ू।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की जुब्बल तहसील की अंटी पंचायत के उपप्रधान वीरेंद्र आजाद भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आहत होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। वीरेंद्र ने शिक्षा मंत्री रोहित से मुलाकात की और विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर और भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। उपप्रधान वीरेंद्र आजाद ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के मजबूत सिपाही के रूप में आगामी लोकसभा चुनाव में रोहित के हाथों को मजबूत करेंगे और चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

### डीआईएसई सॉफ्टवेयर के प्रयोग पर चर्चा की



**रिकांगपिओ।** सहायक आयुक्त किन्नौर विजय कुमार ने डीसी कार्यालय सम्मेलन कक्ष में लोकसभा चुनाव-2024 में डीआईएसई सॉफ्टवेयर के प्रयोग पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी के युग में सॉफ्टवेयर समझने पर प्रकाश डाला, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। तहसीलदार निर्वाचन जीएस राणा ने बैठक का संचालन किया और उपस्थित अधिकारियों को सॉफ्टवेयर के संदर्भ में संशय दूर किए। जिला सूचना अधिकारी बलवान सिंह नेगी ने सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण प्रदान किया और डीआईएसई की विभिन्न बारीकियों से अधिकारियों को अवगत करवाया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जसवंत सिंह माथस रोपा वेली के अध्यक्ष



डुब्लु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर करवाई प्रतियोगिता में मौजूद महिलाएं।

**रिकांगपिओ।** किन्नौर कांग्रेस कमेटी की ओर से जसवंत सिंह माथस को गंग्युल घाटी (रोपा वेली) का अध्यक्ष व अमीर सिंह नेगी को महासचिव का दायित्व दिया है। नवनियुक्त गंग्युल घाटी कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत माथस व महासचिव अमीर नेगी ने इस नए दायित्व को बखूबी निभाने का आश्वासन दिया है। इस नए दायित्व के लिए पार्टी नेतृत्व, राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी व पूह ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम कुमार का आभार जताया।

### चम्मच दौड़ में रेखा, मटका दौड़ में संगीता प्रथम

**जुन्गा।** बलोग पंचायत के दो स्वयं सहायता समूह एकता महिला ग्राम संगठन और जागरूक महिला ग्राम संगठन के संयुक्त तत्वाधान में डुब्लु में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला परिषद सदस्य संतोष शर्मा ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर चम्मच दौड़, मटका फोड़ और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह के मुख्य आकर्षण रहे। चम्मच दौड़ में रेखा शर्मा, मटका फोड़ में संगीता ठाकुर और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में सोनू शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्राम संगठन की पदाधिकारी ममता कश्यप ने पहेलियां पूछ कर महिलाओं का ज्ञानवर्धन किया। गिरिगंगा समूह की महिलाओं ने मेरे राम आए भजन पर नृत्य करके कार्यक्रम में आई महिलाओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

### विभिन्न गतिविधियों के लिए नवाजे 188 स्टूडेंट्स

**सुन्नी।** सुन्नी कॉलेज का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र वर्ष 2023-24 में शैक्षणिक, खेलकूद, सामाजिक गतिविधियों में अव्वल प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में कॉलेज के 188 स्टूडेंट्स को मुख्यातिथि की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह में निदेशक उच्च शिक्षा अमरजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सालाना समारोह किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए महत्वपूर्ण होता है। जहां विभिन्न गतिविधियों में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है। सुन्नी कॉलेज ने छोटा कॉलेज होने के बावजूद बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। शिक्षा क्षेत्र में आज बहुत सी चुनौतियां हैं।

### गेयटी थियेटर में पहाड़ी नाटी पर थिरके लोग

**शिमला।** शिमला के गेयटी थियेटर में चौपाल छात्र संघठन द्वारा शान ए चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा चौहान ओर मेहर सिंह तोमर रहे। गेयटी में बाहरी राज्य से शिमला घूमने आए पर्यटकों ने भी इस नृत्य को अपने कैमरों में कैद किया। वहीं, छात्रों संगठन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इसमें लड़कियों की नाटी, लडकों व लड़कियों का डांस, वेस्टन डांस आदि प्रस्तु किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पहाड़ी कलाकार रहे। उनकी नाटियों ने थियेटर में धमाल मचाया।

### महिलाओं को ठग रही सरकार : वंदना योगी


**शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाए हैं कि राज्य में कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में भीएक ब्लू फॉर्म भरवाया था और जो फॉर्म भरे गए थे। उन महिलाओं को भी आज तक 1500 रुपए नहीं मिले। वर्तमान समय में भी जो फार्म कांग्रेस सरकार भरवा रही है। वह भी केवल मात्र एक छलावा है, 100 प्रतिशत फॉर्म अमान्य करार होंगे क्योंकि परिवार में इन श्रेणियों के सदस्य होने पर महिलाओं को यह लाभ नहीं मिलेगा। योगी ने आरोप लगाया कि परिवार में केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी, पेंशनर्स, अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालिक वर्ग के कर्मचारी होने पर महिलाओं को योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को यह सरकार ठगने का कार्य कर रही है।

# गुटखा-तंबाकू की आदत, कैंसर को दावत

## राज्य में 50 साल से अधिक और वृद्ध लोगों में तंबाकू के कारण हो रहे दांत खराब, बढ़ रहे मरीज

**जय ठाकुर, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे के कारण ओरल कैंसर एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। प्रदेश में लोगों में बढ़ती तंबाकू की लत कैंसर के खतरे को बढ़ा रही है, जिससे मौत तक हो सकती है।





डेंटल कॉलेज शिमला के प्रोफेसर एवं एचओडी डॉ. विनय भारद्वाज ने बताया कि तंबाकू के सेवन से अधिकतर लोगों के दांत और मसूड़े खराब हो रहे हैं, जिससे ये कैंसर का बड़ा कारण बन रहा है। युवाओं में ओरल कैंसर के मामले कम हैं, जबकि 50 साल से अधिक और वृद्ध लोगों में तंबाकू के कारण अधिकतर दांत खराब हो रहे हैं, इसका मुख्य कारण तंबाकू माना जा रहा है, जिससे ओरल कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। इसके अलावा मुंह में तीखे दांत से भी ओरल कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है। दुनिया में बुधवार को वर्ल्ड ओरल हेल्थ-डे मनाया गया। इस साल वर्ल्ड ओरल हेल्थ-डे 'एक खुश मुंह है एक खुश शरीर' की थीम पर मनाया गया। इसका उद्देश्य दांतों से संबंधित समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करना और ओरल हेल्थ को प्रमोट करना है। (अनंत ज्ञान)

### तंबाकू सेवन से बढ़ रहा ओरल कैंसर

मुंह के कैंसर का सबसे बड़ा मुख्य कारण तंबाकू का सेवन है। डॉ. विनय भारद्वाज का कहना है कि तंबाकू, गुटखा, पान, खैनी का सेवन करने से मुंह का कैंसर होता है। इसका सबसे पहले दांत पर असर पड़ता है एक स्पॉट यानी धीरे-धीरे स्पॉट बड़ा होता है और उसके बाद दांतो में ही कैविटी का रूप लेता है। इसके बाद की अवस्था में मुंह में अल्सर होना शुरू हो जाता है। अल्सर होने के बाद ही अवस्था में तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्ति को मुंह खोलने में परेशानी आती है, जिसके बाद यह पूरे मुंह में फैलकर ओरल कैंसर का रूप धारण कर लेता है। विनय ने बताया कि इसका तीसरी-चौथी स्टेज में भी इलाज संभव है। इलाज के बाद लाइफ एक्सपेक्टेंसी हालांकि कम हाती है। मुंह में गलत तरीके से बढ़ रहा तीखा दांत भी समस्या का कारण बन सकता है।



### नशीले पदार्थों का करें त्याग

नियमित तंबाकू, धूम्रपान और शराब के सेवन से मुंह की कोशिकाएं खतरनाक रसायनों के संपर्क में आती हैं, जिससे मुंह के कैंसर की संभावनाएं तेजी से बढ़ने लगती हैं। डॉ. विनय का कहना है कि मुंह के कैंसर को रोकने का कोई कारगर और सिद्ध तरीका नहीं है, लेकिन नशे का त्याग करने के साथ ही कुछ सावधानियां बरतने से मुंह के कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### अस्पताल में आ रहे ओरल कैंसर के मरीज



डॉ. विनय भारद्वाज ने बताया कि डेंटल कॉलेज शिमला में मुंह के कैंसर के मरीज भी आते हैं। ओपीडी में हर महीने तीन से चार मरीज ओरल कैंसर के आते हैं। हालांकि यह कैंसर अस्पताल से रेफर होकर आते हैं, जिनके दांतों का इलाज किया जाता है और साथ में मसूड़ों का भी ट्रीटमेंट किया जाता है। प्रदेश में लोगों में तंबाकू का सेवन बढ़ता जा रहा है, जिससे मुंह के कैंसर की संभावनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

### लोकसभा चुनाव के लिए नहीं किया आवेदन : रामलाल

**शिमला।** प्रदेश की राजनीति के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कभी आवेदन नहीं किया।

पार्टी ने जब-जब भी जिम्मेदारी सौंपी, उसे निभाया है। हमीरपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ने को लेकर रामलाल ने हालांकि अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। शिमला में मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि प्रत्याशी तय करने का अधिकार केवल कांग्रेस हाइकमान के पास है। वहीं, इन दिनों दिल्ली में टिकटों को लेकर कांग्रेस की कोर टीम की ओर से मंथन चल रहा है। जल्द ही इस संबंध में सारी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुप्पी साधते हुए अयोग्य विधायकों का मामला सुप्रीम कोर्ट में होने का हवाला दिया। पूर्व में दिवंगत वीरभद्र सिंह और हाइकमान के आदेशों पर हमीरपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ा।

# भाजपा व जयराम महिला विरोधी: नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर महिला विरोधी हैं।

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत महिलाओं को मिलने जा रहे 1500 रुपए से विपक्ष पूरी तरह बौखला गया है। इस योजना का लाभ प्रदेश में पहली अप्रैल-2024 से प्रदान करने की औपचारिकताएं चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पूरी हो चुकी हैं। नेगी ने कहा कि योजना के लिए बजट का प्रावधान किया जा चुका है, मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। योजना को लागू करने की अधिसूचना सरकार जारी कर चुकी है। अगर महिलाएं अब फार्म जमा कर रही हैं, तो भाजपा और जयराम ठाकुर क्यों विरोध कर रहे हैं। उन्हें महिलाओं को बताना होगा, कि वह क्या चाहते हैं कि 18 साल से अधिक आयु की पात्र बेटियों, बहनों और माताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए। जयराम को लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार साफ नजर आ रही है, इसलिए वह महिलाओं के विरोध में आ खड़े हुए हैं। प्रदेश की महिला शक्ति उन्हें इस विरोध का मुंहतोड़ जवाब देगी और आगामी चुनावों में भाजपा को चारों खाने चित्त करेगी।

### दलगत राजनीति से योजना का कर रहे विरोध



**नेगी** ने कहा कि जयराम को महिला हितैषी योजनाओं का विरोध करना शोभा नहीं देता। उन्हें तो इसका समर्थन करना चाहिए था, लेकिन वह दलगत राजनीति करते हुए इस योजना का विरोध कर रहे हैं। भाजपा व जयराम ठाकुर इसलिए भी विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह कांग्रेस की गारंटी थी, जिसे सरकार ने अपने सवा साल के कार्यकाल में ही पूरा कर दिया है।

- प्रदेश की महिला शक्ति उन्हें विरोध का देगी मुंहतोड़ जवाब

### जनहितकारी योजनाओं को पचा नहीं पा रहा विपक्ष

विपक्ष सरकार की जनहितकारी योजनाओं को पचा नहीं पा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सवा साल के कार्यकाल में अभूतपूर्व कार्य किया है, दस में से पांच गारंटियों को भी पूरा कर दिया गया है। इससे भाजपा नेता बौखलाहट में हैं, उन्हें सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन रास नहीं आ रहा। भाजपा व जयराम को प्रदेश के हित में लागू की जा रही नीतियों का विरोध करने से पहले सोच विचार कर लेना चाहिए।

# मतियाना में आभूषणों की दुकान में चोरी, चार आरोपी गिरफ्तार

**मनीष, ठियोग**

ठियोग उपमंडल के तहत मतियाना में एक आभूषण की दुकान में हुई चोरी को लेकर दर्ज मामले को सुलझाने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश शाह पुत्र स्वर्गीय मेथर शाह निवासी मतियाना ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनकी आभूषणों की दुकान से 10 और 11 मार्च की मध्यरात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति ने लगभग 1.5 किलोग्राम चांदी तथा पांच ग्राम सोना चोरी किया है।

इस दौरान पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर जांच के दौरान चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, आरोपियों में मंजूर मोहम्मद उम्र 41 वर्ष पुत्र रियास मोहम्मद ग्राम सियावा डाकघर कुनिहार, तहसील अर्की, जिला सोलन, कालू राम उम्र 36 वर्ष पुत्र सीता राम गांव बजनी, डाकघर शालाधाघाट, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन, कमलेश उम्र 36 वर्ष पुत्र काकू राम गांव कलार, डाकघर बखालग, तहसील अर्की, जिला सोलन और मनसू उम्र 28 वर्ष पुत्र हरिंदर चौधरी निवासी मलाई टोला तहसील मटियारी, जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी के इस मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी में शामिल वाहन मारुति अल्टो कार नंबर एचपी 11-7003 को भी पुलिस की ओर से जब्त किया गया है। चारों को एलडी कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



मतियाना में आभूषणों की दुकान में चोरी मामले में गिरफ्तार आरोपी।

# पूर्व सरकार ने कार्यकाल में महिलाओं को ठगने का किया काम : केवल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के डिप्टी चीफ व्हिप केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा महिलाओं के आर्थिक रूप से समृद्ध होने की राह का सबसे बड़ा रोड़ा हैं। वह नहीं चाहते कि पात्र महिलाओं के हाथ में सीधा पैसा जाए।

पूर्व जयराम सरकार ने अपने कार्यकाल में महिलाओं को ठगने का काम किया, और अब उन्हें सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार से मिलने वाले अधिकार को रोकने में जुट गए हैं। प्रदेश की महिला शक्ति के सामने भाजपा की चाल, चेहरा व चरित्र बेनकाब हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष बताएं कि भाजपा महिलाओं के 1500 रुपए क्यों रोकना चाहती है। विपक्षी दल के नेताओं को प्रदेश की महिलाओं का उत्थान क्यों पसंद नहीं आ रहा।

- भाजपा महिलाओं के 1500 रुपए क्यों रोकना चाहती

प्रदेश भाजपा को जनता को बताना चाहिए कि बीते पांच साल प्रदेश की सत्ता में रहते महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम इतना क्यों छटपटा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# लेडी गवर्नर ने मरीजों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लेडी गवर्नर एवं अध्यक्ष, प्रदेश राज्य रेडक्रॉस जानकी शुक्ल ने आज इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के कैंसर अस्पताल का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ अनुभाग की सदस्याओं ने भी भाग लिया व कैंसर अस्पताल में भर्ती रोगियों तथा कीमोथेरेपी करवाने आए लोगों को स्वच्छता किट तथा फल, जूस वितरित किए।

राज्य रेडक्रॉस के सहायक सचिव संजीव कुमार ने बताया कि लेडी गवर्नर ने बुधवार को अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों का कुशल क्षेम जाना। इसके साथ ही मरीजों को उन्हें स्वच्छता किट तथा फल व जूस वितरित किए। जानकी शुक्ल ने कहा कि हमें कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है और यदि हम कैंसर के प्रति जागरूक होंगे तो इसका जोखिम कम हो सकता है।



अस्पताल में स्वच्छता किट के साथ फल एवं जूस वितरित करती लेडी गवर्नर।

कैंसर का जल्द पता लगने से शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए कैंसर के लक्षण और बचाव के प्रति लोगों को जानकारी देना जरूरी है।

इस कार्यक्रम में कैंसर अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ. मुनीश गुप्ता द्वारा माननीय लेडी गवर्नर एवं अध्यक्ष, अस्पताल कल्याण अनुभाग, हि. प्र. राज्य रेडक्रॉस को अस्पताल की कार्य-प्रणाली एवं विभिन्न विभागों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अस्पताल कल्याण अनुभाग से बिंदु सैनी, अनीता सिंह, लोकेश्वरी, नमिता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### देश में विपक्ष में बौखलाहट : जयराम

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एक बार फिर से कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल रहे जनसमर्थन से पूरे देश में विपक्ष हैरान है। गठबंधन करने के बाद भी कांग्रेस समेत सभी दलों के बड़े नेता मैदान में उतरने से भाग रहे हैं, जो लोग वर्तमान में संसद के सदस्य हैं वह भी इस बार के लोकसभा चुनाव में उतरने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। कई दिग्गज नेता खुलेआम कोई न कोई बहाना बनाकर चुनाव लड़ने में अपनी असमर्थता जाहिर कर दी है।

कांग्रेस आलाकमान की ओर से चुनाव लड़ने के लिए दवाब देने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर, मीडिया के बीच जाकर सफाई दे रहे हैं। पूरे देश कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष का यही हाल है। आज देश भर के बड़े नेता भाजपा में शामिल होना चाहते हैं। वह प्रधानमंत्री की जन हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर देश के विकास में उनके साथ काम करना चाहते हैं। आज कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है। इस देश के ज्यादतर राज्यों में कांग्रेस को इंडी गठबंधन के सहयोगी दल सीटें नहीं दे रहे हैं और जहां पर कोई सहयोगी नहीं है, वहां पर कांग्रेस के नेता स्वयं ही चुनाव से दूरी बना रहे हैं।

# मिस हिमानी, मिस्टर फेयरवेल निशांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी**

धामी कॉलेज में प्रथम और द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट्स द्वारा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि और पीटीए उपप्रधान अनूप गुप्ता ने विषेश अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्राचार्य की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन डॉ. दिनेश शर्मा एवं डॉ. कविता ने किया। इस अवसर पर तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम से विदाई दी गई। रैंप वॉक, टैलेंट राउंड, जैसी गतिविधियों के पड़ावों को पार कर के मिस्टर फेरवल, मिस फेरवल चुने गए। इस दौरान मिस फेयरवेल का खिताब हिमानी तथा मिस्टर फेयरवेल निशांत वर्मा को चुना गया। आर्यन कुमार को मिस्टर कांफिडेंस, बेस्ट कॉस्ट्यूम नैना शर्मा, बेस्ट पर्सनेलिटी रीता कौशल को दिया गया।



धामी कॉलेज में विदाई पार्टी के दौरान मौजूद मिस हिमानी व मिस्टर फेयरवेल निशांत।

# एचपीयू की परीक्षाएं 28 मार्च से नेता नहीं कर पाएंगे चुनाव प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- 85 हजार रेगुलर और 30 हजार तक अनुपूरक-स्पेशल चांस वाले स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे

प्रदेश में चार सीटों पर आम चुनाव और विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव के लिए होने वाले प्रचार अभियान में कॉलेजों के छात्र शुरुआती दौर में नजर नहीं आएंगे।

वजह यह है कि 28 मार्च से एचपीयू की यूजी परीक्षाएं शुरू हो रही हैं, जो कि तीन मई तक चलेंगी। प्रदेश के 173 केंद्रों में लगभग 85 हजार रेगुलर और 30 हजार तक अनुपूरक-स्पेशल चांस वाले स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। भविष्य के कर्णधार युवा कॉलेज छात्र पार्टी उम्मीदवार के चुनाव प्रचार में चाह कर भी नहीं उतर पाएंगे। लोकसभा चुनावों में यही युवा छात्र कार्यकर्ता विधानसभा में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालते हैं। युवाओं की फौज दूरदराज के ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में पोस्टर लगाने से लेकर प्रचार को होने वाली रैलियों के आयोजन, इंतजाम का जिम्मा संभालते आई हैं।

**तैयारी** चुनाव आयोग ने पहली बार की नई व्यवस्था, प्रदेश में 50 हजार कर्मियों के हवाले लोकसभा चुनाव

# ड्यूटी पर जाने से पहले वोट देंगे कर्मचारी, मीडिया कर्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

चुनाव आयोग ने पहली बार नई व्यवस्था की है। लोकसभा चुनावी ड्यूटी पर जाने से पहले ही हिमाचल के 50,000 मतदान कर्मी वोट डाल देंगे। अब तक मतदान कर्मियों को बैलेट पेपर दिए जाते थे और मतदान केंद्र पर पोस्टल बैलेट से वोट डालते थे।





मतदान से पूर्व प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारी राजपत्रित अधिकारी से स्व प्रमाणित घोषणा पत्र का सत्यापन कर मतदान करेंगे। राज्य निर्वाचन विभाग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा कि आयोग ने मीडिया कर्मियों को भी अनिवार्य सेवाओं में शामिल किया है, ऐसे में मीडिया कर्मी भी मतदान से पहले वोट डाल सकेंगे। निर्वाचन आयोग के राष्ट्र स्तरीय मास्टर ट्रेनर मुंशी शर्मा ने प्रस्तुति के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रमाणन समिति, सोशल मीडिया, फेक न्यूज, पेड न्यूज और पत्रकारों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। चुनावों के लिए चार मई तक वोट बनाए जा सकेंगे। इसके बाद भी यदि कोई पात्र व्यक्ति वोट बनाने के लिए आवेदन करता है, तो आवेदन स्वीकार किया जाएगा। अगर कोई खबर पेड पाई जाती है, तो उसका खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ा जाएगा और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया को सूचित किया जाएगा।

### विज्ञापनों का करवाना होगा अग्रिम प्रमाणीकरण

सोशल मीडिया पर चलने वाले विज्ञापनों का भी अग्रिम प्रमाणीकरण करवाना होगा। पेड न्यूज पर निर्वाचन विभाग अपने स्तर पर भी नजर रखेगा। राजनीति दलों और प्रत्याशियों के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी नजर रखी जाएगी। प्रत्याशियों को नामांकन के समय अपने अकाउंट की जानकारी देनी होगी। मतदान केंद्रों और मतगणना केंद्रों में प्रवेश के लिए मीडिया पास जारी किए जाएंगे। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पत्रकारों को राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार प्रदान करेगा।

### 94 मिनट में निपटाई सी-विजिल ऐप पर आई शिकायतें

चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए बनी सी-विजिल ऐप से शिकायतें निपटाने का हिमाचल का औसत समय 94 मिनट रहा है। बीते विधानसभा चुनावों में ऐप के माध्यम से निर्वाचन विभाग को 1013 शिकायतें मिली थीं, जिन्हें औसतन 94 मिनट में निपटाया गया। विजिल ऐप पर आने वाली शिकायतों को 100 मिनट में निपटाने का प्रावधान है।

### युवा मतदाताओं के पंजीकरण में प्रदेश देश भर में प्रथम, भारत में 1.89 फीसदी युवा मतदाता

**शिमला।** देश में युवा मतदाताओं के पंजीकरण में प्रदेश की औसत देश में अव्वल रही है। भारत में कुल मतदाताओं में से 1.89 फीसदी युवा मतदाता हैं, जबकि हिमाचल में यह आंकड़ा 2.5 फीसदी है। राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से युवा मतदाताओं के वोट बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया था, जिसके फलस्वरूप यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। प्रदेश में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 1,38,918 वोटर हैं। वहीं, 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 10,40,756 मतदाता हैं। युवा वोटर मतदान प्रक्रिया में भी बढ़-चढ़कर भाग लें, इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। विभाग ने स्कूलों और कॉलेजों में करीब 2,500 युवा मतदाता जागरूकता क्लब बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी क्लबों के साथ बैठक कर युवा वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं, राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी बैठकों में जाकर युवा मतदाताओं में जागरूकता लाएंगे। ऐसे मतदान केंद्र जहां महिला मतदाता कम संख्या में मतदान करती हैं, वहां क्रैच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। ऐसे क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला आइकन भी चुनी जाएंगी।

# नशे के खिलाफ हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति छेड़ेगी विशेष अभियान : पुंडीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति शीघ्र ही नशे के खिलाफ एक बड़े अभियान आरंभ करने जा रहा है, जिसके बारे समिति ने अपने राज्य कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की गई, जिसमें प्रदेश विश्वविद्यालय और कॉलेज के प्रोफेसर, पूर्व प्रोफेसर, विभिन्न विभागों से सेवनिवृत्त अधिकारी, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों ने अपने बहुमूल्य विचार रखे।

समिति के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने बताया कि अब तक नौ जिलों में इस विषय पर बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इस बीच समिति की टीम नशा मुक्ति केंद्रों और पूनर्वास केंद्रों का दौरा भी कर चुकी है। आगामी 29 से 31 मार्च तक समिति प्रदेशभर के लगभग 50 नेतृत्वकारी कार्यकर्ताओं के लिए मंडी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन करने जा रही है। तदोपरांत इस अभियान को धरातल पर उतारा जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश विश्वविद्यालय के इंटर डिस्सिप्लिनरि अध्ययन के मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. रणधीर रांटा ने नशे से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज सिंथेटिक नशे से युवाओं में खतरा बहुत अधिक बढ़ गया है, जिससे युवाओं में हीन भावना बढ़ती जा रही है। सेवानिवृत्त कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. रीना सिंह ने स्कूलों के माध्यम से उपयुक्त हस्तक्षेप करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि बच्चों के उचित मार्गदर्शन तथा इंनोवेटिव गतिविधियों के जरिये रचनात्मक कार्यों के प्रति अभिप्रेरित करना होगा। बैठक में प्रदेश विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग के प्रोफेसर नरेंद्र चौहान, सेंट बीड्ज कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. रवि भूषण, रिटार्यड अतिरिक्त चुनाव आयुक्त एल नेगी, रिटायर्ड वित नियंत्रक जगदीप पंवर आदि मौजूद रहे।



हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति राज्य कार्यालय में समीक्षा बैठक करती हुई।

